RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 73
नई दिल्ली, सोमवार, 16 जनवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
www.dailypioneer.com



कोहली का शतक
भारत ने श्रीलंका को 317 रन से हराया
स्पोर्ट्स-12

# नेपाल में विमान हादसा, 68 की मौत

**तीसरी भीषण दुर्घटना, पांच भारतीयों समेत 72 लोग थे सवार, यति एयरलाइंस का था विमान, लैंडिंग के समय पोखरा में हुआ दुर्घटनाग्रस्त**

- हादसे का कारण अभी पता नहीं चल सका है, ज्यादातर शवों की पहचान भी मुश्किल
- चीनी कर्ज के तहत बनाया गया है नया हवाई अड्डा, दो हफ्ते पहले किया गया था उद्घाटन
- प्रधानमंत्री मोदी समेत कई नेताओं ने हादसे पर जताया शोक

**पीएनएस/एजेंसी।** काठमांडू/नई दिल्ली



नेपाल के पोखरा हवाईअड्डे के पास नदी घाटी में बिखरे दुर्घटनाग्रस्त विमान के अवशेष

**नेपाल** में पिछले 30 साल से ज्यादा समय में सबसे भीषण हादसे में एक यात्री विमान पोखरा हवाई अड्डे पर उतरते समय रविवार को नदी घाटी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे कम से कम 68 लोगों की मौत हो गई। विमान में पांच भारतीय नागरिकों समेत 72 लोग सवार थे।

नेपाल के नागर विमानन प्राधिकरण (सीएएएन) ने बताया कि यति एअरलाइन के 9एन-एएनसी एटीआर-72 विमान ने पूर्वाह्न 10 बजकर 33 मिनट पर काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी। पोखरा हवाई अड्डे पर उतरते वक्त विमान पुराने हवाई अड्डे और नए हवाई अड्डे के बीच सेती नदी के तट पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेपाल में हुए विमान हादसे पर दुख जताया। उन्होंने एक ट्वीट में कहा, नेपाल में दुखद विमान दुर्घटना से दुखी हूं, जिसमें भारतीय नागरिकों सहित कई बहुमूल्य जानें चली गईं।

दुख की इस घड़ी में मेरे विचार और प्रार्थनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। विमान में कुल 68 यात्री और चालक दल के चार सदस्य सवार थे। काठमांडू और पोखरा के बीच उड़ान का समय 25 मिनट है। सीएएएन की समन्वय समिति, खोज एवं बचाव के एक अधिकारी ने फोन पर समाचार एजेंसी को बताया, अभी तक दुर्घटनास्थल से 68 शव बरामद किए जा चुके हैं। जिला प्रशासन कार्यालय, कास्की के एक अधिकारी ने कहा कि शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए गंडकी अस्पताल ले जाया गया है। अधिकारी ने कहा कि ज्यादातर शव इतने क्षतिग्रस्त हो गए हैं कि उनकी शिनाख्त कर (शेष पेज 8)

## मृतकों में गाजीपुर के चार लोग

**लखनऊ।** नेपाल में हुए विमान हादसे में मारे गए कम से कम 68 लोगों में से चार उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के रहने वाले थे। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने रविवार को फोन पर बताया 'नेपाल में हुए विमान हादसे में गाजीपुर के रहने वाले सोनू जायसवाल, अनिल राजभर, अभिषेक कुशवाहा और विशाल शर्मा भी शामिल हैं। वे कासिमाबाद तहसील के विभिन्न गांवों के रहने वाले थे। उन्होंने बताया, मृतकों के परिवारों से संपर्क किया जा रहा है। हमारे उपजिलाधिकारी तथा अन्य अधिकारी उनसे मुलाकात कर रहे हैं।

## खराब रिकॉर्ड रहा है विमान दुर्घटनाओं का

**नई दिल्ली।** नेपाल का अचानक बदलते मौसम और दुर्गम स्थानों पर बनी हवाई पट्टियों के कारण विमान दुर्घटनाओं का बेहद खराब रिकॉर्ड रहा है। एविएशन सेफ्टी नेटवर्क के आंकड़ों के मुताबिक, रविवार की दुर्घटना नेपाल के इतिहास में तीसरी सबसे भीषण दुर्घटना थी। जुलाई और सितंबर 1992 में हुई दुर्घटनाओं में इससे भी ज्यादा लोग मारे गए थे। उन दुर्घटनाओं में थाई एयरवेज और पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस के विमान शामिल थे और क्रमश: 113 और 167 लोग मारे गए थे। देश में पिछली बड़ी विमान दुर्घटना पिछले साल 29 मई को हुई (शेष पेज 8)

## दो दशक पूर्व विमान सेवा शुरू की थी यति एयरलाइन ने

**नई दिल्ली।** नेपाल की यति एयरलाइन के पहले व्यावसायिक विमान ने दो दशक से अधिक समय पहले आसमान में पहली उड़ान भरी थी। मौजूदा समय में इस कंपनी के हवाई बेड़े में छह एटीआर विमान शामिल हैं। नेपाल के अलग-अलग क्षेत्रों को जोड़ने वाली यति एअरलाइन सिर्फ एटीआर 72-500 एस विमानों का संचालन करती है। कंपनी की वेबसाइट पर दी गई जानकारी के मुताबिक, दो प्रैट एंड व्हिटनी पीडब्ल्यू127 इंजन वाले प्रत्एक एटीआर 72-500 एस विमान में 70 यात्रियों के बैठने की व्यवस्था है। कंपनी ने सितंबर 1998 में (शेष पेज 8)

# बसपा नहीं करेगी किसी से गठजोड़ः मायावती



- पार्टी सुप्रीमो के ऐलान के बाद साफ हो गया कि 2023 में चार राज्यों में विस और 2024 के लोस चुनाव में पार्टी अकेले उतरेगी
- अपने जन्मदिन के मौके पर बसपा प्रमुख ने की बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बसपा** सुप्रीमो मायावती का जन्मदिन रविवार को पार्टी कार्यालय पर मनाया गया। इस मौके पर उन्होंने ईवीएम के बजाय बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग केन्द्र के साथ ही केन्द्रीय चुनाव आयोग से की। मायावती ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से देश में ईवीएम (इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन) के जरिये चुनाव कराने को भी लेकर यहाँ कि जनता में किस्म-किस्म की आंशकायें व्याप्त हैं।

जिन्हें दूर व खत्म करने के लिए बेहतर तो यही होगा कि अब यहाँ आगे सभी छोटे-बड़े चुनाव, पूर्व की तरह सीधे बैलेट पेपर से ही कराये जाय। पार्टी कार्यालय पर अपने जन्मदिन के मौके पर मेरे संघर्षमय जीवन एवं बीएसपी मूवमेन्ट का सफरनामा को जारी करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कांग्रेस-भाजपा-सपा को अपने निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि मैं यहां यह भी स्पष्ट कर देना चाहती हूँ कि इस वर्ष सन 2023 में कर्नाटक, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ सहित अन्य जिन भी राज्यों में विधानसभा के व अगले वर्ष देश में लोकसभा के लिए होने वाले आमचुनाव में भी हमारी पार्टी बीएसपी किसी भी पार्टी के साथ कोई भी गठबंधन करके यह चुनाव नहीं लड़ेगी बल्कि अकेले अपने बलबूते पर ही ये सभी चुनाव लड़ेगी। और आज पार्टी की यह नीतिगत घोषणा करना मेरे लिए इसीलिए भी जरूरी हो गया है क्योंकि खासकर कांग्रेस (शेष पेज 8)

# पर्वतीय इलाकों में महिलाओं को भी जकड़ रहा हाइपरटेंशन

- हिमाचल में दूरस्थ क्षेत्र लाहौल-स्पीती में बढ़ रहे मामले, ज्यादा मात्रा में नमक, तंबाकू उत्पादों का सेवन और कम शारीरिक गतिविधियां हैं कारण

**अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली

**हिमालय** की गोद में बसे हिमाचल प्रदेश के सुदूर लाहौल स्पीती घाटी की महिलाओं के लिए मोटापा, खाने में अधिक नमक और कम शारीरिक गतिविधियों के चलते मुश्किलें बढ़ रही हैं। यहां पर बहुत सी महिलाएं साइलेंट किलर माने जाने वाले उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन) की चपेट में हैं।

यह खुलासा अमृतसर के गुरु नानक देव विश्वविद्यालय की दो छात्राओं मनदीप कौर और कुलदीप कौर द्वारा लाहौल घाटी के पांच अत्यधिक आबादी वाले गांवों केलांग, उदयपुर, जिस्पा, सिस्सू और कोकसर में किए शोध में हुआ है। दोनों छात्राओं ने 230 महिलाओं के समूह का साक्षात्कार अगस्त से नवंबर 2021 के बीच किया। जवाब देने वाली महिलाओं की समस्याओं को बीएमआई, सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर (एसबीपी) और डायस्टोलिक ब्लड प्रेशर (डीबीपी) और जीवनशैली की विभिन्न श्रेणियों में बांटा गया।

वहीं वृद्ध महिलाओं में उच्च स्तर के एसबीपी और डीबीपी का खतरा देखने को मिला। शोध में कहा गया कि अधिकांश महिलाओं में बीएमआई का स्तर सामान्य श्रेणी (57.4 फीसदी) पाया गया वहीं अधिक वजन वाली महिलाओं में (19.5 फीसदी) और मोटापा (12.2 फीसदी) पाया गया। वहीं शोध में कुछ महिलाओं (10.9 फीसदी) में कम वजन पाया गया। एसबीपी के मामले में, महिलाओं की अधिकतम संख्या सामान्य एसबीपी (48.3 फीसदी) थी, 36.9 फीसदी हाइपरटेंशन से (शेष पेज 8)

# वंदे भारत आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ने का प्रतीकः मोदी

- प्रधानमंत्री ने मकर संक्रांति पर सिकंदराबाद से विशाखापत्तनम वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया
- कहा, यह ट्रेन दोनों राज्यों की साझा संस्कृति तथा विरासत को जोड़ेगी

**पायनियर समाचार सेवा।** हैदराबाद





**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को मकर संक्रांति के अवसर पर दो तेलुगु भाषी राज्यों-तेलंगाना और आंध्र प्रदेश को जोड़ने वाली सिकंदराबाद-विशाखापत्तनम वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और कहा कि नई रेलगाड़ियों की यह श्रृंखला गुलामी की मानसिकता से बाहर निकलकर आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ते भारत का प्रतीक है। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने पिछले आठ वर्षों में शुरू की गईं रेलवे की कई योजनाओं का उल्लेख करते हुए यह भी कहा कि ए परियोजनाएं अगले सात-आठ साल में भारतीय रेलवे का कायाकल्प करने जा रही हैं। उन्होंने सेना दिवस का भी जिक्र किया और कहा कि हर भारतीय को अपनी सेना पर गर्व है।

मोदी ने सैन्यकर्मियों और उनके परिवारों को बधाई देते हुए कहा, देश की रक्षा में भारतीय सेना का योगदान, भारतीय सेना का शौर्य अतुलनीय है। इस अवसर पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी, तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन और तेलंगाना सरकार के कई मंत्री सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पर मौजूद थे। इस नई ट्रेन की नियमित सेवा 16 जनवरी को शुरू होगी और टिकट बुकिंग शनिवार से शुरू हो गई है। विशाखापत्तनम-सिकंदराबाद एक्सप्रेस (20833) सुबह पांच बजकर 45 मिनट पर विशाखापत्तनम से रवाना होगी और दोपहर दो बजकर 15 मिनट पर सिकंदराबाद पहुंचेगी। सिकंदराबाद-विशाखापत्तनम ट्रेन (20834) अपराह्न तीन बजे सिकंदराबाद से रवाना होगी और रात 11 बजकर 30 मिनट पर विशाखापत्तनम पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं से राजमुंद्री, विजयवाड़ा, खम्मम और वारंगल में रुकेगी। वंदे भारत एक्सप्रेस पूरी तरह से भारत में निर्मित है और आधुनिक सुविधाओं से युक्त है।

यह यात्रियों को अपने गंतव्य पर जल्दी पहुंचाती है और इससे यात्रा करना एक सुखद अनुभव होता है। इस एक्सप्रेस में, स्वदेश में ही निर्मित कवच सुविधा भी है जो रेलगाड़ियों को टकराने से बचाती है। कुल 14 वातानुकूलित कुर्सी यान और दो एक्जीक्यूटिव वातानुकूलित कुर्सी यान डिब्बों से युक्त इस ट्रेन में 1,128 यात्रियों को (शेष पेज 8)

# विपक्षी दलों ने किया रिमोट वोटिंग मशीन का विरोध

- चुनाव आयोग की सोमवार को होने वाली बैठक से पहले जुटे 16 विपक्षी दल, तृणमूल, सपा व राकांपा नहीं पहुंचे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दूरदराज** रहने वाले लोगों के मतदान को आसान बनाने के लिए रिमोट वोटिंग मशीन (आरवीएम) प्रणाली लागू करने के चुनाव आयोग के प्रस्ताव का कांग्रेस समेत 16 विपक्षी दलों ने विरोध किया है।

चुनाव आयोग ने रिमोट वोटिंग मशीन प्रणाली पर विस्तृत चर्चा के लिए सोमवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। कांग्रेस के नेतृत्व में रविवार को जनता दल (यू), शिवसेना, नेशनल कांफ्रेंस, माकपा, झामुमो, राजद, पीडीपी सहित तमाम विपक्षी दलों की बैठक हुई। राकांपा, तृणमूल कांग्रेस और सपा बैठक में नहीं आए। हालांकि, कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने दावा किया कि दोनों दलों का रुख भी वही है, जो अन्य 16 विपक्षी दलों का है। निर्दलीय सांसद कपिल सिब्बल भी बैठक में शामिल हुए। रिमोट वोटिंग मशीन के प्रस्ताव का सर्वसम्मति से विरोध करते हुए विपक्षी पार्टियों ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा लाया गया प्रस्ताव ठोस नहीं है।

इसमें बड़ी राजनीतिक विसंगतियां और समस्याएं हैं। प्रवासी श्रमिकों की परिभाषा और प्रवासी श्रमिकों की संख्या बहुत स्पष्ट नहीं हैं। बैठक के बाद दिग्विजय सिंह ने कहा कि हमने सर्वसम्मति से आरवीएम के प्रस्ताव का विरोध करने का निर्णय लिया है। यह बैठक कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में ही हुई। उन्होंने कहा कि हम उन सभी राजनीतिक दलों के बेहद आभारी हैं, जिन्होंने रिमोट वोटिंग मशीन पर चुनाव आयोग के प्रस्ताव पर चर्चा करने के लिए हमारे साथ आए। उन्होंने कहा कि हमें 31 जनवरी तक अपना जवाब (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,261 | |
| निफ्टी | 17,956 | |
| सोना | 56,236 | /10g |
| चांदी | 68,729 | /kg |

## क्विक न्यूज

### राहुल संग यात्रा में शामिल हुए मूसेवाला के पिता

**जालंधर।** गायक सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकार सिंह रविवार को राहुल गांधी के साथ कुछ समय के लिए भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए। आज खालसा कॉलेज मैदान से यात्रा फिर शुरू हुई। इससे पहले सांसद संतोख सिंह चौधरी के निधन के कारण यात्रा को 24 के घंटे के लिए रोक दिया गया था। शुभदीप सिंह सिद्ध, जो सिद्धू मूसेवाला के नाम से लोकप्रिय थे, पिछले साल पंजाब के मानसा जिले में उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मूसेवाला ने कांग्रेस के टिकट पर 2022 विधानसभा चुनाव किस्मत आजमाई थी लेकिन हार गए थे। बलकार सिंह अपने बेटे के हत्यारों को सख्त सजा दिए जाने की मांग कर रहे हैं। हत्या के अधिकांश आरोपियों को पंजाब पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है।

# भविष्य के लिए तैयार रहे सेनाः राजनाथ

- रक्षा मंत्री ने रूस और यूक्रेन संघर्ष से सबक लेने को कहा

**पायनियर समाचार सेवा।** बेंगलुरु



**रक्षामंत्री** राजनाथ सिंह ने रविवार को रूस-यूक्रेन संघर्ष से सबक लिए जाने का जिक्र करते हुए सेना से भविष्य के लिए तैयार रहने को कहा। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की प्रतिष्ठा में काफी वृद्धि हुई है और यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा यूक्रेन से भारतीय छात्रों की सुरक्षित निकासी सुनिश्चित करने में प्रकट हुआ जब संबंधित देशों के नेताओं से बातचीत के बाद कुछ समय के लिए युद्ध को रोक दिया गया था।


सेना सेवा कोर (एएससी), बेंगलुरु में 75वें भारतीय सेना दिवस कार्यक्रम में उन्होंने सशस्त्र बलों से आह्वान किया कि वे अपनी क्षमताओं को बढ़ाएं और आने वाले दिनों में सभी प्रमुख सशस्त्र बल अपने सुरक्षा तंत्र को मजबूत करेंगे। रक्षामंत्री ने कहा कि पहले जब भारत बोलता था तो कोई उसे गंभीरता से नहीं लेता था, लेकिन अब जब हम कहते हैं, दुनिया हमें ध्यान से सुनती है।

राष्ट्रीय राजधानी के बाहर पहली बार आयोजित सेना दिवस कार्यक्रम में सिंह ने कहा, इसका एक उदाहरण रूस और यूक्रेन युद्ध के दौरान फंसे भारतीय छात्रों को बाहर निकालने का है। छात्रों को सुरक्षित घर वापस लाने के लिए आवाज उठाई गई। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति (वोलोदिमीर) जेलेंस्की, रूसी राष्ट्रपति (व्लादिमीर) पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से बात की तथा युद्ध को कुछ घंटों के लिए रोक दिया गया, इस दौरान छात्रों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

# पहाड़ों से आ रही बर्फ घुली हवा, छूटी कंपकंपी

- दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत में चार से सात डिग्री तक नीचे आया तापमान
- अभी दो से तीन डिग्री और गिरेगा पारा, 19 तक चलेगी शीतलहर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



मनाली में हुए हिमपात के बीच सुहाने मौसम का आनंद लेते पर्यटक

**पहाड़ों** से आ रही बर्फ से घुली हवा ने उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में ठंड फिर बढ़ा दी है। एक ही दिन में तापमान 4 से 7 डिग्री सेल्यिस नीचे आ गया है। हालांकि, रविवार को धूप खिली, लेकिन तेज हवा से कंपकंपी छूट गई। बृहस्पतिवार से शुरू होने वाले पश्चिमी विक्षोभ के कारण ठंड से कुछ राहत मिलने के आसार हैं, लेकिन उससे पहले तापमान दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक और गिरेगा।

उत्तर-पश्चिम भारत में राजस्थान के सीकर जिले का फतेहपुर सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान शून्य से 4.7 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। वहीं, पंजाब के फरीदकोट में न्यूनतम तापमान शून्य से एक डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। मौसम विभाग का कहना है कि पंजाब, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली और पश्चिमी मध्य प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में रविवार को शीतलहर चलने से सर्दी बहुत ज्यादा बढ़ गई है। एक दिन पहले जो न्यूनतम तापमान 11 डिग्री के आसपास पहुंच गया था, रविवार को वह उत्तर भारत के विभिन्न इलाकों में 3 से 5 तक दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, राजस्थान के उत्तर-पश्चिम और दक्षिण-पूर्व के ज्यादातर हिस्सों में न्यूनतम तापमान एक से तीन डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया।

वहीं पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और दक्षिण-पश्चिम उत्तर प्रदेश में न्यूनतम तापतान तीन से पांच डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज रहा। दिल्ली के प्राथमिक मौसम केन्द्र सफदरजंग वेधशाला के अनुसार, तापमान में 4.7 डिग्री सेल्सियस (शेष पेज 8)

## वर्ष 2025 तक पूरा देश डॉपलर मौसम रडार के दायरे में होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** मंत्री जितेंद्र सिंह ने रविवार को कहा कि 2025 तक पूरा देश डॉपलर मौसम रडार नेटवर्क के दायरे में आ जाएगा। इससे देश की मौसम निगरानी क्षमता बहुत अधिक बढ़ जाएगी। उन्होंने कहा कि खराब मौसम के संबंध में मौसम विभाग के पूर्वानुमान की सटीकता में पिछले आठ से नौ वर्षों में लगभग 40 प्रतिशत सुधार हुआ है। सिंह ने भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के 148वें स्थापना दिवस को संबोधित करते हुए कहा (शेष पेज 8)

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 16 जनवरी , 2023



# आटो एक्सपो: चमचमाती कारों देख उत्साहित हुए दर्शक

## रविवार को करीब एक लाख लोग एक्सपो देखने पहुंचे, युवाओं ने लग्जरी कारों के साथ ली सेल्फी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर चल रहा आटो एक्सपो, 2023 शबाब पर पहुंच गया है। पूरे शहर में आटो एक्सपो का नशा छाया है। अन्य दिनों के मुकाबले रविवार को एक्सपो लोगों का भारी हुजूम उमड़ा। एक लाख से अधिक दर्शक मोटरसाइकिल व कारों को देखने पहुंचे।

इस दौरान फैशन व ग्लैमर का तड़का भी दिखा। चमचामती कार व मोटरसाइकिल युवाओं का ध्यान अपनी तरफ खिंचने में कामयाब रही। मारूति सुजुकी की जिमनी, टोयटा की नई इनोवा, लैक्सस की कांसेप्ट एलएफ30, टाटा की अविन्य, किआ की ईवी-9 और के-4ए हुंडई की आयोनिक-6, प्रवेग कंपनी की वीर, स्विच की डबल डेकर बस दर्शकों के विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। देश में पहली बार आई चीन की कंपनी बीवाईडी की कारों की झलक पाने के लिए भी दर्शक बेताब दिखे।

रिवाल्ट की कांसेप्ट बाइक, एमटी, की ई-3 बाइक, वार्डविजार्ड ज्वाय ई बाइक व मैटर की इलेक्ट्रिक बाइक के चलते भी दर्शकों में रोमांच सिर चढ़कर बोल रहा था। आटो एक्सपो में दिल्ली से आई शालिनी, रूबी, पुलकित, गुरुग्राम से आए नवीन, अनिनाश व विवेक ने कहा कि उन्हें कारों की तकनीकी की अधिक जानकारी नहीं है, लेकिन चमचमाती कारों को देखकर अच्छा लगा। कई बार स्टाल के अंदर अधिक भीड़ होने से दर्शकों का प्रवेश थोड़ी.थोड़ी देर के लिए रोकना पड़ा। हर कोई कार व बाइक के नजदीक जाकर सेल्फी लेना चाहता था। कारों के साथ खड़ी देशी.विदेशी माडल के साथ फोटो खिंचवाने के लिए भी दर्शकों में दिवानगी दिखी।

हालांकि, शनिवार को भारी भीड़ की वजह से कई दर्शकों की सेल्फी और कारों में बैठकर फोटो खिंचवाने की हसरत पूरी नहीं हो सकी। आटो एक्सपो के पहले दिन फिल्म स्टार शाहरूख खान आए थे, पर उस दिन आम दर्शकों का प्रवेश आटो एक्सपो में नहीं था।

शनिवार को फिल्मी सितारों के आने की संभावना थी। दर्शक उनकी झलक देखने के लिए आतुर थे, लेकिन उन्हें निराशा हाथ लगी। दर्शकों के प्रवेश के सभी द्वारों से खोल दिया गया था। इसके बावजूद गेट नंबर दो, तीन व चार पर दर्शकों की एक्सपो सेंटर में प्रवेश करने से पहले लंबी कतार लग गई। गेट नंबर एक, पांच, छह व नौ पर स्थिति सामान्य रही। टिकट काउंटर कम होने से दर्शकों को सिर्फ गेट नंबर दो पर लगे काउंटरों पर टिकट खरीदने के लिए जूझना पड़ा। शनिवार को 475 रुपये में टिकट मिला। रविवार को भी इतने का ही टिकट मिला।

शेष तीन दिन 350 रुपये का टिकट मिलेगा। पुलिस ने यातायात सुचारू रखने को बेहतर प्रबंधन किए थे। नोएडा में डीएनडी से एक्सप्रेस.वे, गलगोटिया अंडरपास व एक्सपो सेंटर तक हर जगह पुलिस कर्मी मुस्तैद थे। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह व अन्य आला अधिकारी सड़कों पर राउंड लगाकर जायजा लेते रहे, पर वाहनों के दबाव से परी चौक, तुगलपुर चौराहा, गलगोटिया अंडरपास से लेकर एक्सपो सेंटर चौराहे तक यातायात जाम रहा। पार्किंग स्थल तक वाहन धीमी गति से चलते रहे।

# युवती पर किशोर को भगा ले जाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

- नाबालिक के पिता ने दर्ज कराई थी शिकायत

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

खोड़ा थाना क्षेत्र से 14 वर्षीय किशोर लापता हो गया है। उसके पिता ने 22 साल की युवती पर उसे बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। युवती के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। खोड़ा थाना क्षेत्र से बुधवार की शाम 14 साल का किशोर लापता हो गया। उसके पिता का आरोप है कि पड़ोस में रहने वाली 22 साल की युवती बेटे से प्यार करती है। वह उससे शादी करना चाहती है। उससे जबरदस्ती रिश्ता बनाना चाहती है।

वही बेटे को बहला-फुसलाकर भगा ले गई है। इसके पहले भी दो बार वह बेटे को भगाकर ले गई थी। अब तीसरी बार बेटे को लेकर गई है। उन्होंने युवती के माता.पिता से इसकी शिकायत की है तो उन्हें मारने की धमकी मिली है। इससे वह बहुत परेशान हैं। उन्होंने इसकी खोड़ा थाने में शिकायत दी है। पुलिस ने शुक्रवार को युवती के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है। उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। किशोर के पिता के अनुसार, उनकी व युवती की जाति अलग.अलग है। उनका बेटा भी युवती से आठ साल छोटा और नाबालिग है। वह उसकी शादी युवती से कैसे करा दें। उन्होंने कहा कि बेटी के उम्र संबंधित दस्तावेज पैन कार्ड, आधार कार्ड, शैक्षणिक प्रमाण पत्र पुलिस को दिए हैं।

इंदिरापुरम कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने अनजान फोन काल और संदेशों से परेशान होकर पुलिस के मामले की शिकायत की है। महिला का आरोप है कि दो-तीन दिन से उनके मोबाइल पर अनजान नंबरों से काल, वाट्सएप काल व संदेश और वीडियो काल आ रही हैं।

# एयर इंडिया में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, 6 गिरफ्तार

- नोएडा में फर्जी कॉल सेंटर के नाम पर चलाते थे गोरखधंधा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



साइबर सेल ने जॉब और ऑफर के नाम पर ठगी करने वाले छह जालसाजों को गिरफ्तार किया है।

आरोपित बदरपुर बार्डर एक बिल्डिंग में कॉल सेंटर चला रहे थे। इनके पास से ठगी में प्रयुक्त 19 मोबाइल, 42 हजार रुपये, एयर इंडिया के नियुक्ति.पत्र व एक कार मिली है। एडीसीपी क्राइम ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में मथुरा के राजू व सत्यपाल, दिल्ली के महेश कुमार व फरीदाबाद के नागेंद्र और दिल्ली के शिवम व अनुज हैं।

आरोपितों ने पिछले दिनों कवि नगर क्षेत्र में रहने वाले एक छात्र को फ्री लैपटाप देने के नाम पर 14 लाख रुपये की ठगी की थी। पुलिस ने इस मामले की छानबीन की तो कुछ मोबाइल नंबर की लोकेशन के आधार पर पुलिस ठगों के कॉल सेंटर तक पहुंची। गिरफ्तार आरोपितों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वे कई अलग-अलग तरह से ठगी करते थे। इसके लिए आनलाइन शापिंग ऑफर देते मैसेज भेजते थे। इन प्रलोभन के साथ अपना नंबर भी देते थे जिस पर कॉल करने के बाद कई तरह के झांसे देकर ठगी की जाती थी।


इसके अलावा आरोपित एयर इंडिया समेत तमाम कंपनियों में नौकरी दिलाने के नाम पर भी लोगों को अपने जाल में फंसाते थे। सभी आरोपितों के रोल अलग-अलग थे, लेकिन काम एक ही था। एक आफर देता था, दूसरा उस आफर के लिए छोटी सी रकम शुल्क के रूप में मांगता है।

तीसरा तकनीकी खामी बताकर मोटी रकम मांगता और इसके न देने पर पहले दि गए पैसे डूबने की बात कहता। ठगी के बाद रिफिंड के लिए फोन आता और फिर पैसे लौटाने के नाम पर भी ठगी की जाती।

# पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर की पति की हत्या, सेफ्टी टैंक में दबाया शव

- पुलिस को गुमराह करने के लिए आरोपी महिला ने देवर के खिलाफ दर्ज कराई थी रिपोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



अवैध संबंधों के कारण एक महिला ने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी और उसके शव को एक निर्माणाधीन मकान के बाथरूम के नीचे दबा कर ऊपर से प्लास्टर करवा दिया। पुलिस ने रविवार को इसकी जानकारी दी।

पुलिस उपायुक्त (जोन द्वितीय) राम बदन सिंह ने बताया कि बिसरख थाना क्षेत्र में स्थित सरस्वती कुंज के रहने वाले सतीशपाल दो जनवरी से अपने घर से लापता थे और उनके भाई ने आठ जनवरी को गुमशुदगी दर्ज कराई और अपनी भाभी को नामजद बनाया। सिंह ने बताया कि आठ जनवरी को ही सतीश पाल की पत्नी नीतू ने भी गुमशुदगी दर्ज कराई और अपने देवर को नामजद किया।

उन्होंने बताया कि मामले की जांच कर रही बिसरख थाना पुलिस ने सर्विलांस की मदद से पता लगाया कि नीतू का हरपाल नामक राजमिस्त्री से अवैध संबंध है।

उन्होंने बताया कि हरपाल को हिरासत में लेकर जब पूछताछ की गई तो उसने बताया कि दो जनवरी की रात नीतू ने सतीशपाल को नींद की गोली दे दी थी।

सिंह ने कहा, हरपाल ने बताया कि दो जनवरी की रात को ही उसने नीतू के साथ मिलकर सतीशपाल की हत्या कर दी और अपने दोस्त गौरव की मदद से शव को एक निर्माणाधीन मकान के बाथरूम के नीचे गाड़ दिया तथा ऊपर से प्लास्टर कर टाइल लगा दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने निशानदेही पर सतीशपाल का शव बरामद कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सिंह ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में नीतू और हरपाल को गिरफ्तार कर दोनों को स्थानीय अदालत में पेश किया। अदालत ने दोनों को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने इस सिलसिले में जांच कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार



प्रत्यक्ष मेडिकल मल्टी स्पेशयलिटी क्लीनिक का उद्घाटन के मौके अनिल।

### विशेषज्ञ सुविधाओं से लैस स्वास्थ्य सेवा आपके द्वार

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के इंदिरापुरम के नीति खंड-1 में रविवार को प्रत्यक्ष मेडिकल मल्टी स्पेशयलिटी क्लीनिक का शुभारंभ नवीन अस्पताल समूह के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. अनिल तोमर ने किया। इस क्लीनिक के बारे में डॉ. ख्याति शर्मा ने बताया कि हमारा उद्देश्य जनसेवा के साथ चिकित्सा आप के द्वार तक ले जाना है। इसे साकार करने का प्रयास प्रत्यक्ष मेडिकल मल्टी स्पेशयलिटी के योग्य चिकित्सकों और चिकित्साकर्मियों द्वारा किया जाएगा। इसकी शुरूआत इंदिरापुरम से की जा रही है। डॉ. ख्याति ने बताया कि मल्टी स्पेशियलटी क्लीनिक की टीम आवश्यकता के अनुसार मरीज के घर पर फिजियोथेरेपी, होम केयर सर्विस, चिकित्सकों से परामर्श आदि की सुविधा शामिल है। इस अवसर डॉ. वंदना गोयल, डॉ. हर्षा विज, डॉ. प्रखर गर्ग, डॉ. सुमित त्यागी, डॉ. श्रद्धा, डॉ. रिया गोयल आदि मौजूद थे।

### संक्रांति के पर्व पर मरीजों को 'हॉलस्टिक'उपहार

गाजियाबाद। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर रविवार को इंदिरापुरम के लोगों को हॉलस्टिक क्लीनिक का स्वास्थ्य का बेहतर उपहार मिला है। क्लिनिक का शुभारंभ ओपी शर्मा और निशा शर्मा ने किया। इंदिरापुरम के नीति खंड 2 में हॉलस्टिक क्लीनिक में हड्डी रोग और महिला व प्रसूति रोग का इलाज डॉ. आशीष शर्मा और डॉ. हर्षा राजपाल के निर्देशन में होगा। डॉ. हर्षा के अनुसार आईवीएफ निसंतान दंपतियों के लिए आशा की किरण है। जो अब यह तकनीक महंगी नहीं बल्कि सभी के लिए उचित मूल्य पर उपलब्ध है। शुभारंभ के अवसर पर डॉ. अनिल तोमर, डॉ. कपिल सिंघल, डॉ. नेहा यादव, डॉ. तृप्ति, डॉ. मानवी और डॉ. खुशबू शर्मा मौजूद थीं।

### गाजियाबाद से लापता 4 बच्चे पुरानी दिल्ली से मिले

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद से चार बच्चे लापता हो गए। पुलिस ने दो दिन बाद बच्चों को दिल्ली से खोज निकाला। पता चला कि वे लाल किला और इंडिया गेट घूमने के लिए चले गए थे। पुलिस ने चारों बच्चों को उनकी फैमिली के सुपुर्द कर दिया। क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र के सिद्धार्थ विहार बागू से 12 जनवरी को 4 बच्चे एक साथ लापता हो गए। सभी बच्चों की उम्र 8 से 12 साल के बीच है। पहले तो परिजनों ने अपने स्तर से खोजबीन की। जब उनका कुछ पता नहीं चला तो पुलिस को सूचना दी। एक साथ 4 बच्चे लापता होने की बात से पुलिस में हड़कंप मच गया। पुलिस ने तत्काल अपहरण का केस दर्ज करते हुए बच्चों की तलाश प्रारंभ कर दी।

### दूध देने आए युवक ने किया दुष्कर्म का प्रयास

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित एक सोसायटी में रहने वाली युवती के फ्लैट में घुसकर दुधिया ने दुष्कर्म करने का प्रयास किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महावड़ गांव के रहने वाले दुधिया राजीव उर्फ राजा को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित पिछले छह महीने से युवती के यहां दूध लेकर आता था। आरोप है कि दुष्कर्म का प्रयास करने के दौरान आरोपित ने पीड़िता को मोबाइल पर अश्लील वीडियो दिखाने का प्रयास किया। दर्ज कराई गई रिपोर्ट में पीड़ित युवती ने कहा है कि शनिवार को उसके फ्लैट पर राजीव दूध लेकर आया, जैसे ही उसने दरवाजा खोला आरोपित जबरन फ्लैट में घुसकर सोफे पर बैठ गया। वह अश्लीलता की बात करने लगा। कुछ देर बाद आरोपित ने हद पार कर दी और जबरदस्ती करने की कोशिश की।

# गाजियाबाद में दो स्टंटबाज गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद पुलिस ने रोड पर स्टंटबाजी करने वालों पर एक्शन लिया है। दो युवकों गिरफ्तार करते हुए उनकी कार सीज की है। साथ ही इसका 7500 रुपए का चालान काटा है 12 जनवरी को एलिवेटेड रोड पर खड़ी एक कार का वीडियो वायरल हुआ था। इसमें दो लड़के कार के आगे खड़े हुए हैं और एलिवेटेड रोड को पार्टी हॉल बता रहे थे।

वीडियो बनाकर वे ये बताने चाह रहे थे कि ये एलिवेटेड रोड है और गाजियाबाद की सारी पार्टियां इसी रोड पर होती हैं। पुलिस ने कार नंबर के आधार पर आरोपियों की पहचान कर ली। रविवार को पुलिस ने इस मामले में अर्जुन त्यागी निवासी शालीमार गार्डन और गुरुसेवक सिंह निवासी राजसेवक हाइट्स सोसाइटी को गिरफ्तार कर लिया। गाड़ी भी सीज कर दी गई है। दोनों के विरुद्ध पुलिस ने धारा 269 और 341 में कारवाई की गई है। आपको बता दें कि गाजियाबाद में एलिवेटेड रोड पर गाड़ी खड़ी करना, वीडियो बनाना, किसी भी तरह की पार्टी करना कानूनन अपराध है। पुलिस ने साफ तौर पर कह रखा है की ऐसा करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। इसके बावजूद स्टंटबाज नहीं मानते।




डीसीपी नोएडा द्वारा मय फोर्स के थाना सेक्टर-39 क्षेत्र अंतर्गत सेक्टर-37 बोटैनिकल गार्डन पर औचक निरीक्षण किया गया। अपराध की रोकथाम शान्ति/कानून-व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चेकिंग की गई और संबंधित पुलिसक कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### गौतमबुद्ध नगर में नष्ट कराई 6 लाख की शराब

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर में न्यायालय के आदेश के बाद अवैध शराब को लगातार नष्ट किया जा रहा है। इसी के तहत बीटा-2 पुलिस के ने रविवार को करीब 6 लाख 20 हजार रुपए की शराब को नष्ट किया।

पुलिस के द्वारा अवैध शराब के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया था। इस दौरान बड़ी मात्रा में शराब बरामद की गई थी। यह शराब लंबे समय से थानों के मालखानों में रखी हुई थी, जिसे न्यायालय ने नियम के तहत नष्ट करने का आदेश दिया था। माल खाने में रखी हुई मुकदमों की करीब 1200 लीटर शराब को नष्ट करने की प्रक्रिया शुरू की।

# सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते 115 को पकड़ा

- पुलिस ने दी चेतावनी- अगर दोबारा पकड़े गए तो जाएंगे जेल

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

सर्दी के सितम में गले को तर और जिस्म को गरम करने के लिए सूरज ढलते ही शहर में जगह.जगह लोग अपना.अपना मयखाना खोल लेते हैं।

मयखानों की बढ़ती संख्या और लोगों को इन शराबियों से होने वाली परेशानियों और अपराध पर रोकथाम के लिए पुलिस ने अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई करते हुए कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के सभी थाना क्षेत्र में 115 लोगों पर मुचलका पाबंद की कार्रवाई की है। यदि आरोपित दोबारा सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते हुए पकड़े जाएंगे तो उन्हें जेल की हवा खानी पड़ेगी। थाने में बैठे लोगों को पुलिस ने शहर व ग्रामीण क्षेत्र में जगह.जगह सार्वजनिक स्थान पर ही बोतल खोल कर पैग लगते हुए पकड़ा है। कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के सभी थाना क्षेत्रों में इसके लिये विशेष अभियान चलाया गया। 115 लोगों हिरासत में लेने के बाद मुचलका पाबंद की कार्रवाई की गई गई है। असामाजिक तत्वों की शिकायत लोगों के द्वारा लगातार पुलिस को मिल रही थी। आरोप है कि शराबी नशे में गालियां देते हुए शोर-शराबा करते हैं। कई बार महिलाओं के साथ छेड़छाड़ भी करते हैं।

इस कारण आसपास से गुजरने वाले लोगों को असहज स्थिति का सामना करना पड़ता है। कई बार मारपीट की घटनाएं भी हो चुकी हैं।

शराब पीने के बाद सार्वजनिक स्थान पर गंदगी फैलाने के साथ ही बोतल भी फोड़ देते हैं। इस पर सभी थानों को अभियान चलाने के निर्देश दिये गए थे। शनिवार शाम को पुलिस ने अभियान चलाया।

# कंटेनर से 45 लाख की शराब बरामद, चालक गिरफ्तार

- चंडीगढ़ से अरुणाचल प्रदेश ले जाई जा रही थी खेप

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

आबकारी विभाग और सेक्टर 63 पुलिस ने साथ में कार्रवाई करते हुए शराब से भरा एक कंटेनर पकड़ा है। इस कंटेनर में सात हजार लीटर शराब ले जाई जा रही थी, जिसकी कीमत तकरीबन 45 लाख रुपए बताई जा रही है।

बताया जा रहा है कि यह शराब चंडीगढ़ से अरुणाचल प्रदेश ले जाई जा रही थी। इस शराब को बिना बिल और फर्जी बिल के बाद तय जगह पर भेजा जाता था। साथ ही शराब की खेप को भेजते वक्त बिल पर वाहन का नंबर भी नहीं दर्ज किया जाता है। नोएडा पुलिस ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि आबकारी और सेक्टर 63 कोतवाली पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए शराब से भरा कंटेनर पकड़ा है, जिससे 750 पेटियां बरामद की हैं और कंटेनर चालक सतपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया है, जिसकी पहचान पंजाब निवासी के रूप में की गई है। वहीं, इस मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी और मामले की तफ्तीश की जा रही है।

वहीं, एक अन्य मामले में कार्यवाही करते हुए फेज वन कोतवाली पुलिस ने शनिवार को दो शातिर चोरों को चोरी के लैपटाप, मोबाइल और चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों की पहचान बलिया के नरहई के संतोष कुमार चौरसिया और गाजियाबाद के खोड़ा के ब्रजेश कुमार के रूप में हुई है। आरोपितों ने बताया कि लैपटाप और मोबाइल उन्होंने कुछ दिन पहले ही कोतवाली क्षेत्र से चोरी की है। घटना के दौरान विरोध करने पर लोगों को डराने के लिए शातिर अपने पास चाकू भी रखते थे। नोएडा के अलावा एनसीआर के अन्य शहरों में दोनों आरोपित मोबाइल और लैपटाप चोरी की कई घटनाएं कर रहे हैं।



# नोएडा में 15 सालों के लिए तैयार होगा सेफ्टी प्लान

- अंडरपास और एलिवेटड के साथ मेट्रो योजनाओं पर किया जाएगा फोकस

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा में अगले 15 वर्ष की आवश्यकताओं को देखते हुए सिटी मोबिलिटी प्लान एंड सेफ्टी प्लान तैयार किया जाएगा।

इसके लिए एजेंसी चयन की प्रक्रिया नोएडा प्राधिकरण कार्यालय में शुरू हो गई है। नोएडा ट्रैफिक सेल की ओर से इसका प्रस्ताव बनाकर मुख्य कार्यपालक अधिकारी के पास भेजा गया है। जिसमें शहर में बढ़ते यातायात को दुरुस्त करने, बढ़ती आबादी के हिसाब से सुरक्षा व्यवस्था। सड़क, फ्लाईओवर को शामिल किया गया है। मास्टर प्लान 2031 के अनुसार शहर की आबादी करीब 21 लाख के आसपास होगी।


रोजाना करीब 10 लाख से ज्यादा ट्रांसपोर्ट दिल्ली व अन्य शहरों से नोएडा मे आता है। आगामी 15 सालों में इसमें लगातार इजाफा होगा। इसके लिए इसके सिटी मोबिलिटी प्लान तैयार किया जाएगा। शहर में मोबिलिटी के लिए एक प्लान 2012 में तैयार किया गया था। जिसके अनुसार ही नोएडा में अंडरपास और एलिवेटड का निर्माण किया जा रहा है। जो प्लान बनाया गया था उसके अनुसार अब तक शहर में कंसल्टेंट कंपनी कई विषयों पर कम करेगी। इनमें सिटी डेवलपमेंट के लिए प्लान तैयार करना और उसकी स्ट्रैटजी तैयार करना होगा। वहीं पुलिस स्टेशन को मिलाते हुए रोड सेफ्टी प्लान बनाया जाएगा। साथ ही मेजर रोड में मार्किंग और साइनेज प्लानहितधारकों के साथ मिलकर प्लानिंग होगी।

### इन अंडरपास का संचालन

1. मॉडल टाउन अंडरपास
2. सेक्टर.71 अंडरपास
3. कोंडली अंडरपास
4. एडोब अंडरपास
5. सिटी सेंटर अंडरपास
6. रजनीगंधा अंडरपास
7. सेक्टर-18 अंडरपास
8. निर्माणाधीन अंडरपास
9. सेक्टर.96 अंडरपास

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# कार्यकारिणी बैठक से पहले भाजपा का रोड शो, प्रधानमंत्री होंगे शामिल



● मध्य दिल्ली में लग सकता है जाम, पुलिस ने कई सड़कों से बचने की दी सलाह



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की दो दिवसीय बैठक सोमवार से शुरू हो रही है। इससे पहले सोमवार को भाजपा दोपहर तीन बजे से पांच बजे तक रोड शो करेगी।

इसका आयोजन गुजरात विधानसभा चुनाव में मिली अभूतपूर्व जीत को लेकर प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय कार्यकारिणी का विशेष तौर पर स्वागत करने के लिए किया जा रहा है। इस रोड शो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे।

साथ ही कई राज्यों के मुख्यमंत्री, बड़ी संख्या में पार्टी के नेता और कार्यकर्ता भी रहेंगे। इसे ध्यान में रखते हुए यातायात पुलिस ने व्यापक इंतजाम किए हैं। इसके चलते संसद मार्ग के आसपास कुछ रास्तों को दोपहर ढ़ाई बजे से बंद कर दिया जाएगा, जबकि कुछ जगहों पर यातायात दूसरे रास्तों पर मोड़ दिया जाएगा, ताकि सड़कों पर लंबा जाम न लगे। पुलिस ने लोगों की मध्य दिल्ली की कई सड़कों से बचने की सलाह भी दी है। इस बार भाजपा कार्यकारिणी की बैठक बेहद खास और महत्वपूर्ण होने वाली है क्योंकि वर्ष 2023 में 9 राज्यों में विभानसभा चुनाव है। इसके मद्देनजर बैठक के अंदर कई बड़े और महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा सकते हैं।

यातायात परामर्श के मुताबिक, अशोका रोड (विंडसर प्लेस से जीपीओ, दोनों मार्ग), जय सिंह रोड, संसद मार्ग, टॉलस्टॉय रोड (जनपथ से संसद मार्ग), रफी मार्ग (रेल भवन चौराहे से संसद मार्ग), जंतर मंतर रोड, इम्तियाज खान मार्ग और बंगला साहिब लेन दोपहर ढाई बजे से शाम पांच बजे तक बंद रहेगी।

रोड शो के दौरान बाबा खड़क सिंह रोड, आउटर सर्किल कनॉट प्लेस, पार्क स्ट्रीटा शंकर रोड, मिंटो रोड, मंदिर मार्ग, बाराखंभा रोड, पंचकुइयां रोड, रायसीना रोड, टॉल्सटॉय रोड, जनपथ, फिरोजशाह रोड, रफी मार्ग (सुनहरी मस्जिद से रेल भवन), रानी झांसी रोड, डीबीजी रोड, चेम्सफोर्ड रोड, भाई वीर सिंह मार्ग, डीडीयू मार्ग, रणजीत सिंह फ्लाईओवर, तालकटोरा रोड और पंडित पंत मार्ग पर यातायात प्रभावित रहेगा।

गोल डाक खाना, गुरुद्वारा रकाब गंज, विंडसर गोल चक्कर, रेल भवन, आउटर कनॉट सर्कल-संसद मार्ग जंक्शन, रायसीना रोड-जंतर मंतर रोड जंक्शन, जनपथाटॉलस्टॉय रोड जंक्शन और टॉलस्टॉय रोड-कस्तूरबा गांधी मार्ग पर यातायात मार्ग में बदलाव किया जाएगा। यातायात पुलिस ने लोगों को इन सड़कों और इलाकों में यात्रा से बचने की सलाह दी है। यातायात परमार्श में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन, अंतरराज्ईय बस अड्डा और इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा जाने वाले यात्रियों को जाम की संभावना को देखते हुए पर्याप्त समय लेकर निकलने का सुझाव दिया गया है।

यातायात पुलिस ने सड़कों पर जाम से बचने के लिए लोगों से सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करने और निजी वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा करने की अपील की है। यातायात परामर्श में कहा गया है, सड़क किनारे वाहन खड़ा करने से बचें, क्योंकि इससे सामान्य यातायात प्रवाह बाधित होता है। अगर कोई असामान्य, अज्ञात वस्तु या व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में देखा जाता है, तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी जानी चाहिए।

# विधानसभा में गूंजेगा निगम हंगामे का मुद्दा

● सरकार व एलजी के बीच टकराव व नगर निगम में रस्साकशी के बीच तीन दिवसीय विशेष सत्र आज से



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

विधानसभा का तीन दिवसीय विशेष सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है। सत्र का पहला दिन हंगामेदार होने के आसार है। गत छह जनवरी को निगम सदन में दस नामित पार्षदों को लेकर हुए जबरदस्त हंगामे के लिए भाजपा और आमदी पार्टी ने एक दूसरे को घेरने की रणनीति बनाई है।

साथ ही सत्ता पक्ष के सदस्य उपराज्यपाल व दिल्ली सरकार के बीच अधिकारों को लेकर टकरार पर एलजी पर हमला बोल सकते हैं।

वहीं विपक्ष का आरोप है कि सरकार ने सदन में विधायकों से प्रश्न पूछने का अधिकार छीन लिया। इसके बावजूद भजपा विधायक दिल्ली वालों की समस्याओं को उठाएंगे।

भाजपा विधायकों ने आरोप लगाया है कि केजरीवाल सरकार तानाशाही और असंवैधानिक तरीके से काम कर रही है। विधानसभा का 16 जनवरी से तीन दिन का अधिवेशन बुलाया जा रहा है जो पूरी तरह गैरकानूनी है। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि केजरीवाल सरकार जनता के सवालों का जवाब देने से भाग रही है।

इसीलिए वह विधानसभा सत्र में प्रश्नकाल को ही खत्म कर रही है। पूरे देश में किसी भी विधानसभा में ऐसा नहीं होता जहां सदस्य सरकार से सवाल नहीं कर सकें। विधानसभा के सदस्य जनता के प्रतिनिधि हैं और वे जनता के सवाल पूछते हैं लेकिन सरकार जनता का सामना करने से बच रही है। इस बार शीतकालीन अधिवेशन नहीं बुलाया गया जबकि नियमानुसार यह जरूरी है। भाजपा विधायक दिल्ली सरकार द्वारा नियमों के इस उल्लंघन की जानकारी लोकसभा अध्यक्ष तक पहुंचाएंगे। भाजपा विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल से मांग की है कि यह सत्र कम से कम दस दिन किया जाए। जिसमें प्रश्नकाल भी सम्मिलित किया जाए। इसके अलावा विपक्षी सदस्य कई मुद्दे उठाएंगे। जिनमें प्रदूषण, यमुना की सफाई, परिवहन, बुजुर्गों की पेशन समेत अन्य कई मुद्दे प्रमुख है।

मोहल्ली क्लीनिकों का ढांचा पूरी तरह चरमरा गया है। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने इन क्लीनिकों में 450 टेस्ट मुफ्त कराने की बात कहकर अपनी पीठ थपथपाई थी लेकिन यह वादा भी झूठा साबित हुआ है। भाजपा विधायकों ने कहा है कि आम आदमी पार्टी का लोकतंत्र की परंपराओं और नियमों पर कोई विश्वास नहीं है।

## कुत्ते के गंदगी फैलाने को लेकर विवाद, दो गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** उत्तम नगर इलाके में पालतू कुत्ते द्वारा गंदगी फैलाने पर हुए झगड़े में एक शख्स ने पालतू कुत्ते के मालिक पर टॉयलेट क्लीनर उड़ेल दिया, जिसमें उसे हल्की चोटें आईं। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस घटना के बाद दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। हमले में घायल पीड़ित की हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार शनिवार रात करीब 10 बजे उत्तम नगर थाने को सूचना मिली कि एक व्यक्ति पर कथित तौर पर कुछ तेजाब जैसा पदार्थ फेंका गया है, जिसके बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची।

पुलिस ने बताया कि यह घटना उस वक्त घटी जब उत्तम नगर इलाके में एक घर का मालिक, अपने कुत्ते को टहला रहे एक व्यक्ति से यह आरोप लगाते हुए झगड़ पड़ा कि कुत्ता उसके घर के सामने गंदगी फैला रहा है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि कुत्ते द्वारा गंदगी फैलाए जाने के आरोप को लेकर विवाद हुआ जिसके बाद मकान मालिक ने कुत्ते के मालिक युवक पर टॉयलेट क्लीनर डाल दिया। आरोपी के घर से टॉयलेट क्लीनर की बोतल जब्त कर ली गई है। उन्होंने बताया, चिकित्सीय जांच रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया और मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

# मोहल्ला क्लीनिकों के लिए फंड रोकने वाले को खिलाफ कार्रवाई हो: उप-मुख्यमंत्री

● एलजी वीके सक्सेना को पत्र लिख उपमुख्यमंत्री ने की सिफारिश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने मोहल्ला क्लीनिकों के लिए फंड रोकने वाले अधिकारियों की खिलाफ कार्रवाई करने की सिफारिश की है।

उन्होंने इस मुद्द् पर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को एक पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने दिल्ली नगर निगम चुनावों से पहले कथित तौर पर मोहल्ला क्लीनिक का धन रोकने वाले अधिकारियों को निलंबित करने और उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार करने का अनुरोध किया। मनीष सिसोदिया ने अपने पक्ष में एलजी पर अधिकारियों को इन कार्यों को करने के लिए धमकाने का भी आरोप लगाया। सिसोदिया के इस कदम से दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल के बीच शक्ति को लेकर संघर्ष और तेज होने की संभावना है। सिसोदिया ने सक्सेना से दोषी अधिकारियों की पहचान करने और उन्हें तत्काल निलंबित करने का अनुरोध किया।

अन्यथा, यह साबित हो जाएगा कि एलजी ने चुनावी लाभ के लिए अपनी शक्तियों का दुरुपयोग किया है। सिसोदिया ने आरोप लगाया, उपराज्यपाल जैसे संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को यह शोभा नहीं देता कि वह राजनीतिक फायदे के लिए चुनी हुई सरकार के खिलाफ इस तरह की साजिश रचे और अगर कुछ अधिकारियों ने अपने स्तर पर साजिश रची है, तो निश्चित रूप से आप उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करें और यह संदेश दें कि आप संविधान में विश्वास करते हैं।

# खुलासा: किसी बड़े हिंदू नेता को मारने की तैयारी में थे आतंकी

● आतंकियों ने जहांगीपुरी में लड़के की हत्या कर उसका वीडियो बनाया और उसे पाकिस्तान में बैठे अपने आका को भेजा : पुलिस



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

जहांगीरपुरी इलाके से गुरुवार को गिरफ्तार दोनों आतंकवादी लंबे समय से दिल्ली में रुके हुए थे और किसी बड़े हिंदू नेता को मारने की तैयारी कर रहे थे। एडिशनल सीपी प्रमोद कुशवाहा ने कहा कि दोनों से पूछताछ में एक लड़के की हत्या उसका वीडियो बनाया और उसे पाकिस्तान में बैठे अपने आका को भेजा। जिससे विदेशों में बैठे आकाओं को भरोसा हो सके कि दोनों आतंकी भारत में बड़ी साजिश को अंजाम देनेके लिए पूरी तरह तैयार हो चुके हैं। प्रमोद सिंह कुशवाहा ने रविवार को संवददाता सम्मेलन में बताया कि घटना वाली रात नौशाद और जगजीत, राज कुमार से दोस्ती कर उसके बहला फुसला कर अपने कमरे पर ले आए थे। वहां उसके हाथ-पैर बांध गर्दन काट दी गई और शव के कई टुकड़े कर दिए। गर्दन काटने का वीडियो बनाकर नौशाद ने पाकिस्तान में रह रहे सोहैल को भेज दिया था।

शुरुआती पूछताछ में पता चला है कि दोनों देश के कई बड़े हिंदू नेताओं की हत्या करने की साजिश रच रहे थे। इसके लिए उन्हें पाकिस्तान व कनाडा से लगातार बड़ी रकम भेजे गए हैं।

कितना पैसा भेजा गया स्पेशल सेल इस बारे में जानकारी जुटा रही है। नौशाद ने जगजीत सिंह को पैसों का लालच देकर साजिश में शामिल किया था।नौशाद की मुलाकात कई साल पहले तिहाड़ जेल में बंद लालकिला गोलीकांड मामले में फांसी की सजा पाए लश्कर ए तैयबा के आतंकी मोहम्मद अशफाक उर्फ आरिफ और लश्कर के दूसरे आतंकी सोहैल से हुई थी। सोहैल किसी अन्य मामले में जेल में बंद था। जेल से रिहा होने पर सोहैल वर्ष 2018 में वापस पाकिस्तान चला गया था।

पिछले वर्ष अप्रैल में नौशाद के जेल से बाहर आने के बाद वह लगातार सोहैल के संपर्क में रहने लगा था। सोहैल ने नौशाद को राइट विंग के प्रभावशाली हिंदू नेताओं की हत्या और जगजीत सिंह को पंजाब समेत अन्य राज्यों में खालिस्तानी गतिविधियों को बढ़ाने की जिम्मेदारी सौंपी थी। इसके लिए नौशाद को उसके बैंक खाते में दो लाख रुपए भेजे गए। उक्त पैसा उसके कतर में रहने वाले साले के जरिए भेजा गया था। मालूम हो कि जगजीत सिंह उर्फ जग्गा और नौशाद को बीते बृहस्पतिवार को जहांगीरपुरी इलाके से गिरफ्तार किया गया था। इनके पास से पहले तीन पिस्टल व 22 कारतूस मिले थे।

## अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज ने बच्चों का मनोबल बढ़ाया

**नई दिल्ली।** राजधानी के द्वारका स्थित जिंदल पब्लिक स्कूल के वार्षिक दिवस समारोह की विशेष अतिथि जैकलिन फर्नांडीज और टीवी अभिनेत्री शिवांगी जोशी ने बच्चों ने अपने प्रदर्शन से लोगों को विस्मृत कर दिया।

स्कूल के अध्यक्ष प्रतीक जिंदल ने प्रमुख उपस्थित लोगों के साथ धन्यवाद ज्ञापन किया। इस कार्यक्रम में 5000 से अधिक लोगों ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। स्कूल के छात्रों ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा और समूह प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जैकलीन फर्नांडीज और शिवांगी जोशी भी दर्शकों की मांग पर एक छात्र समूह के प्रदर्शन में शामिल हुईं।

इस अवसर पर जैकलीन ने कहा कि छात्रों के साथ इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए यहां आना मेरे लिए बहुत खुशी और सम्मान की बात है। अध्यक्ष प्रतीक जिंदल ने धन्यवाद प्रस्ताव के साथ कार्यक्रम का समापन किया।



जिंदल पब्लिक स्कूल के वार्षिक दिवस समारोह में अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज।

## छात्रों के जाति प्रमाण पत्रों की जांच कराने की मांग

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय व उससे संबद्ध कॉलेजों और विभागों में एडमिशन लिए छात्रों के जाति प्रमाण पत्रों की जांच कराने की मांग की है।

यह मांग फोरम ऑफ एकेडेमिक्स फ़ॉर सोशल जस्टिस के चेयरमैन डॉ. हंसराज सुमन ने इस संबंध में कुलसचिव डॉ. विकास गुप्ता व डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर को पत्र लिखा है। डॉ. हंसराज सुमन ने यह जांच शैक्षिक सत्र-21, 22 व 23 में अंडरग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स, डिप्लोमा कोर्स, सर्टिफ़िकेट कोर्स के अलावा एमफिल और पीएचडी के लिए की। बता दें कि इस वर्ष अंडरग्रेजुएट व पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सिज में एडमिशन 31 दिसम्बर 2022 तक हुए है।

# तेज हवा ने किया परेशान प्रदूषण तो घटा पर ठंड बढ़ी



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● एक्यूआई में सुधार के बीच ग्रैप के तीसरे चरण की पाबंदी हटी



राष्ट्रीय राजधानी में रविवार को चमकदार धूप और हवा चलने से जहां प्रदूषण का स्तर घटा वहीं गलन भरी ठंड बढ़ गई है।


वहीं वायु गुणवत्ता में सुधार के बीच चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्रवाई योजना (जीआरएपी) के तीसरे चरण के तहत लगाई पाबंदियां हटा ली गई हैं। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने रविवार को यह जानकारी दी।

पिछले कई दिनों के बाद रविवार को प्रदूषण के स्तर में गिरावट के बाद बहुत खराब से खराब और मध्यम स्तर पर आई गई। आनंद विहार में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) रविवार को 240 पर आ गया वहीं कई इलाकों में यह घटकर 200 के नीचे पहुंच गया था। इससे पहले यह 14 जनवरी को 353 (बहुत खराब) पर था और 15 जनवरी को यह 213 (खराब) पर पहुंच गया, जिसके बाद यह निर्णय लिया गया।

तीसरे चरण के तहत राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में गैर जरूरी निर्माण और विध्वंस गतिविधियों पर रोक,पत्थर तोडने और खनन गतिविधि पर रोक शामिल है। हालांकि, ग्रैप के पहले और दूसरे चरण के तहत लागू पाबंदियां जारी रहेंगी। सीएक्यूएम ने कहा कि ग्रैप पर उप समिति के निर्णय के आधार पर एनसीआर में छह जनवरी को तीसरे चरण की पाबंदियां लागू की गई थीं।

उप समिति ने 15 जनवरी की अपनी बैठक में क्षेत्र में वायु गुणवत्ता परिदृश्य की समीक्षा की और तीसरे चरण की पाबंदियों को तत्काल प्रभाव से हटाने का निर्णय लिया।

# आहार विहार में बदलाव से रहें शीतलहरी के प्रकोप से सुरक्षित



डॉ. आरपी पाराशर
मुख्य चिकित्सा अधिकारी

● सर्दी में बच्चों गौर बुजुर्गों को सुरक्षित करने के लिए बनाएं विशेष रणनीति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

ठंड का मौसम और ऊपर से शीतलहर का प्रकोप, ऐसे में आहार विहार में बदलाव कर सर्दी के प्रकोप से बचा जा सकता है। यह कहना है दिल्ली नगर निगम के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (आयुर्वेद) डॉ. आरपी पाराशर का।

डॉ. पराशर ने बताया कि इस वर्ष ठंड का मौसम कुछ लंबा हो गया है। शीतलहर के बीच लापरवाही खतरनाक हो सकती है। ऐसे मौसम में बीमारियों से बचाव के लिए बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को ही नहीं, युवाओं को भी विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। डॉ. पराशर ने कहा कि तापमान में अप्रत्याशित उतार-चढ़ाव के कारण प्रतिरोधक क्षमता कम होने से बीमार होने और सर्दी लगने की आशंका अधिक रहती है। सुबह शाम की ठंड के कारण खांसी, जुकाम, गले की खराबी, बुखार आदि रोगों के मरीज बढ़े हैं। इसके अलावा हृदयघात और मस्तिष्कघात के मरीजों की संख्या भी बढ़ी है। वहीं इस मौसम में डायबिटीज, अर्थराइटिस, हाई ब्लड प्रेशर और दिल के मरीजों को इस मौसम में विशेष सावधान रहने की आवश्यकता है। ठंड के साथ ही प्रदूषण भी चरम पर है ऐसे में बुजुर्गों और मरीजों को सुबह की सैर पर नहीं जाना चाहिए। अगर सैर पर जाना भी तो धूप निकलने के बाद जाएं। डॉ. पराशर ने कहा कि मरीजों का कमरा रात में गर्म रहना चाहिए।



### ठंड लगने पर ये आजमाएं

ठंड लगने पर वासा, कंटकारी, गिलोय, मुलेठी, भारंगी, जूफा, आंवला, अडूसा, आदि दवाओं का प्रयोग शहद के साथ करें। च्यवनप्राश, वासावलेह, अगस्त्य हरीत की जैसी दवाओं का नियमित रूप ठंड से बचाव और इलाज में सहायक है।

### गर्म कपड़ों से शरीर को ढकें

सिर, पैरों और छाती को अच्छी तरह ढक कर रखें। गर्म जुराबें व टोपी पहन कर रखें। कंपकंपी ठंड लगने का पहला लक्षण है, अत: कंपकंपी हो तो कमरे में हीटर लगाया जा सकता है लेकिन उसमें वेंटीलेशन का ध्यान अवश्य रखें। कमरे में अंगीठी के प्रयोग से बचें।

### इसको खाने से बचें

चावल, दही, कढ़ी, गोभी, मटर, आइसक्रीम, अरहर जैसी ठंडी तासीर की चीजों का इस मौसम में परहेज करना चाहिए। परवल, भिंडी, करेले जैसी सब्जियां न खाएं। इस मौसम में दिन में नहीं सोना चाहिए।

### इसका करें सेवन

तुलसी, अदरक, लौंग, कालीमिर्च, छोटी पीपल, दालचीनी का प्रयोग दूध, चाय या काढ़े के रूप में दिन में दो बार करने से ठंड से बचाव होता है और इम्यूनिटी में भी इजाफा होता है।

### इसे भी उपयोग में लाएं

गर्म पानी से नहाएं व नहाने से पूर्व सरसों या तिल के तेल को गुनगुना कर शरीर की मालिश करें। तिल, गुड़, दूध उड़द, मूंगफली आदि पोषक पदार्थों का सेवन करें। लगातार अपने शरीर को गर्म करते रहें।

# विधायक सिंगला ने दो सप्ताह में ही किया शिलान्यास के बाद उद्घाटन

## गुरुग्राम के अशोक विहार क्षेत्र में कृष्णा एन्कलेव में बनाई है सड़क

## निर्माण एजेंसी, ठेकेदारों को गुणवत्ता पर ध्यान देने को कहा


गुरुग्राम के अशोक विहार क्षेत्र के कृष्णा एन्कलेव में सड़क निर्माण का उद्घाटन करते विधायक सुधीर सिंगला।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने रविवार को अशोक विहार क्षेत्र स्थित कृष्णा एन्कलेव में सड़क का उद्घाटन किया। विशेष बात यह है कि इस सड़क के निर्माण कार्य का शुभारंभ विधायक ने गत सप्ताह ही किया था। एक सप्ताह में यह सड़क बनकर तैयार हो गई है।

विधायक सुधीर सिंगला ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी काम को करने के लिए सही और नेक नीयत की जरूरत होती है। काम छोटा हो या बड़ा, यह मायने नहीं रखता। उन्होंने कहा कि ठंड के बावजूद विकास के कार्यों में किसी भी तरह से रुकावट नहीं आने दी गई है। जो काम शुरू किये गये, वे या तो पूरे हो चुके हैं या फिर काम जारी है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम के हर उस क्षेत्र में लंबित और नये कार्यों को पूरा करवाया जा रहा है, जहां पर लोगों को दिक्कत महसूस हो रही थी। वे लगातार इन कार्यों की मॉनिटरिंग भी करते रहते हैं। उन्होंने निर्माण ठेकेदारों को एक बार फिर से चेताया कि निर्माण के दौरान निर्माण सामग्री की गुणवत्ता में किसी तरह की कमी ना हो। उन्होंने जनता से भी जागरुक होने की बात कही। कहीं से भी कोई गड़बड़ी लगे तो तुरंत उन्हें सूचित कर सकते हैं। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल का गुरुग्राम से विशेष लगाव है। वे यहां पर विकास के हर काम को गति देते हैं। यहां उनका जब भी दौरा होता है, वे गुरुग्राम को कोई ना कोई सोगात जरूर देकर जाते हैं। सड़क के उद्घाटन के दौरान विधायक सुधीर सिंगला ने सोसाइटी के प्रांगण में बच्चों को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में पूर्व डिप्टी मेयर परमिंदर कटारिया, कृष्णा एंकलेव ये कालीदास अरोड़ा, राकेश गोयल, संजय राजपाल, अतीश अग्रवाल, पवन कुमार, डीके शर्मा, शशी कुमार, संजय पाल, दिनेश करमाकर, नितिन, आयुष सुलतानिया, कुलबीर दलाल, संतोष चौबे, नीरज, राम सज्जन सिंह, अजीत भारद्वाज, जुगल रैना, बलविंदर, धर्मपाल, शिवकांत शर्मा, बीएल रैना, विशाल राय, राजेश कांतिवाल व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# विधायक ने किया एक आवाज के तीसरे रक्तदान शिविर का शुभारंभ


गुरुग्राम के सेक्टर-15 पार्ट-2 में एक आवाज संस्था के रक्तदान शिविर का शुभारंभ करते विधायक सुधीर सिंगला।

**गुरुग्राम।** एक आवाज संस्था की ओर से रविवार को तीसरा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का शुभारंभ विधायक सुधीर सिंगला ने किया। शिविर में रक्तदान के लिए युवाओं में जोश देखने को मिला।

विधायक सुधीर सिंगला ने सामाजिक कार्यों के लिए एक आवाज की टीम विकास गुप्ता, आशीष गुप्ता, सुमित कपूर, प्रदीप गुप्ता, प्रिंस, लुभावन, जॉनी बंसल और निशान्त अहलावत व अन्य को बधाई दी। भविष्य में भी ऐसे आयोजन करते रहने के भी प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में सामाजिक संस्थाएं सामाजिक कार्यों को लेकर सदा आगे रहती हैं। रक्त की हर पल जरूरत रहती है। उन्हें खुशी है कि गुरुग्राम में रक्तदाता समय-समय पर रक्त की पूर्ति करते रहते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि रक्तदान करने में सदा आगे रहें। रक्तदान करके हम दूसरों के लिए भी प्रेरित स्रोत बनते हैं। समाज को हम संदेश देते हैं कि ऐसे सामाजिक कार्य के लिए हर किसी को आगे आना चाहिए। विधायक ने एक आवाज की पूरी टीम को प्रेरित करते हुए कहा कि इस तरह के नेक कार्यों को सदा गति देते रहें। समाज में ऐसी संस्थाओं की जरूरत है। इस अवसर पर भूषण सेतिया, डाक्टर चित्रा पाहवा, मनदीप किशोर गोयल, अशोक कुमार गुप्ता, अमित गोयल, सुरेश अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, अजय जैन, बीएल अग्रवाल, राघव शर्मा, वेद नागर, प्रदीप दायमा, केपी रोहिल्ला, सुरेश मंगला, शशि देशवाल, अनिता छिल्लर, दीपचंद, अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## गुरुग्राम में 11 फरवरी को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**गुरुग्राम।** अदालत में लंबित मुकदमों के शीघ्र निस्तारण के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 11 फरवरी को जिला गुरुग्राम में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। वादकारी इस अदालत में सुलह समझौते के लिए स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों का निस्तारण करा सकते हैं। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव ललिता पटवर्धन ने बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 11 फरवरी को जिला गुरुग्राम में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति का कोई प्रकरण न्यायालय में लंबित है तो वह लोक अदालत के माध्यम से उसका निस्तारण करा सकता है। लोक अदालत में दोनों पक्षों की आपसी सहमति व राजीनामे से सौहार्दपूर्ण वातावरण में पक्षकारों की रजामंदी से विवाद निपटाया जाता है। इससे शीघ्र व सुलभ न्याय, कोई अपील नहीं, अंतिम रूप से निपटारा, समय की बचत जैसे लाभ मिलते हैं। राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन से संबंधित मामले, मोटर एक्सीडेंट, एनआईएक्ट, फौजदारी, रेवेन्यू, वैवाहिक विवाद का निपटारा किया जाएगा।

## नशा मुक्ति अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को मिलेगा पुरस्कार

**गुरुग्राम।** प्रदेश में नशा मुक्ति अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से राज्य पुरस्कार दिए जाएंगे। इसके लिए आगामी 14 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। योजना के तहत वर्ष 2022-23 के लिए नशा मुक्ति क्षेत्र में कार्य करने वाले सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति, संस्थान व नशा मुक्ति केंद्र आदि आदि को पुरस्कार दिए जाएंगे। आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान हरियाणा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने नशा मुक्ति के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति, संस्थान, नशामुक्ति केन्द्र को वर्ष 2022-23 के लिए राज्य पुरस्कार प्रदान करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। उपायुक्त निशान्त कुमार यादव ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि 14 फ़रवरी 2023 है। नौ श्रेणियों में नशामुक्ति के क्षेत्र में शराब एवं मादक पदार्थों के सेवन की रोकथाम के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए राज्य पुरस्कार योजना के अंतर्गत अवार्डसडॉटसोशलजस्टिसएचआरवाईडॉटजीओवीडॉटआईएन पोर्टल पर आवेदन किए जा सकते हैं। सभी पात्र संस्थाओं, व्यक्तियों आदि के केवल विभागीय वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किये जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए विभागीय वेबसाइट का प्रयोग हैं।

## तीन लाख रुपये का ऋण लेकर महिलाएं बन सकती हैं स्वावलंबी

**गुरुग्राम।** आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में हरियाणा सरकार द्वारा महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है। योजना के तहत महिला विकास निगम के माध्यम से राज्य की विधवा, तलाकशुदा या कानूनी रूप से अलग हुई महिलाओं को बैंकों के माध्यम से अपना स्वयं का व्यवसाय करने के लिए 3 लाख रुपए तक का ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। योजना के तहत बैंक ऋण के ऊपर लगे ब्याज की प्रतिपूर्ति हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा अनुदान के रूप में अदा करके की जाएगी, जिसकी अधिकतम सीमा 50 हजार रुपये व अवधि 3 वर्ष जो भी पहले होगी। योजना का लाभ लेने के लिए महिला की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच हो। महिला की वार्षिक आमदनी 3 लाख रूपए से ज्यादा ना हो और महिला हरियाणा की स्थायी निवासी हो। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि योजना में मसाला यूनिट, डोना बनाना, रेडीमेड गारमेंट्स, ब्यूटी पार्लर, ऑटो रिक्शा इत्यादि शामिल है। इच्छुक महिलाएं आवेदन करने के लिए व फार्म प्राप्त करने के लिए हरियाणा महिला विकास निगम कार्यालय से संपर्क कर सकती हैं।

## शराब के नशा में धुत पिता-पुत्र ने दुकानदार समेत दो पीटे

**सोहना।** नगर परिषद के वार्ड-21 के गांव सोहना ढाणी में किरयाणा की दुकान पर शराब पीकर बदतमीजी करने से रोकना दुकानदार के बेटे को भारी पड़ गया। आरोपियों ने लाठी, डंडा, तेज धारदार हथियार से हमला करते हुए दो युवकों को गंभीर रुप से घायल कर दिया। आरोपियों पर पथराव करने का आरोप भी लगाया है। सोहना नगर परिषद के वार्ड-21 में किरयाणा दुकानदार गितेश्वर शुक्रवार की शाम अपनी बेटी को गुरुग्राम दवा दिलवाने के लिए लेकर गया था। अपने बेटा उत्सव को दुकान पर बैठाकर गया था। उसी समय पडोसी गांव मौहम्मदपुर गूर्जर निवासी फारुख व उसका बेटा शराब के नशा में दुकान पर आए। दुकान पर पहले से ग्राहक सामान लेने के लिए खडे थे। जिनमें महिलाएं भी शामिल थी। लेकिन फारुख व उसके बेटा ग्राहकों के साथ बदतमीजी करने लगे। उन्हें जब ऐसा करने से उत्सव व उसके दादा भरत सिंह मना किया तो उन्हें गालियां देने लगे। फारुख ने फोन करके अपने गांव से करीब 100 के लगभग ग्रामीणों को झगड़ा करने के उद्देश्य से बुला लिया। जिनके हाथों में लाठी, डंडा, सरिया और तेज धारदार हथियार थे। जिन्होंने गांव में खुली अन्य दुकानों पर भी पत्थर फेंक कर अपना गुस्सा जाहिर किया, लेकिन दुकानें बंद होने के कारण कोई नुकसान नहीं हुआ। मौहम्मदपुर गुर्जर के ग्रामीणों ने रास्ते में जा रहे दुकानदार अमन को घेर कर उसे मारा पीटा। जिससे उसकी गंभीर हालत बन गई। आरोपियों ने गितेश्वर की दुकान पर पहुंच झगड़ा करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान बृजमोहन को भी काफी चोटें आई। घायलों को पहले सोहना के नागरिक अस्पताल में तथा रेफर करने के बाद अलग-अलग अस्पतालों में दाखिल कराया गया। शहर थाना पुलिस ने सोहना ढाणी निवासी व झगड़े के चश्मुद्दीन गवाह भरत सिंह की शिकायत पर फारुख, पव्वी, साहिल, बबलू व उसके लड़का समेत करीब 100 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपियों में महिलाएं भी शामिल हैं।

# फल नहीं तो घनी छाया दाता पुराने पेड़ की तरह होते हैं बुजुर्ग : विकास कुमार


गुरुग्राम में ओल्ड ऐज होम में बुजुर्गों को नाश्ता कराते रेडक्रॉस सचिव विकास कुमार व समाजसेवी संगठनों के सदस्य।

## मकर संक्रांति पर ओल्ड ऐज होम में बुजुर्गों का किया सम्मान

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**उपायुक्त** निशांत कुमार यादव, रेड क्रॉस सोसाइटी सचिव विकास कुमार के मार्गदर्शन में मानवता स्वास्थ्य शिक्षा फाउंडेशन, एक उड़ान, कल्याणी चैरिटेबल फाउंडेशन व रामा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में सेक्टर-4 स्थित ताऊ देवीलाल ओल्ड ऐज होम में बुजुर्गों के साथ मकर संक्रांति पर्व मनाया गया। पहले उन्हें नाश्ता करवाया और फिर कंबल ओढ़ाकर सम्मान भी किया।

इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव विकास कुमार ने कहा कि हम सबको अपने जीवन में अपने बुजुर्गों का कभी अपमान नहीं करना चाहिए। बुजुर्ग उस पुराने और घने पेड़ की तरह होते हैं, जो फल नहीं देता मगर छाया जरूर देता है। इस तरह के कार्यक्रमों से हम अगली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत बनते हैं। बुजुर्गों के चेहरों पर खुशी लाते हैं। उन्होंने कहा कि सभी संस्थाएं रेडक्रॉस के हर कार्यक्रम में अपना पूर्ण सहयोग देती हैं। समाजसेवा के लिए सभी का साधुवाद है। मानवता स्वास्थ्य शिक्षा फाउंडेशन से ललिता वर्मा ने कहा कि सिर्फ मकर संक्रांति के दिन ही नहीं, हमें हर दिन किसी न किसी बुजुर्ग की भलाई के लिए काम करना चाहिए। सड़क किनारे खड़े एक बुजुर्ग को अगर हम सुरक्षित सड़क पार भी करवा देते हैं तो यह उनके जीवन के अच्छे पल बन सकते हैं। पंकज रोहिल्ला ने कहा कि उनकी संस्था बुजुर्गों की सेवा और सम्मान के लिए सदैव तत्पर है। एक उड़ान संस्था से कल्याणी सचान ने कहा कि हम सब भविष्य में भी इसी तरह से बुजुर्गों के सम्मान में सम्मिलित होंगे।

इस कार्यक्रम में लेखाकार कुणाल मंगला, लिपिक अतुल कुमार पाराशर, रेडक्रॉस द्वारा संचालित कामकाजी महिला आवास की वार्डन कविता सरकार, दीपक गुप्ता, नीरा कुंटल, श्रीपाल भाटी, अशोक गोयल, एक उड़ान संस्था से कल्याणी सचान, देवर्षि सचान, रामा फाउंडेशन से त्रिभुवन एवं टीआई प्रोजेक्ट से रोहिताश, सुपर लाइट ड्राई क्लीनर से पवन कुमार आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# संगठन के लिए डाटा प्रबंधन अति महत्वपूर्ण : गार्गी कक्कड़

## जिला अध्यक्ष ने डाटा प्रबंधन को लेकर पदाधिकारियों की बैठक ली


गुरुग्राम स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में डाटा प्रबंधन को लेकर बैठक लेती जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भाजपा** की जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़ की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय गुरु कमल पर रविवार को डाटा प्रबंधन को लेकर जिला पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई।

भाजपा जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव ने बताया कि बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश में डाटा प्रबंधन का काम देख रहे मनोज ढाणा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। सबसे बड़ा संगठन होने के नाते उतनी ही बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को मिशन 2024 के लिए अभी से जुट जाने का आह्वान किया।

डाटा प्रबंधन कैसे किया जाए और उसका उपयोग कैसे करें इस बारे में कार्यकर्ताओं को जानकारी दी। सभी कार्यकर्ता जो केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं हैं उनको समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम करें। उन्होंने कहा कि चर्चा करके, संवाद करके ज्यादा से ज्यादा लोगों को पाटीज़ से जोड़ें। इस दौरान जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने कहा कि जिला पदाधिकारी व सभी मंडल के अध्यक्ष अपने-अपने मंडलों में टाटा प्रबंधन के कार्य को बूथ स्तर तक लेकर जाएं, ताकि एक-एक कार्यकर्ता का डाटा अपडेट हो सके। और उनको आगे डाटा प्रबंधन का कार्य कैसे करना है इसकी भी जानकारी देनी है, क्योंकि आने वाला सामान तकनीकी का होगा। अगर हम तकनीक से मजबूत होंगे तो भविष्य में भी भाजपा की मजबूत सरकार देश को दे सकेंगे।

बैठक में जिला महामंत्री मनीष गाडोली, महेश यादव कार्टरपुरी, जिला उपाध्यक्ष ज्योति डेंबला, मनोज शर्मा, राकेश यादव, राजेश अरोड़ा, सचिव सोनिया यादव, जिला विस्तारक सत्यवीर गांधी, मीडिया प्रमुख अजीत यादव, कार्यालय मंत्री यादराम जोया, सह मीडिया जयवीर यादव, मंडल अध्यक्ष अभिषेक गुलाटी, प्रियव्रत कटारिया, नितिन शांडिल्य, श्रवन आहूजा, देवेंद्र यादव, अरुणी शुक्ल, रामनिवास यादव, दौलत राम, मनोज यादव, स्वाति टंडन, अशोक डबास, देवेंद्र उल्लवास, महेंद्र सिंह, सुदेश कुमार, नमन अग्रवाल, अशोक यादव, अमर झा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महाराजा शूरसैनीजी की जयंती पर होगी भव्य यज्ञ व जांच शिविर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

## शिविर में इस बार इलेक्ट्रॉपैथी पद्धति से किया जाएगा लोगों का उपचार

## जयंती मनाने के लिए हुई गुरुग्राम सैनी युवा जागृति मंच की बैठक



गुरुग्राम के जैकबपुरा में महाराजा शूरसैनीजी की जयंती को लेकर बैठक में एकत्रित हुए गुरुग्राम सैनी युवा जागृति मंच के सदस्य।

**रविवार** को गुरुग्राम सैनी युवा जागृति मंच की बैठक सैनी चौपाल जैकबपुरा में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संस्था के संरक्षक नरेश सैनी ने की। बैठक में 22 जनवरी को होने वाली सूर्यवंशी महाराजा शूर सैनीजी की जयंती मनाने की तैयारियों पर चर्चा की गई।

संस्था के अध्यक्ष गगनदीप सैनी ने बताया कि 22 जनवरी को महाराज शूर सैनी जी की जयंती के अवसर पर भव्य यज्ञ किया जाएगा। इसके अलावा निशुल्क इलेक्ट्रोपैथी स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। इसमें आयुष्मान इलेक्ट्रोपैथी अस्पताल से डा. ललित गोला व उनकी टीम लोगों की नि:शुल्क जांच व उपचार करेगी। बीपी, शुगर की जांच व दवाएं भी दी जाएंगी। यहां बिना ऑपरेशन, बिना इंजेक्शन के सफल उपचार किया जाएगा।

बैठक में मौजूद सभी सदस्यों, पदाधिकारियों की इस शिविर के लिए कार्य निर्धारित किए गए। संस्था की ओर से यह पहला इलेक्ट्रोपैथी शिविर लगाया जाएगा।

इससे पहले सामान्य स्वास्थ्य शिविर लगाए जाते रहे हैं। बैठक में सूबे सिंह सैनी, कुलवंत सैनी, सैनी सभा जैकबपुरा के प्रधान तेजेंद्र सैनी, युवा सैनी समाज विकास समिति के प्रधान कृष्ण गोपाल सैनी, महेंद्र सैनी, राजेश सैनी, नानक चंद सैनी, समाज उत्थान न्यास संस्था के प्रधान महेंद्र सैनी (लीलू), नरेश सैनी, हितेश सैनी, गौतम सैनी, विकास सैनी, राजाराम, महावीर सैनी, चंद्रपाल सैनी, बुधराम सैनी मौजूद रहे।

# सर्दी में कंबल व गर्म कपड़े जरूर करें दान : नवीन गोयल

## मकर संक्रांति की रात ठंड में ठिठुरते लोगों को बांटे कंबल

## वंचितों की सेवा करना हम सबका कर्तव्य


गुरुग्राम में मकर संक्रांति की रात को रेलवे स्टेशन पर कंबल वितरण करते नवीन गोयल।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हर** बार की तरह से इस बार भी मकर संक्रांति के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने शहर में घूम-घूमकर उन लोगों को कंबल वितरित किए, जो ठंड में कंपकंपा रहे थे। इतनी ठंड में ऐसे लोगों का जीवन सुरक्षित रहे, इसी सोच के साथ उन्होंने लोगों को कंबल वितरण का कार्य किया। उन्होंने बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन समेत शहर में अनेक स्थानों पर जाकर कंबल बांटे।

नवीन गोयल ने कहा कि पुण्य का काम करने के लिए किसी मुहुर्त की जरूरत नहीं होती। हमारे सामने अगर कोई संसाधनों से वंचित व्यक्ति परेशान है तो उसकी सेवा और संभाल करना ही हमारी संस्कृति हमें सिखाती है। पुण्य का काम किसी भी जगह पर किया जा सकता है। हमें सर्दी के मौसम में गर्म कपड़े, कंबल आदि का उन लोगों को जरूर दान करना चाहिए, जो कि ठंड में ठिठुरते रहते हैं। मकर संक्रांति का पर्व एक तरह से हमें पुण्य करने का संदेश देता है। नवीन गोयल ने कहा कि यह बिलकुल सही है कि हमारे द्वारा किए गए पुण्य के काम से भगवान में हम कई गुणा ज्यादा खुशियां देता है। यह पर्व महा पुण्य कमाने का पर्व है। सनातन संस्कृति में हर पर्व की अपनी एक विशेषता है। मकर संक्रांति दान करने का संदेश देती है तो होली का पर्व रंगों से सराबोर करता है। दीवाली हमें रोशनी फैलाने का संदेश देती है। इसके अलावा सभी पर्व में आपसी भाईचारे के साथ रहने का बड़ा संदेश देते हैं।

नवीन गोयल ने कहा कि हम सबका यह कर्तव्य है कि हम ऐसे लोगों की सहायता जरूर करें, जो संसाधनों से वंचित हैं। जिनके पास दो वक्त की रोटी खाने के भी संसाधन नहीं हैं। बुजुर्गों, लाचारों को हर हाल में हमें संभालना चाहिए। मकर संक्रांति दान के साथ अपने घर, परिवार के बुजुर्गों का सम्मान का पर्व है। इसलिए अपने बुजुर्गों के साथ समाज के उन बुजुर्गों का भी नियमित तौर पर ख्याल रखें, जो अपनों के अभाव में जीवन की जद्दोजहद में परशानियां झेलते हैं।

# सोहना के गांव सांचौली में पेयजल आपूर्ति न होने से ग्रामीण हुए परेशान


सोहना के गांव सांचौली में पेयजल आपूर्ति न होने से परेशान ग्रामीणों पलवल-सोहना मार्ग पर जाम लगाने का प्रयास।


सोहना ढाणी में किराना दुकान पर दो गुटों के बीच हुआ झगड़ा में घायल युवक।

## पलवल-सोहना मार्ग को जमा लगाने के प्रयास को पुलिस ने कराया रद्द

## गांव सांचौली में पेयजलापूर्ति न होने से ग्रामीण परेशान

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**सोहना** के गांव सांचौली में पेयजल आपूर्ति न होने से ग्रामीणों ने पलवल-सोहना मार्ग पर जाम लगाने सड़क पर उतर आए, लेकिन मौके पर सदर थाना से पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को जाम न लगाने दिया। उससे पहले ग्रामीणों की समस्या का समाधान कराने का आश्वासन देते हुए ग्रामीणों को वापस भेज दिया। रविवार को गांव सांचौली में पिछले दो दिन से पेयजल की आपूर्ति न होने से ग्रामीण परेशान हो रहे थे। जिसको लेकर गांव की 15 से 20 महिलाएं एकजुट होकर पलवल-सोहना मार्ग पर जाम लगाने के लिए घरों से निकलकर बाहर आ गई। मार्ग के किनारे खड़े हो गए और अन्य ग्रामीणों का इंतजार करने लगे। गांव के निवासी दीनू अलवी ने बताया कि गांव के अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग मोहल्ले में पिछले करीब 15 दिन से पेयजल की समस्या बनी हुई है। मौहल्ले के निवासी खारा पानी पी रहे थे, लेकिन उनकी समस्या का कोई समाधान न होने से गुस्साएं ग्रामीणों ने रविवार को जाम लगाने की योजना बनाई। जब तक ग्रामीण सड़क पर जाम लगाते। उससे पहले सदर थाना से पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने ग्रामीणों को जाम न लगाने दिया और उन्हे सड़क किनारे की एक तरफ ले जाकर पहले समस्या सुनीं। उसके बाद समस्या का समाधान 24 घंटा में कराने का आश्वासन दिया। सदर थाना के कार्यवाहक थाना प्रभारी रवि कुमार ने बताया कि जिस ट्यबवेल से पीड़ित ग्रामीणों को पेयजल की आपूर्ति होती है। उसका बिजली के ट्रांसफार्मर से तार टूटा हुआ मिला। जिसके कारण ट्यूबवेल चल नहीं रहा था। पीड़ितों का मोहल्ला उंचाई पर होने के कारण सप्लाई का पानी कम पहुंचता है। जिसके लिए नया बोर लगाने की मांग ग्रामीणों की जल्द ही पूरा कराया जाएगा। जनस्वास्थ्य और बिजली निगम के एसडीओ को सूचना दे दी गई। दोनों की अधिकारियों ने इस समस्या का जल्द से जल्द पूरा कराने का आश्वासन दिया है। जाम लगाने के लिए आए ग्रामीणों को पुलिस ने घरों को भेज दिया।

# बीके: पद न होने पर भी काम कर रहे तीन सुपरवाइजर

### अन्य कर्मचारियों के अभाव के बावजूद तीन कर्मियों को बनाया सुपरवाइजर

**कविता।** फरीदाबाद

**बादशाह** खान सिविल अस्पताल में आए दिन नए-नए कारनामे सामने आ रहे हैं। ऐसा ही एक और मामला सामने आया है। अस्पताल प्रबंधन की तरफ से एक आरटीआई के जून, 2022 में दिये जबाव में बताया गया कि उनके पास कोई भी सुपरवाइजर की पोस्ट नहीं है। लेकिन अस्पताल के कागजों में सुपरवाइजरों की हाजरी लगातार जनवरी 2023 में भी लग रही है। वहीं दूसरी तरफ अस्पताल के पीएमओं कार्यालय की तरफ से भी लगातार सुपरवाइजरों के नाम के लेटर भी जारी किए जा रहे हैं।

**पद नहीं, कागजों में नाम शामिल :** गत 30 मई 2022 में एक आरटीआई बीके अस्पताल में लगी थी। जिसमें जून 2022 में नोडल अधिकारी (आऊटसोर्सिंग) जिला नागरिक अस्पताल की तरफ से जबाब दिया गया कि सरकार द्वारा बीके अस्पताल में स्वीकृत/नियमित पदों की एसएनई के अनुसार




सुपरवाईजर का पद प्रदान नहीं है लेकिन इसके बावजूद जनवरी 2023 में बीके अस्पताल के रजिस्ट्रर में सुपरवाइजरों की हाजरी लग रही है। वहीं गत तीन जनवरी 2023 को जारी अस्पताल प्रबंधन के एक पत्र में सुपरवाईजरों की पोस्ट और नाम को शामिल किया गया। जिसमें अधिकारियों के हस्ताक्षर भी हैं।

**यह है पूरा मामला :** बीके सिविल अस्पताल में ठेकेदारी के तहत कुछ सुपरवाइजर बने हुए थे। लेकिन हरियाणा कौशल रोजगार निगम को राज्य के कर्मचारियों को रोजगार से सम्बन्धित जानकारियों को उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। हरियाणा सरकार द्वारा इस पोर्टल को पिछले साल 1 नवंबर 2021 में लॉन्च किया गया।

रोजगार निगम द्वारा आउटसोर्स की भर्तियों या ठेकेदारी माध्यम से दी जाने वाली नौकरियों को ऑनलाइन माध्यम से उपलब्ध कराया जाने लगा। वर्ष 2022 में कौशल निगम को अप्रैल माह से बीके अस्पताल में लागू कर दिया गया। जिसमें सभी कर्मचारियों ने फार्म भरे। कुछ के नाम आ गए, लेकिन कुछ लोगों के नाम नहीं आए। जिस पर कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया, लेकिन कुछ के नाम आज भी नहीं आए है।

वहीं इस कौशल रोजगार निगम में सुपरवाइजर की किसी तरह की कोई पोस्ट जारी नहीं की गई थी। लेकिन अस्पताल में ठेकेदारी के समय से चल रहे सुपरवाइजरों को पद पर अस्पताल प्रबंधन ने बने रहने दिया। जिसका कर्मचारियों ने विरोध किया। लेकिन अस्पताल प्रबंधन ने इस ओर आज तक कोई ध्यान नहीं दिया। जनवरी 2023 में भी सुरपवाइजरों की हाजरी रजिस्ट्रर में लग रही है।

# जिले का प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक होगा डिजिटल

### जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा ने मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं को बताए डिजिटल होने के लाभ

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद




सेक्टर-15 स्थित बीजेपी कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा।

**अटल** कमल भाजपा जिला कार्यालय पर डाटा प्रबंधन एवं उपयोग विभाग के जिला संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा की अध्यक्षता में मंडल अध्यक्ष व मंडल पदाधिकारियों की डाटा प्रबंधन एवं उपयोग महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा, जिला महामंत्री मूलचन्द मित्तल, आरएन सिंह, डाटा प्रबंधन एवं उपयोग विभाग के सह संयोजक सचेत जैन, जिला विस्तारक मंजीत जांगड़ा, फरीदाबाद विधानसभा प्रभारी प्रकाश भाटी, जिला आईटी व सोशल मीडिया प्रमुख अमित मिश्रा, सह प्रमुख प्रिया सहगल, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष भगवान सिंह, जिला मीडिया सह प्रमुख राज मदान, जिला कार्यालय सचिव सचिन गुप्ता उपस्तिथ रहे। इस कार्यशाला में मुख्य रूप से डाटा प्रबंधन एवं उपयोग विभाग के फरीदाबाद जिला प्रभारी रामवीर भाटी ने कार्यकर्ताओं को विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय स्तर से लेकर पन्ना समिति स्तर तक के कार्यकर्ताओं को सरल एप्प पर डिजिटल करना है जिसकी पूर्ण जानकारी बैठक में आए सभी मंडल पदाधिकारियों को दी गई और बैठक में आए सभी पदाधिकारियों को सरल एप्प का रजिस्ट्रेशन प्रोसेस समझाया। उन सभी का रजिस्ट्रेशन भी कराया। जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज 21वीं सदी में हर माध्यम डिजिटल होता जा रहा है आप देखते होंगे कि अब हम बिना कैश के भी सामान ले सकते है। जिसका भुगतान हम डिजिटल माध्यम से करते हैं। उसी डिजिटल माध्यम की कड़ी में भाजपा ने भी डिजिटल होने का लक्ष्य रखा है। जिसकी कड़ी में जिले के सभी कार्यकर्ता फरवरी माह तक सरल एप्प से जुड़ें और पार्टी समर्थक व विचारधारा वाले लोगों को भी सरल एप्प से जोड़ें। गोपाल शर्मा ने जिले के सभी कार्यकर्ताओं को डिजिटल होने के लाभ भी बताए। डाटा प्रबंधन एवं उपयोग विभाग के जिला संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा ने बताया कि सरल एप्प एक माध्यम होगा।

राष्ट्रीय से पन्ना समिति तक के कार्यकर्ताओं से जुड़ने का और राष्ट्रीय से बूथ स्तर तक जनकल्याणकारी योजनाओं को सरलता से पहुंचाने का । इस एप्प के माध्यम से सभी ईजी प्रोसेस से जुड़े रहेंगे व पार्टी के नेता व कार्यकर्ताओं की गतिविधियों की जानकारी सरलता से प्राप्त कर सकेंगे। जिला आईटी व सोशल मिडिया प्रमुख अमित मिश्रा ने कार्यकर्ताओं को सोशल मिडिया प्लेटफोर्म (फेसबुक, ट्विटर, इंस्टा, कू व व्हाट्सएप्प) की जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं को पूर्ण रूप से समझाया कि हमें किस तरह का कंटेंट डालना है और किस कंटेंट पर एक्शन रिएक्शन करना है। हमारा कंटेंट दूसरों को एट्रेक्टिव करने वाला हो और ट्रेंडिंग करने वाला हो।

# 799 चालान काटकर 6.36 लाख रुपये का किया जुर्माना

### इन चालानों में रॉन्ग साइड के 374, बिना हेलमेट के 374 तथा बिना सीट बेल्ट के 100 चालान शामिल



चालान काटते पुलिस अधिकारी।

**फरीदाबाद।** गृह मंत्री अनिल विज, पुलिस महानिदेशक पीके अग्रवाल, आईजी ट्रैफिक हरदीप सिंह दून तथा पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा के आदेशानुसार फरीदाबाद पुलिस ने बिना सीट बेल्ट, हेलमेट तथा रॉन्ग साइड वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर 799 वाहन चालकों के चालान काटे।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि डीसीपी ट्रैफिक नीतीश कुमार अग्रवाल के दिशा निर्देश व एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार के मार्गदर्शन में फरीदाबाद पुलिस ने यह विशेष अभियान चलाया। पुलिस टीम ने यातायात नियमों का पालन न करने वाले 799 वाहन चालकों के चालान काटकर 6.36 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। काटे गए इन चालानों में रॉन्ग साइड के 374, बिना हेलमेट के 374 तथा बिना सीट बेल्ट के 100 चालान शामिल है। बिना हेलमेट वह सीट बेल्ट के यात्रा करने पर हजार रुपए तथा रॉन्ग साइड में वाहन चलाने पर 500 रुपये का चालान किया जाता है। सभी वाहन चालकों से अनुरोध है कि वह सड़क पर यात्रा करते समय सड़क सुरक्षा नियमों का पालन अवश्य करें। नागरिकों को आर्थिक दंड से दंडित करने का अर्थ यह नहीं है कि वह उनसे किसी प्रकार का लाभ प्राप्त करना चाहती है परंतु इससे नागरिकों को सीखना चाहिए कि यह सड़क सुरक्षा नियम वाहन चालकों की सुरक्षा हेतु बनाए गए हैं ताकि वाहन चालक सड़क दुर्घटना का शिकार न हो और यदि कोई सड़क दुर्घटना घटित हो भी जाती है तो यह सुरक्षा यंत्र किसी व्यक्ति का जीवन बचाने में कितने मददगार साबित होते हैं इसलिए नागरिकों को यह समझना चाहिए की सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना कितना आवश्यक है।

## संक्षिप्त समाचार

### जिले का नाम रोशन करेगी पाली गांव की टीम : भड़ाना




**फरीदाबाद।** आम आदमी पार्टी के जिला कार्यालय पर एनआईटी विधानसभा 86 के गांव पाली के दर्जनों युवाओं अंकित, गुरु, लोकेश, सचिन, गौरव, कुलदीप, कपिल, सन्नी ने जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना से मुलाकात की। पाली गांव में विशाल क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। उन्होंने धर्मबीर भड़ाना को अवगत कराया कि आगामी 26 जनवरी के बाद पाली गांव में विशाल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में धर्मबीर भड़ाना शिरकत करेंगे। जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना ने गांव के युवाओं का उत्साहवर्धन किया। खेलों को बढ़ावा देने के लिए उनकी हौसला फजाई की। भड़ाना ने कहा कि पाली गांव हमेशा से ही खेलों में अव्वल रहा है। बात चाहे कबड्डी की हो, कुश्ती की हो, वॉलीबाल या क्रिकेट की। गांव के लोग हमेशा ही युवाओं को इसके लिए प्रोत्साहित करते हैं। धर्मबीर भड़ाना ने कहा कि प्रदेश में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर हर गांव में स्टेडियम बनवाया जाएगा, ताकि ग्रामीण आंचल के युवा खेलों में देश एवं प्रदेश का नाम रोशन कर सकें। आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार में ग्रामीण आंचल के युवा सुविधाओं के अभाव में अपनी प्रतिभाओं का वाजिब इस्तेमाल नहीं कर पाते। जिसके चलते खेलों में हमें भारी नुकसान हो रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल से नगर निगम में आने वाले गांवों में भी खेल स्टेडियम तैयार करवाने की मांग की, ताकि बच्चों को बुनियादी सुविधाओं के अभाव में अपनी प्रतिभाओं का गला न घोटना पड़े। इस अवसर पर उनके साथ आम आदमी पार्टी के नेता नरेश शर्मा एवं सुरेन्द्र अरोड़ा मौजूद रहे।

### श्रीसंकट मोचन हनुमान मंदिर में कम्बल व गर्म कपड़े बांटे



**फरीदाबाद।** श्रीसंकट मोचन हनुमान मंडल कैली धाम में हर वर्ष की भांति मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में जरूरतमंदों को कंबल शॉल व गर्म कपड़े वितरण कार्यक्रम किया गया। कुछ जरूरतमंदों को नगद धनराशि भी उपलब्ध करवाई गई। इस मौके पर मंदिर के प्रधान पवन वशिष्ठ व दीपक वर्मा ने बताया कि मानव सेवा जरूरतमंदों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य का काम है। वेद शास्त्रों में भी कहा गया है कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। इस मौके पर प्रफुल्ल शर्मा, ललित गर्ग, मनमोहन शर्मा, मुकेश वर्मा, बृज बिहारी, मदन गोपाल बंसल, वंशराज एवं देवराज आदि लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया। मंदिर के पुजारी लक्ष्मी नारायण शर्मा, शैलेंद्र पांडे ने आए हुए भक्तों का कर एवं पटका पहनाकर स्वागत किया व आशीर्वाद दिया। इसी तरह धार्मिक कार्यों में रूचि लेते रहे और जरूरतमंदों की सेवा में ही धर्म-कर्म और आस्था बनाए रखें। कार्यक्रम के अंत में मंदिर के प्रधान पवन वशिष्ठ ने आए हुए सभी लोगों का आभार प्रकट करते हुए मंगल कामना की।

### मकर संक्रांति पर बांटा खिचड़ी का प्रसाद




**फरीदाबाद।** मकर संक्रांति पर अगवानपुर, रोशन नगर जगमाल एन्कलेव स्थित अपने कार्यालय पर समाजसेवी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राम कुमार भड़ाना द्वारा राहगीरों को खिचड़ी का प्रसाद बांटा गया। इस अवसर पर रामकुमार भड़ाना ने कहा कि मकर संक्रांति हिंदुओं का प्रमुख पर्व माना जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार पौष माह में जब सूर्य मकर राशि में आता है तब ये पर्व मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति के दिन शुभ मुहूर्त में स्नान और दान करके पुण्य कमाने का महत्व माना जाता है। उन्होंने कहा कि इस दिन भगवान को खिचड़ी का भोग लगाया जाता है। इस दिन मृत पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए खिचड़ी दान करने की परंपरा भी माना जाती है। इस मौके पर शंकर नंबरदार,पवन नागर, उदयराम, ब्रह्म प्रधान, अनीश प्रधान, सोनू शर्मा, सुधीर, अमन भड़ाना भी उपस्थित थे।

### बबली को मिला भारत गौरव रत्न अवार्ड



**फरीदाबाद।** लाजपत भवन नई दिल्ली में राज फाउंडेशन द्वारा आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम रखा। सामाजिक धार्मिक कार्यो में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने सनातन संस्कृति को अग्रसर रखने व जरुरतमंदों की सदैव मदद करने में तत्पर रहने के लिए पंडित सुरेन्द्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा को भारत गौरव रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया। फाउंडेशन की अध्यक्ष सविता अरोड़ा ने सुरेन्द्र शर्मा बबली के कार्यों की सराहना की। इससे पहले भी अनेक सम्मान से सम्मानित हो चुके हैं। हमें भी खुशी हुई आज इनको सम्मानित करते हुए इस सम्मान को प्राप्त कर सुरेन्द्र शर्मा बबली ने फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया। कहा सभी का स्नेह और भगवान का आशीर्वाद बना रहे। मैं सामाजिक धार्मिक व जनमानस मे समर्पित रहूं। इस अवसर पर गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### ब्राह्मण महासभा ने किया अनुष्का का स्वागत



**फरीदाबाद।** सीए की परीक्षा में फाइनल में पहला स्थान पाने पर अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा ने किया स्वागत। सीए फाइनल की परीक्षा में जिला फरीदाबाद की अनुष्का शर्मा ने प्रथम स्थान पाने पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट ने उनके घर जाकर फूलों का गुलदस्ता देकर बधाई दी। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वशिष्ठ ने कहा कि अनुष्का शर्मा ने सीए फाइनल में पहला स्थान हासिल कर के फरीदाबाद का नाम रोशन किया है। इस से पहले भी फरीदाबाद के होनहार बच्चे ने पढाई के साथ साथ खेलो व सिनेमा की दुनिया में शहर का नाम रोशन किया है, अब फरीदाबाद जिले के नाम देश में नहीं विदेशों में भी होने लगा है। आने वाले समय में फरीदाबाद जिला के बच्चे अपने देश में नहीं विदेश में नई पहचान बनायेंगे। वशिष्ठ ने कहा अनुष्का शर्मा के पिता अपने बच्चों का पढ़ाई में हर तरीके सहयोग करते रहे और जो पढ़ाई से सम्बंधित सहयोग को बढ़ चढ़कर पुरा किया। आज उनकी बेटी ने जिले में प्रथम स्थान हासिल किया। इस मौके पर फरीदाबाद कॉन्वेंट स्कूल के वाईस चेयरमैन सुनील मान, सोल पहनाकर अनुष्का शर्मा को बधाई दी। उस मौके पर उनके पिता ललित मोहन शर्मा, रेखा, सीए अंजलि शर्मा आदि मौजूद थे।

# दीपिका और वंदना को सीनियर महिला क्रिकेट टीम में शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



दीपिका कुमारी।



वंदना सैन।

**अंडर-15** टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन की बदौलत दीपिका कुमारी ने हरियाणा सीनियर महिला क्रिकेट टीम में जगह बनाई। इनके अलावा वंदना सैन को टीम में स्थान दिया गया। दोनों ही खिलाड़ी रविन्द्र फागना क्रिकेट अकादमी में प्रैक्टिस करते हैं। रविन्द्र फागना स्पोर्ट्स प्रमोशन क्लब के अध्यक्ष सतीश फागना ने बताया दोनों खिलाड़ी 18 जनवरी को मुंबई में बड़ौदा के खिलाफ होने वाले एक दिवसीय मुकाबले में हिस्सा लेंगी। वंदना का चयन सुल्तानपुर में आयोजित शिविर में प्रदर्शन के आधार पर हुआ है।

दीपिका ने अंडर-15 टूर्नामेंट के नौ मुकाबले में से सात में बल्लेबाजी करते हुए 225 रन बनाए और विकेटकीपिंग करते हुए 16 स्टंप व 6 कैच किए। दीपिका ने हरियाणा को फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश के खिलाफ खेलते हुए 54 रन की साझेदारी की थी। महाराष्ट्र के खिलाफ 73, जबकि फाइनल में विदर्भ के खिलाफ नाबाद 50 रन की पारी खेली थी। दीपिका क्रिकेट कोच संजय कुमार की बेटी हैं। वहीं वंदना सैन पहले भी हरियाणा सीनियर टीम के लिए खेल चुकी हैं। अभी हाल ही में टी-20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया है। वंदना चार वर्षों से जबकि दीपिका एक वर्ष रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी में अभ्यास कर रही है। पूर्व रणजी खिलाड़ी एवं बीसीसीआइ लेवल-1 कोच धर्मेंद्र फागना ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी है। उन्होंने बताया कि दीपिका सलामी बल्लेबाजी के साथ एक अच्छी विकेट कीपर भी है और वह फार्म हैं। जल्द ही भारतीय महिला टीम का हिस्सा भी बन सकती हैं।

# हरियाणा की प्रगति में सहयोगी है उत्तराखंड समाज : राजेश नागर

### उत्तराखंड एकता संगठन के तत्वावधान में मना उत्तरायण कौतिक पर्व

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**तिगांव** के विधायक राजेश नागर का सूर्य विहार पार्ट 3 में उत्तराखंड समाज द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। मौका था उत्तराखंड एकता संगठन के तत्वावधान में आयोजित उत्तरायण कौतिक पर्व का। जिसमें उत्तराखंडी कलाकारों ने अपने लोकगीतों द्वारा समा बांध दिया।

इस अवसर पर विधायक नागर ने सभी मौजूद व्यक्तियों को सांस्कृतिक पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड का समाज अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को समेटे पूरे भारत समेत दुनिया में रंग सजा रहा है। समाज के लोगों ने फरीदाबाद को भी अपनी कर्मभूमि बनाया है, जहां वह निरंतर हरियाणा के विकास में अपना अमूल्य योगदान दे रहे हैं। नागर ने कहा कि उत्तराखंड का समाज स्वाभाविक रूप से राष्ट्रवादी होता है, यही कारण है कि उत्तराखंडी परिवारों में फौज में जाने की प्रचलित परंपरा होती है। विधायक नागर ने कहा कि जो समाज अपनी संस्कृति के प्रति सजग रहता है, उसके लिए जीवन में कठिनाइयां कम हो जाती हैं और वह सदा जवान रहता है। नागर ने कहा कि पहाड़ ने हमेशा से समाज को आध्यात्मिक सांस्कृतिक दृष्टि एवं संपन्नता दी है। इसके लिए देश आपको सम्मान की दृष्टि से देखता है। गौरतलब है कि उत्तराखंड में उत्तरायण कौतिक वास्तव में मकर संक्रांति जैसा ही पर्व है जो सूर्य देव के उत्तरायण होने के समय मनाया जाता है।

इस अवसर पर पूर्व पार्षद राजेश तंवर, गिर्राज शर्मा, प्रहलाद शर्मा, सुरेंद्र बिधूड़ी, अजब चंदीला, संस्था के अध्यक्ष आनन्द सिंह गोनी, संस्थापक महेंद्र सिहं बिष्ट, महासचिव गनेश भाकुनी, व्यवस्थापक आनंद सिंह नेगी, सचिव भवान सिंह नेगी, भूपेंद्र चौधरी, अमित जांगड़ा, वासुदेव भारद्वाज, जगत रावत, अजय रावत, भुवन भाकुनी भारती, मदन भंडारी, उमेश काला, कमल पोखरियाल, सुरेंद्र रजवाड़, गिरीश लकेड़ा, खेमा नंद ढौंडियाल, भगत सिंह बिष्ट, मंगल सिंह पटवाल आदि अनेक व्यक्ति मौजूद रहे।

## विनोद शर्मा बने जिला ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष

**फरीदाबाद।** जिला ब्राह्मण सभा पलवल की वार्षिक आम सभा में प्रबंधन समिति के चुनाव का आयोजन होडल विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख गांव खाम्बी में किया गया। जिसमें जिला ब्राह्मण सभा पलवल के पूर्व पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भाग लिया।

अध्यक्ष पद के लिए लगभग 20 नामांकन प्राप्त हुए। जिसमें सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष के रूप में गांव खाम्बी के स्थाई निवासी विनोद शर्मा को चुना गया है। जानकारी देते हुए चुनाव अधिकारी राजवीर सरपंच खाम्बी, नरेंद्र एडवोकेट पलवल, शैलेंद्र शर्मा, देवदत्त शर्मा ने बताया कि वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महासचिव कोषाध्यक्ष एवं प्रबंधन समिति के अन्य सदस्यों का मनोनयन एवं चयन करने का अधिकार भी नवनिर्वाचित अध्यक्ष विनोद शर्मा के नेतृत्व में कमेटी निर्धारित करेगी। इस अवसर पर बलबीर शर्मा-प्रदेश अध्यक्ष विश्व ब्राह्मण महासंघ (दिल्ली) प्रदेश, नित्यानंद शर्मा, संतराम शर्मा, पूर्व सरपंच राजेश शर्मा, युगल किशोर शर्मा, जिला ब्राह्मण महासभा के पूर्व महासचिव विष्णु गौड़, मोहित मनोहर आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# लायक बेटे की तरह कर रहा हूं पृथला क्षेत्र की सेवा : विधायक रावत

### गांव ककड़ीपुर व महमूदपुर में विधायक ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

**प्रवीन शर्मा।** फरीदाबाद



गांव ककड़ीपुर में पृथला के विधायक नयन पाल रावत का स्वागत करते ग्रामीण।

**हरियाणा** भंडारण निगम के चेयरमैन एवं विधायक नयनपाल रावत ने पृथला विधानसभा क्षेत्र के गांव ककड़ीपुर और महमूदपुर में दौरा करके लोगों की जनसमस्याएं सुनीं। इस दौरान ग्रामीणों ने अपने विधायक को देख उनका सम्मान रूपी पगड़ी बांधकर एवं फूल मालाओं से स्वागत किया और ढोल नगाड़ों के साथ उन्हें पूरे गांव में सम्मान के साथ लोगों से मिलवाया। विधायक नयनपाल रावत ने भी बुजुर्गो व माताओं से आशीर्वाद लिया और ग्रामीणों द्वारा आयोजित स्वागत समारोह के दौरान उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। विधायक ने समस्याएं सुनने के बाद ग्रामीणों को आश्वास्त किया कि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान करवाया दिया जाएगा।

उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए विधायक नयनपाल रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आशीर्वाद से पूरे पृथला क्षेत्र में विकास का पहिया तेजी से घूम रहा है। आने वाले समय में पृथला क्षेत्र की सभी सडकें चकाचक करवा दी जाएगी ताकि एक गांव से दूसरे गांव जाने में लोगों को परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि पीछे बरसाती मौसम के चलते इन सडकें के निर्माण के कार्य में देरी हुई थी, लेकिन अब जल्द ही यह सड़कें बनकर तैयार हो जाएगी। रावत ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने जिस प्यार व आशीर्वाद से उन्हें विधानसभा में भेजा है, एक लायक बेटे की तरह वह इस क्षेत्र में अधिक से अधिक विकास करवाकर अपना दायित्व निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सड़कों के अलावा क्षेत्र में बिजली, पानी सहित अन्य समस्याओं पर भी तेजी से काम किया जा रहा है और अधूरे विकास कार्य पूरा करने के लिए अधिकारियों को सख्त दिशा-निर्देश दे दिए हैं।

इस अवसर पर कविंदर सरपंच ककड़ीपुर, गंगाराम नम्बरदार, दौलती, महावीर, प्रेमवीर, सरपंच महमदपुर, रामकुमार सरपंच, हरप्रसाद, शिवप्रसाद, ललित, निखिल बीसला, दुर्गेश, ज्ञान कौशिक, दिगम्बर चौधरी सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## चोरी की मोटरसाइकिल खरीदने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा-निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 48 प्रभारी राकेश सिंह की टीम ने चोरी की मोटरसाइकिल खरीदने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम हर्ष उर्फ शैंकी है। जो उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर का रहने वाला है और फरीदाबाद के दयालपुर गांव में किराए के मकान पर रह रहा था। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने करीब 20 दिन पहले बल्लभगढ़ सिटी पार्क के पास से किसी व्यक्ति से एक चोरी की डीलक्स मोटरसाइकिल खरीदी थी जिसके बारे में अभी जांच की जा रही है। आरोपी के खिलाफ धौज थाने में चोरी का सामान खरीदने की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

# कई एसोसिएशनों ने सौंपा परिवहन मंत्री को ज्ञापन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद




**हरियाणा** मिड-डे-मील वर्कर्स, डीटीएच एण्ड पार्ट टाइम स्वीपर एसोसिएशन ने हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा का कैबिनेट में विभाग बढ़ाकर दर्जा बढ़ने पर तथा उनके भाई टिपर चंद शर्मा स्कूल वर्कर्स की ओर से कंवरपाल, तेजराम एवं हरियाणा प्राईमरी टीचर एसोसिएशन के प्रधान चतर सिंह ने स्वागत किया। स्कूल वर्कर्स के प्रतिनिधियों हरबंश, मंजू ने संयुक्त रूप से बताया कि मंत्री श्रीशर्मा का स्वागत के उपरांत सरकारी स्कूलों के वर्कर्स मिड-डे-मील वर्कर्स, डीटीएच चौकीदार एवं पार्ट टाइम स्वीपर की समस्याओं के समाधान के लिए ज्ञापन दिया। ज्ञापन में मिड डे मील वर्कर्स को 18000 रुपये मासिक वेतन देने, पार्ट टाइम स्वीपर व डीटीएच चौकीदारों को नियमित करने, पार्ट टाइम स्वीपर व मिड डे मील वर्कर्स को वर्ष में 10 महीने वेतन मिलता है, इनको पूरे 12 महीने वेतन देने एवं पलवल जिले के पार्ट टाइम स्वीपर के बराबर मानदेय देने की मांग शामिल हैं। पलवल जिले में पार्ट टाइम स्वीपर को 11500 रुपये मासिक मिलता है जबकि फरीदाबाद में 6312 रुपये मिलते हैं। इस अवसर पर रामकिशन, राजेन्द्र, शारदा, राखी, सुनीति, प्रेम शीला, हरीचंद शर्मा, वीरपाल, राधा, रिंकू देवी, राम प्रकाश, धर्मपाल सहित सैंकड़ों वर्कर्स शामिल थे।

## एमवी गंगा विलास

### नदी पर्यटन का प्रारंभ

**दुनिया** के सबसे लंबे नदी क्रूज़ एमवी गंगा विलास को हरी झंडी दिखाने के बाद नदी पर्यटन का नया अध्याय खुला है। दुनिया का सबसे लंबा क्रूज गंगा विलास पूर्वी राज्यों में पर्यटन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा, वहां आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा रोजगार सृजन होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से वाराणसी से क्रूज़ को हरी झंडी दिखाई। इसमें स्विटजरलैंड के 32 पर्यटक सवार हैं जो बांग्लादेश होकर असम के डिब्रूगढ़ तक इसकी पहली यात्रा का आनन्द उठाएंगे। प्रधानमंत्री ने वाराणसी में एक टेंट सिटी का भी उद्घाटन किया जिसमें 200 लक्ज़री टेंटों से गंगा के किनारे के शानदार घाट दिखाई देंगे। टेंट सिटी में रहने वाले पर्यटकों को पवित्र गंगा नदी तथा प्राचीन शहर की आध्यात्मिकता व जीवन्तता का अनुभव होगा। शास्त्रीय संगीत के सजीव प्रसारण तथा सजीव गंगा 'आरती' का आनन्द लेने के साथ पर्यटकों को योग सत्रों में भाग लेने का अवसर भी मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 1,000 करोड़ रुपये की अंतर्देशीय जलमार्ग परियोजना की नींव रखी है। उन्होंने ठीक ही कहा, 'इस क्रूज़ से अब पूर्वी भारत के अनेक स्थान विश्व पर्यटन मानचित्र से जुड़ जाएंगे। इस तथ्य से अधिक दुर्भाग्यपूर्ण भला क्या हो सकता है कि स्वतंत्रता के बाद से ही गंगा के किनारे पिछड़े रहे हैं और उनका विकास नहीं किया गया।' 27 नदी व्यवस्थाओं के प्रत्यक्षदर्शी बनने वाले क्रूज़ पर्यटक 50 प्रमुख स्थलों की विविधता भी देखेंगे। इनमें विश्व विरासती स्थल, राष्ट्रीय पार्क, नदी घाट तथा पटना, झारखंड के शाहीगंज, कोलकाता, ढाका व गोहाटी जैसे शहर शामिल हैं। मोदी की पर्यटन विकास में दिलचस्पी और जोश देख कर बहुत प्रसन्नता होती है, जिसमें लक्ज़री पर्यटन भी शामिल है। गंगा विलास क्रूज़ में यात्रा का खर्च लगभग 20 लाख रुपये प्रति व्यक्ति होगा, अत: यह निश्चित रूप से सर्वाधिक अमीरों के लिए है।



इससे यह तथ्य भी स्पष्ट होता है कि संभवत: नरेन्द्र मोदी देश के ऐसे पहले प्रधानमंत्री हैं जिनके मन में 'भारत गरीब है' जैसी कोई ग्रंथि नहीं है। पिछले लगभग सौ साल में भारतीय राजनेता इस ग्रंथि से न केवल ग्रस्त रहे हैं, बल्कि उन्होंने अपने बयानों व भाषणों तथा नीतियों व कार्यक्रमों से इसे प्रोत्साहन दिया। सबसे बुरी बात है कि गरीबी का 'महिमामंडन' महात्मा गांधी के समय से ही शुरू हो गया था जो कुछ साल पहले तक जारी रहा। इसका सबसे बुरा प्रभाव पर्यटन पर पड़ा जिसे अमीरों का विशेषाधिकार माना जाता था। इस पर अन्य क्षेत्रों की तरह ध्यान कभी नहीं दिया गया। उदाहरणार्थ, जवाहरलाल नेहरू के समय भारी उद्योगों, इंदिरा गांधी के समय कृषि तथा राजीव गांधी के समय कंप्यूटरों पर ध्यान दिया गया। यह सोचा गया कि आखिरकार पर्यटन में केवल अमीरों की ही दिलचस्पी होती है। भारत में कुछ ही लोगों ने पर्यटन को असाधारण वृद्धि व रोजगार सृजन संभावनाओं वाला क्षेत्र माना और इनमें से कोई राजनेता नहीं था। यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां जीवन के सभी क्षेत्रों के लोग सहभागिता करते हैं। इनमें शिक्षित व निरक्षर, कुशल व अर्धकुशल, अकुशल, कारीगर व दस्तकार, होटल और दूकानदार, आदि सभी शामिल हैं। आश्चर्य नहीं कि संसदीय समितियों के अनुसार, पर्यटन क्षेत्र पर भारी टैक्स लगे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस बात का श्रेय दिया जाना चाहिए कि उन्होंने न केवल पर्यटन की संभावनायें पहचानीं, बल्कि उनके लिए काम किया। पर्यटन को उनके प्रोत्साहन का एक उदाहरण गुजरात का कच्छ क्षेत्र है जहां एक टेंट सिटी बहुत पहले स्थापित हो चुका था। समय आ गया है कि सरकार पर्यटन क्षेत्र से टैक्स घटाने पर भी विचार करे।

# बड़ा आर्थिक सुधार था नोटबंदी

**नोटबंदी एक बड़ा आर्थिक सुधार था जिसने समावेशी व टिकाऊ अर्थव्यवस्था की नीव डालने में सहायता की। सर्वोच्च न्यायालय ने नोटबंदी की संवैधानिकता पर अपनी मुहर लगा दी है।**



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ ने 2 जनवरी, 2023 को एक के मुकाबले चार न्यायाधीशों के बहुमत से नोटबंदी की संवैधानिक वैधता पर अपनी मुहर लगा दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने 8 नवंबर, 2016 को नोटबंदी की घोषणा की थी। हालांकि, नोटबंदी से अर्थव्यवस्था को अनेक लाभ हुए, पर इस कदम पर जारी विवाद अभी थमने का नाम नहीं ले रहा है। देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस ने नोटबंदी पर सर्वोच्च न्यायालय के फैसले को 'विनाशकारी' बताते हुए कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने इस सवाल पर विचार ही नहीं किया कि 'क्या नोटबंदी के घोषित लक्ष्य प्राप्त हुए या नहीं।' अनेक राजनीतिक व आर्थिक विशेषज्ञों की राय है कि नीतिगत मामला होने के कारण नोटबंदी केन्द्र सरकार व कार्यपालिका के विशेष अधिकार क्षेत्र में आता है अत: न्यायपालिका द्वारा इसकी समीक्षा की आवश्यकता ही नहीं थी। ऐसे में सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय केवल नोटबंदी के सरकारी फैसले की वैधता जांचने तक सीमित था।

जहां तक नोटबंदी के प्रभाव का सवाल है, इसके वस्तुनिष्ठ व निष्पक्ष विश्लेषण की आवश्यकता है। नोटबंदी के कदम के पीछे एक प्रमुख आधार काले धन की विभीषिका पर नियंत्रण लगाना था। 'काला धन' शब्द का अर्थ नकद में मिलने वाली ऐसी आमदनी है जिसे कहीं दर्ज नहीं किया जाता है और जिस पर सरकार को कोई कर नहीं अदा किया जाता है। नोटबंदी के पहले यह अवधारणा व्याप्त थी कि ऐसा अधिकांश काला धन 1,000 व 500 रुपये के नोटों के रूप में है। इसी अवधारणा के चलते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने तय किया कि इन नोटों को 'अवैध' घोषित कर दिया जाये या दूसरे शब्दों में 1,000 व 500 रुपये के नोटों की 'नोटबंदी' कर दी जाए। इससे भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई की इन नोटों के धारकों को समान मूल्य अदा करने के दायित्व से मुक्ति मिल जाती। सरल भाषा में कहा जाए तो नोटबंदी की घोषणा के बाद इन नोटों का मूल्य 'शून्य' हो गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस विश्वास पर काम किया कि जिन लोगों ने अवांछित गतिविधियों से नकदी एकत्र की होगी, उसे ये नोट जमा करने के लिए बैंकों में जाने का साहस नहीं होगा क्योंकि इससे वह आयकर विभाग तथा अन्य सरकारी एजेंसियों के राडार पर आ जाएगा। अवैध रूप से नकदी संग्रह का उदाहरण कुछ ऐसे नौकरशाह थे जो निजी उद्यमों, आदि का समर्थन करने के लिए रिश्वत के रूप में इसे प्राप्त करते थे। उम्मीद की गई थी कि ऐसे लोगों द्वारा एकत्र अवैध नोट उनकी तिजोरियों में पड़े-पड़े सड़ जाएंगे। वित्त मंत्रालय के अधिकारियों को उम्मीद थी कि लगभग 3,00,000 करोड़ रुपये के नोट 'नोटबंदी' के बाद वापस नहीं आएंगे। इससे भारतीय रिजर्व बैंक को लाभ होता क्योंकि उसे इन करोड़ों रुपयों के दायित्व से मुक्ति मिल जाती। इस भारी उपलब्धि का एक हिस्सा केन्द्र सरकार को हस्तांतरित किया जा सकता था जिसका प्रयोग राजकोषीय घाटा कम करने या ढांचागत परियोजनाओं की फंडिंग में किया जा सकता था। इसका प्रयोग गरीब जनता के लिए कल्याणकारी कार्यों में भी किया जा सकता था। लेकिन चीजें उम्मीद के अनुसार नहीं हुईं। 8 नवंबर, 2016 को नोटबंदी की घोषणा वाले दिन जनता में प्रचलित 1,000 व 500 रुपये मूल्य वाले नोटों का कुल मूल्य 1540,000 करोड़ रुपये था। इन नोटों में से 1530,000 करोड़ रुपये मूल्य के नोट या तो जमा किए गए या उनको नई मुद्रा से बदला गया। इस प्रकार 10,000 करोड़ रुपये मूल्य के नोट ही वापस नहीं आए जो उम्मीद का बहुत छोटा हिस्सा था। प्रतिबंधित नोटों के स्थान पर नई मुद्रा छापने में तथा उनको वितरित करने की ढांचागत संरचना बनाने में लगभग 8,000 करोड़ रुपये खर्च हुए। इस प्रकार नोटबंदी से भारतीय रिजर्व बैंक को केवल 2,000 करोड़ रुपये मूल्य के मामूली दायित्व से ही मुक्ति मिली। लेकिन केवल इस आधार पर यह कहना गलत होगा कि नोटबंदी निरर्थक सिद्ध हुई क्योंकि इसके कारण अर्थव्यवस्था को अनेक अन्य लाभ हुए। आंकड़ों का गहराई से विश्लेषण करने पर पता चलता है कि केवल 110,000 लोगों ने 400,000 करोड़ रुपये के नोट जमा किए, यानी यह प्रति व्यक्ति 3.6 करोड़ रुपया था।

कार्पोरेट मामलों के मंत्रालय-एमसीए द्वारा 5 नवंबर, 2017 को जारी प्रेस बयान के अनुसार, '56 बैंकों से प्राप्त सूचनाओं की प्राथमिक जांच से पता चलता है कि 35,000 कंपनियों के 58,000 खातों से 17,000 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि जमा की गई जिसे नोटबंदी के बाद वापस लिया गया।' एक मामला ऐसा भी आया जहां एक कंपनी की बैलेंसशीट 8 नवंबर, 2016 को नकारात्मक थी, पर उसने 2,484 करोड़ रुपये जमा कराए और नोटबंदी के बाद उनको वापस लिया। इस प्रकार 'काले धन का एक पहाड़' बैंकों तक पहुंच गया जिसे जमा करने वाले अनेक लोगों ने इसे 'वैध धन' में बदलने के अनेक प्रयास किए। यह गंभीर व व्यापक जांच का विषय है कि ऐसे लोग कहां तक सफल हुए? लेकिन नोटबंदी से निश्चित रूप से एक बड़ा सकारात्मक परिवर्तन सामने आया। बैंकों को सैकड़ों-हजारों करोड़ मूल्य की मुद्रा मिल गई जिससे उनकी कर्ज देने की क्षमता में भारी बढ़ोत्तरी हुई। सरकार द्वारा नोटबंदी के बाद चलाए 'आपरेशन क्लीन' से 'संदिग्ध' प्रकृति के 1.8 मिलियन खाते सामने आए जिनमें 300,000 करोड़ रुपये से अधिक धनराशि थी। आयकर विभाग ने इन खातों की गहन जांच की तथा खाताधारकों से कर तथा जुर्माना वसूलने में सफलता पाई। इस बीच सरकार ने एक कम कठोर विकल्प की घोषणा भी की। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना-पीएमजीकेवाई के अंतर्गत 16 दिसंबर, 2016 से 31 मार्च 2017 तक 50 प्रतिशत टैक्स तथा 25 प्रतिशत बिना ब्याज कर्ज का विकल्प रखा गया। यह योजना ऐसे लोगों के लिए लाई गई थी जो अपनी गलती स्वीकार कर भविष्य में ईमानदार करदाता बनने का अवसर तलाश रहे थे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार द्वारा आर्थिक सुधारों के इन उल्लेखनीय व अभूतपूर्व सुधारों के परिणामस्वरूप बहुत अच्छे नतीजे सामने आए। इन कदमों के कारण कर संग्रह में भारी वृद्धि हुई। मूल्यांकन वर्ष 2017-18 के दौरान कुल 70 मिलियन रिटर्न फाइल हुए। यह संख्या आंकलन वर्ष 2014-15 में फाइल 36 मिलियन रिटर्न की तुलना में लगभग दूनी थी। बीच के इस कालखंड में रिटर्न फाइल करने वाले 34 मिलियन लोगों में से लगभग 16 मिलियन की संख्या केवल आंकलन वर्ष 2017-18 के समय में बढ़ी। करदाताओं की इस बढ़ी हुई संख्या के साथ ही सरकार द्वारा प्राप्त प्रत्यक्ष कर राजस्व-डीटीआर में भारी वृद्धि हुई। जहां वित्त वर्ष 2016-17 में प्रत्यक्ष कर राजस्व 850,000 करोड़ रुपये था, वहीं 2017-18 में यह बढ़ कर 1000,000 करोड़ रुपये से भी अधिक हो गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार के इन कठोर प्रयासों व योजनाओं के परिणामस्वरूप देश में काले धन पर कठोर प्रहार हुआ। सरकार की इन योजनाओं से काले धन पर लगाम लगाने तथा काला धन वसूलने में काफी मदद मिली। सरकारी एजेंसियों द्वारा की जाने वाली जांचों से होने वाले खुलासों से बड़ी संख्या में 'फर्जी कंपनियों' पर लगाम लगाई जा सकी जो 'काले धन' को 'वैध धन' में बदलने का काम करती थीं। सरकार ने कठोर राजनीतिक इच्छाशक्ति प्रदर्शित करते हुए 200,000 से अधिक ऐसी 'फर्जी कंपनियों' का पंजीकरण समाप्त किया। इससे आयकर विभाग को अपनी जांचों व जब्ती प्रक्रियाओं को तेज करने में सहायता मिली। इन कदमों के परिणामस्वरूप देश में 125,000 करोड़ रुपये से अधिक की अघोषित आमदनी पकड़ी गई।

# खाद्य संकट से निबटने में मददगार 'एआई' तकनीक

> **पिछले कुछ वर्षों में कई गुना विकसित, कृत्रिम बुद्धि कृषि सहित कई क्षेत्रों में समाधान प्रदान करती है।**

**राजेश कुमार सिंह**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



जलवायु परिवर्तन और बाढ़ और सूखे जैसे अन्य पर्यावरणीय झटके जैसे कई कारकों के कारण दुनिया में व्यापक खाद्य संकट देखा जा रहा है, जिससे खाद्य संकट बढ़ रहा है। इसके अलावा, रूस-यूक्रेन और अन्य संघर्षों, गरीबी, अत्यधिक मुद्रास्फीति, वस्तुओं की बढ़ती कीमतों, लंबे समय से जारी कोविड महामारी, अनाज के कम उत्पादन और फिर दुनिया के कुछ हिस्सों में बढ़ती जनसंख्या के कारण आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान खाद्य संकट को गंभीर बना रहे हैं। विश्व बैंक का सुझाव है कि बढ़ता खाद्य संकट लाखों लोगों को अत्यधिक गरीबी में धकेल रहा है, भूख और कुपोषण में वृद्धि कर रहा है और पिछले कुछ दशकों में सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के संदर्भ में लाभ को मिटाने की धमकी दे रहा है। यहां, विशेषज्ञ मानते हैं कि केवल कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जैसी नई तकनीकों का लाभ उठाकर देश इस खाद्य संकट से निपटने में सक्षम हो सकता है जो अन्यथा बढ़ सकता है।

पिछले कुछ वर्षों में कई गुना विकसित, कृत्रिम बुद्धि कृषि सहित कई क्षेत्रों में कई समाधान प्रदान करती है। एआई फसल रोग, कीट, मौसम के प्रभाव, कीटनाशकों और खरपतवार नाशकों का पता लगाने में मदद कर सकता है। एआई सटीक खेती के माध्यम से किसानों को उच्च उपज प्राप्त करने में मदद करती है।

आवश्यक बुनियादी ढांचे और तकनीकी ज्ञान की कमी और खेती की पारंपरिक शैलियों के साथ बने रहने से भारत सहित दुनिया के बड़े हिस्से में कृषि समस्याएं और भी गंभीर हो गई हैं। हालांकि, मांग तेजी से बढ़ रही है। यदि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के अनुमानों पर विश्वास किया जाए, तो अनाज, दाल, अंडे, फल, सब्जियां और दूध की मांग 2000 की आवश्यकताओं की तुलना में 2030 तक दोगुनी से अधिक हो सकती है। इस अवधि के दौरान, खाद्यान्न मांग में भी 85 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी की उम्मीद है। दुनिया के कई हिस्सों में भी यही स्थिति है। स्थिति को पहले से ही भांपते हुए, भारत पहले ही सभी आवश्यक साधनों के साथ इस रास्ते पर आगे बढ़ चुका है। प्रधानमंत्री की विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सलाहकार परिषद का कहना है, एआई व्यय 2019 और 2025 के दौरान वर्ष दर वर्ष आधार पर 39 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है और नीति आयोग का अनुमान है कि एआई 2035 तक भारतीय अर्थव्यवस्था में एक ट्रिलियन डॉलर तक जोड़ सकती है और विशेषज्ञों का सुझाव है कि इसका एक महत्वपूर्ण हिस्सा केवल कृषि क्षेत्र में होगा। वर्तमान में, भारतीय कृषि-प्रौद्योगिकी बाजार का मूल्य 204 मिलियन आंका गया है। आने वाली नई एआई तकनीकों से भारतीय कृषि को आर्थिक सर्वेक्षण के साथ बदलने की उम्मीद है, जिसमें भारत के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि का योगदान 2020-21 में 19.9 प्रतिशत होने की संभावना है, जो 2019-20 में सिर्फ 17.1 प्रतिशत था। इसके अलावा, एआई आधुनिक कृषि की जटिलताओं से निपटने में मदद करने के अलावा कुशल और लागत प्रभावी संसाधन और उपज प्रबंधन में मददगार हो सकती है।



कृषि-डेटा स्टैक में मदद करने से एआई किसानों को तापमान, मौसम, पानी की खपत, मिट्टी की स्थिति, उर्वरकों के उपयोग जैसी प्रासंगिक जानकारी निकालने और विश्लेषण करने में मदद कर सकती है, इसके अलावा सार्वजनिक और निजी दोनों संस्थाओं का समर्थन कर सकता है जो कृषि गतिविधियों में तेजी से शामिल हो रहे हैं। एआई किसानों को मौसमी जानकारी मौसम के पूर्वानुमान और खेती की सटीकता और उत्पादकता में सुधार के लिए शुरुआती चेतावनी देने में मदद कर सकती है। एआई अपने सटीक और वास्तविक समय के डेटा के साथ, मांग और आपूर्ति के बेमेल को दूर करने में भी सहायक हो सकती है।

इसके अलावा, एआई-सक्षम इंटरनेट ऑफ थिंग्स के माध्यम से सटीक खेती, उपज और मूल्य प्रबंधन भी संभव होगा, क्योंकि 5जी तकनीक की उपलब्धता बस कुछ ही समय की बात है। एआई-समर्थित ड्रोन-आधारित कैमरे खेती से संबंधित वास्तविक समय के मुद्दों की पहचान करने में भी मदद कर सकते हैं। स्पष्ट रूप से, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लाउड कंप्यूटिंग, सैटेलाइट इमेजरी और उन्नत एनालिटिक्स का संयोजन निश्चित रूप से हमें कम अनिश्चितताओं के साथ स्मार्ट कृषि की ओर ले जाएगा। कई राज्य कृषि में एआई को अपनाने के बारे में गंभीर हैं, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश और कुछ अन्य इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

## आप की बात

### अनावश्यक आपत्ति

**जबसे** सयुक्त अरब अमीरात ने घोषणा की कि राज्य की तेल कंपनी अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी के प्रमुखए सुल्तान अल जबर इस साल के कॉप 28 जलवायु शिखर सम्मेलन का नेतृत्व करेंगे, तबसे दुनिया भर के पर्यावरणवादियों में रोष देखने को मिल रहा है। ये संयुक्त अरब अमीरात के उद्योग और प्रौद्योगिकी मंत्री भी हैं। आलोचकों का कहना है की जीवाष्म ईंधन के कारोबारी को इतने बड़े मंच का संचालक बनाना ठीक नहीं होगा। लेकिन सवाल उठता है कि अबतक के जो दुनिया भर में 27 जलवायु सम्मेलन आयोजित हुए हैं उससे बढ़ते तापमान एवं कार्बन उत्सर्जन पर कितना कमी ला पाएं हैं? अब तक के बैठकों में केवल बातें ही हुई हैं। ठोस कुछ भी नहीं हुआ है। अमीर एवं औधोगिक देश जिनके कार्बन उत्सर्जन के कारण गरीब देशो को असमय बाढ़, सूखे, हिमस्खलन एवं समुद्रतटों का बढ़ता दायरा, जंगलों में आग के कारण लाखों लोगों का जीवन प्रभवित हो रहा है, उस पर तो किसी कार्यकर्त्ता ने कभी आवाज़ नहीं उठाई है। जब यूएई ने लिख कर दे दिया है कि वो 2050 तक नेट शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त कर लेगा तो उसके किसी तेल कंपनी के मालिक की नियुक्ति से हंगामा मचाना गलत बात है।

**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### डब्लूएचओ की सलाह

**दुनिया** भर में शराब पीने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रहीं हैं। हर वर्ष शराब का अत्यधिक सेवन करने से हजारों लोग बीमार होते है। शराब के सेवन से फिजिकल हेल्थ के साथ.साथ मेंटल हेल्थ भी प्रभावित होती है। इसी को देखते हुए डब्ल्यूएचओ लम्बे समय से शराब से होने वाले नुकसान का आकलन कर रहीं है। हाल ही में वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन द्वारा शराब को जारी रिपोर्ट के मुताबिक, शराब का कम से कम मात्रा में सेवन करना भी सेहत के लिए नुकसानदायक होता है। कई सालों तक शराब के होने वाले नुकसानों पर आंकलन करने के बाद पता चला है कि शराब की एक बूंद के सेवन से कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों होने का जोखिम कई गुना बढ़ जाता हैं। इसके मुताबिक शराब में एक जहरीला पदार्थ मिलाया जाता है जो सेहत को लम्बे समय तक नुकसान पहुंचाता हैं। अल्कोहल का सेवन करने से लगभग सात तरह के कैंसर होने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में सरकार को ही इसके रोकथाम के लिए सख्त से सख्त कदम उठाने चाहिए। हालांकि, इस मुद्दे पर और चिकित्सकों के बयान भी आने की संभावना है जिनमें से अनेक अल्पमात्रा में मदिरापान की पैरवी कर सकते हैं।

**निधि जैन,** गाजियाबाद

### सभ्य व्यवहार जरूरी

**हवाई** जहाज़ में यात्रा करना कुछ लोगों के लिए सामान्य बात व कुछ लोगों का सपना होता है। यह न केवल यात्रा का सुगम साधन है बल्कि समय की बहुत बचत भी करता है। परंतु पिछले कुछ समय से हवाई यात्रा से जुड़े ऐसे समाचार आ रहे हैं जिससे लगता है कि इस यातायात के साधन का भी बुरा दौर चल रहा है। अभी पिछले वर्ष नवमबर में ही न्यूयॉर्क से दिल्ली आती फ़्लाइट में यात्री द्वारा अपने सहयात्री पर पेशाब करने का समाचार सुर्खियों में था कि दिसंबर में फिर एक दूसरी घटना में पेरिस से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की फ़्लाइट के यात्री ने अपने सहयात्री से दुर्व्यवहार किया व उसकी ब्लैंकेट पर पेशाब कर दिया। यह किसी भी समाज के लिए बेहद शर्मनाक है परंतु इन सभी घटनाओं में एक बात समान हैं और वो ये कि सभी यात्री अत्यधिक शराब का सेवन किये हुए थे। सरकार व विमान सेवाओं को भी सोचना होगा कि हवाई जहाज़ कोई शराब पीने की जगह नहीं है। विमान यात्रायें सस्ती होने के बावजूद हवा में उड़ने वालों को खास समझा जाता है, अत: उनको सभ्य व्यवहार करना चाहिए।

**पुनीत अरोड़ा,** मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**यदि** प्रशासन को केवल केन्द्र सरकार के इशारे पर काम करना हो तो दिल्ली में निर्वाचित सरकार का उद्देश्य क्या है।

**- डी.वाई. चंद्रचूड़**
भारत के प्रधान न्यायाधीश



**दक्षिण** के लिए दुनिया लगातार परिवर्तनशील व अस्थिर होती जा रही है।

**- एस. जयशंकर**
विदेश मंत्री



**मैं** पूरे आंध्र प्रदेश की ओर से आरआरआर टीम को मुबारकवाद देता हूं।

**- जगनमोहन रेड्डी**
आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री

# योगी ने गुरु गोरखनाथ को चढ़ाई आस्था की पवित्र खिचड़ी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ, गोरखपुर

- बाबा का विधिवत पूजन कर की लोकमंगल की कामना
- गोरखनाथ मंदिर में खिचड़ी निवेदित करने उमड़े लाखों श्रद्धालु



**मकर** संक्रांति के पावन पर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार की सुबह 4 बजे शिवावतार गुरु गोरखनाथ को नाथपंथ की विशिष्ट परंपरा के अनुसार पुण्यकाल में आस्था की पहली खिचड़ी चढ़ाई और लोकमंगल की कामना की। उसके बाद नेपाल राजवंश की ओर से खिचड़ी चढ़ाई गई। फिर नाथ योगियों, साधु संतों ने खिचड़ी चढ़ाकर पूजा अर्चना की। इसके साथ मंदिर के गर्भगृह के पट को आमजन के लिए खोल दिया गया और लोक आस्था की पवित्र खिचड़ी चढ़ाने कर शुरूआत हो गई। लाखों की संख्या में उमड़े श्रद्धालुओं के खिचड़ी चढ़ाने और मंगल कामना का सिलसिला शुरू हो गया। सीएम एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने नाथपंथ की परंपरा के अनुसार जमीन पर बैठ कर पवित्री एवं सिंगी नाद से सिटी बजा कर भगवान गुरु गोरखनाथ को प्रणाम कर आदेश लिया। फिर विधिवत पूजन कर गोरक्षपीठ की ओर से खिचड़ी चढ़ाई। उसके बाद त्रेतायुग से प्रज्ज्वलित अखण्ड ज्योति का पूजन कर आशीर्वाद लिया।

मकर संक्रांति के पावन पर्व पर शिवावतार गुरु गोरखनाथ को लोक आस्था की खिचड़ी चढ़ाने लाखों श्रद्धालु कड़ाके की ठंड के बीच गोरखनाथ मंदिर में उमड़े। सुख समृद्धि एवं अरोग्य की मंगलकामना को लेकर उत्तर प्रदेश, बिहार समेत अन्य राज्यों और पड़ोसी राज्य नेपाल से आए श्रद्धालुओं ने रविवार की सुबह 4 बजे के बाद कतारबद्ध होकर गुरु गोरखनाथ को श्रद्धा की खिचड़ी निवेदित की। उसके बाद मंदिर परिसर में स्थित सभी देवी देवताओं के विग्रहों का पूजन कर ब्रह्मलीन महंत बाबा गंभीरनाथए ब्रह्मलीन महंत दिग्विजनाथ एवं ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर माथा टेक आशीर्वाद लिया। इस दौरान गुरु गोरखनाथ की जय जयकार से पूरा मंदिर प्रांगण गूंज रहा था। जयकारे की एक लहर थमती नहीं कि दूसरी शुरू हो जाती। गोरखनाथ मंदिर का खिचड़ी मेला लोक श्रद्धा भाव के साथ सामाजिक समरसता का भी मेला है। अमीर गरीब सभी नंगे पाव कतारबद्ध होकर बारी बारी भगवान गोरखनाथ को आस्था की पवित्र खिचड़ी चढ़ा रहे थे। कोई मुठ्ठी भर श्रद्धा का चावल लेकर आ रहा था तो कोई बोरी भर। लेकिन भगवान के प्रति भाव सभी का उतना ही था, न जाति का बंधन था न ही धर्म का। शुक्रवार की रात से ही श्रद्धालु बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाने पहुंच गए थे। रविवार को यह संख्या लाखों में हो गई। सुबह चार बजे ही श्रद्धालुओं की लम्बी कतार मंदिर परिसर से बाहर सड़क तक लग गई थी। अलग अलग गेट और बैडिकेडिंग से श्रद्धालुओं की भीड़ को संभाला जा रहा था। श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा व सहूलियत को लेकर मंदिर व जिला प्रशासन की ओर से मुकम्मल इंतजाम किए गए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद सभी व्यवस्थाओं पर नजर बनाए हुए थे। रविवार को मंदिर परिसर में श्रद्धा के साथ सभी श्रद्धालुओं को खिचड़ी का प्रसाद सहभोज में वितरित किया। अमीर गरीब, जाति, वर्ग का भेदभाव भुलाकर सबने खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर में आमंत्रित अतिथियों के लिए भी सहभोज का आयोजन किया गया।

## खिचड़ी में चढ़े अन्न के हर दाने का उपयोग करता है मंदिर प्रशासन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ, गोरखपुर

- जरूरतमंदो के घर शादी-ब्याह में भी दिया जाता है चावल-दाल

**गोरक्षनाथ** मंदिर गोरखपुर जहां खिचड़ी के दिन चावल दाल की बरसात होती है। माह भर तक चलने वाले खिचड़ी मेले के बाकी दिनों में भी आने वाले लोग भी बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी जरूर चढ़ाते हैं। ऐसे में ये जिज्ञासा स्वाभाविक है कि इतना अन्न जाता कहां है

दरअसल बाबा गोरखनाथ को चढ़ने वाले चावल दाल को पूरे साल लाखों लोग प्रसाद के रूप में पाते हैं। मंदिर में चढ़ने वाली सब्जियां और अन्न मंदिर के भंडारे, गरीबों के यहां शादी, ब्याह, वनवासी आश्रम, दृष्टिहीन विद्यालय और ऐसी ही अन्य संस्थाओं को गोरखनाथ मंदिर से जाता है। मंदिर से करीब साढ़े चार दशक से जुड़े द्वारिका तिवारी के मुताबिक परिसर में स्थित संस्कृत विद्यालय, साधुओं और अन्य स्टॉफके लिए भंडारे में रोज करीब 600 लोगों का भोजन बनता है। नियमित अंतराल पर समय.समय पर मंदिर में होने वाले आयोजनों में भी इसी का प्रयोग होता है। इन आयोजनों में हजारों की संख्या में लोग प्रसाद पाते हैं। इस सबको जोड़ दें तो यह संख्या लाखों में पहुंच जाती है। मंदिर के भंडारे से अगर कुछ बच जाता है वह गोशाला के गायों के हिस्से में चला जाता है। इस तरह मंदिर प्रशासन अन्न के एकएक दाने का उपयोग करता है। भक्त बाबा गोरक्षनाथ को चावल दाल के साथ आलू और हल्दी आदि भी चढ़ाते हैं। सबको एकत्र कर पहले बड़े छेद वाले छनने से चाला जाता है। इससे आलू और हल्दी जैसी बड़ी चीजें अलग हो जाती हैं। फिर इसे महीन छनने से गुजारा जाता है। इस दौरान आम तौर पर चावल दाल भी अलग हो जाता है। थोड़ा बहुत जो बचा रहता है उसे सूप से अलग कर दिया जाता है। ये सारा काम मंदिर परिसर में रहने वाले कर्मचारी और उनके घर की महिलाएं करती हैं।

# रामायणकालीन पात्रों के नाम पर होंगे अयोध्या के छह प्रवेश द्वार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ, अयोध्या

- श्रीराम, हनुमान, लक्ष्मण, भरत, जटायु व गरुड़ द्वार के जरिये अयोध्या में मिलेगा प्रवेश

**अयोध्या** आने से पहले ही मन में श्रद्धा की नई तस्वीर बन जाएगी। आप जिस भी तरफ से यहां प्रवेश करेंगे, रामायणकालीन पात्रों के नाम के जरिये जेहन में रामायण की तस्वीर बन जाएगी। योगी सरकार अयोध्या की पौराणिकता को पुनः पदास्थापित कराने के लिए संकल्पित है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। ऐसे में यहां श्रद्धालुओं व पर्यटकों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। लखनऊ, गोरखपुर, रायबरेली, गोंडा, प्रयागराज, वाराणसी की तरफ से आने वाले श्रद्धालु रामायणकालीन पात्रों के नाम से बने मुख्य गेट से अयोध्या में प्रवेश पा सकेंगे। उन्हें मुख्य द्वार से ही रामायण की आस्था की अनुभूति हो जाएगी। योगी सरकार रामनगरी को राम सी सुंदर व गौरवशाली बनाने को प्रतिबद्ध है। सभी आध्यात्मिक नगरी से यहां प्रवेश करने पर गौरव की अनुभूति होगी। राजधानी लखनऊ की ओर से अयोध्या में प्रवेश के समय श्रीराम द्वार से प्रवेश होगा। अयोध्या आने वाले हाइवे पर आउटर में छह गेट बनाए जा रहे हैं। जिनके नाम तय कर दिए गए हैं। इन गेटों के लिए जमीन के बैनामे भी शुरू हो गए हैं। प्रदेश सरकार अयोध्या को भव्यता प्रदान करने के लिए जो प्रयास कर रही है। यह गेट भी इसी कड़ी का हिस्सा है। सभी गेटों के नाम रामायणकालीन पात्रों के नाम पर रखे गए हैंए ताकि शहर में प्रवेश के समय ही यहां के धार्मिक वैभव का अहसास होने लगे। एडीएम प्रशासन अमित कुमार सिंह ने बताया कि गेट के पास पार्किंग से लेकर जनसुविधाओं का इंतजाम भविष्य को देखते हुए कराया जाएगा। यह काम अयोध्या विकास प्राधिकरण और पर्यटन विभाग मिलकर करा रहे हैं।

श्रीरामद्वार लखनऊ हाइवे, हनुमानद्वार गोरखपुर हाइवे, भरतद्वार भरत कुंड के पास प्रयागराज हाइवे, वाराणसी से आने वालों के लिए जटायु द्वार, रायबरेली से आने वालों के लिए गरुण द्वार और गोंडा से अयोध्या आने के लिए लक्ष्मण द्वार की तरफ से प्रवेश होगा। अयोध्या आने वालों को प्राकृतिक माहौल मिले इसका भी ध्यान रखा जा रहा है। हाइवे के दोनों तरफ पार्किंग बनाई जाएगी। यहां टॉयलेट से लेकर पेयजल तक के इंतजाम होंगे। भगवान श्री रामनगरी अयोध्या में लखनऊ से प्रवेश करने के लिए श्रीराम प्रवेश द्वार तथा पार्किंग स्थल के लिए चिह्नित भूमि को अधिग्रहण करने की कार्रवाई तेज हो गई है। उपजिलाधिकारी सोहावल मनोज कुमार श्रीवास्तव तथा तहसीलदार पवन कुमार गुप्ता इसकी देखरेख कर रहे हैं। किसानों को मिलने वाले मुआवजे तथा अयोध्या धाम के विकास के बारे में अवगत कराते हुए स्वतः भूमि अधिग्रहण में सहयोग करने की अपील की। किसानों ने पर्यटन विभाग के नाम जमीन बैनामा किया। तहसीलदार पवन कमार गुप्ता ने बताया कि पार्किंग स्थल के लिए किसानों से वार्ता की जा रही है। शीघ्र ही सहमति के आधार पर किसानों की रजामंदी मिल जाएगी।



श्रीराम द्वार (लखनऊ रोड) | भरत द्वार (भरत कुंड के पास प्रयागराज रोड) | लक्ष्मण द्वार (गोंडा रोड) | हनुमान द्वार (गोरखपुर रोड) | जटायु द्वार (वाराणसी रोड) | गरुड़ द्वार (रायबरेली रोड)

# सद्भावना, सत्कर्म से राष्ट्र व समाज का कल्याण संभवः होसबाले

- पारिवारिक मूल्यों में विघटन पर संघ सरकार्यवाह ने जताई चिंता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ लखनऊ द्वारा रविवार को सीएमएस गोमतीनगर विस्तार में परिवार व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से परिवार मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने भारतीय समाज की धरोहर परिवार व्यवस्था को सुदृढ़ करने और सामाजिक समरसता को पुष्ट करने के लिए स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया।

परिवार मिलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरकार्यवाह ने कहा कि सद्भावना व सत्कर्म से जो संस्कार होता है, उससे राष्ट्र व समाज का कल्याण होता है। आदर्श परिवार बनाने के लिए सबके प्रति स्नेह का भाव व सबको जोड़कर एक समाज के नाते मिलकर रहने से समाज की शक्ति बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि हमने पूरे विश्व को एक परिवार माना है। जी-20 का ध्येय वाक्य भी वसुधैव कुटुम्बकम है। एक दूसरे के प्रति प्रेम आत्मीयता सहयोग व समन्वय की भावना होनी चाहिए। दूसरे के विकास में मन को प्रसन्नता होती है। इसी को परिवार कहते हैं। हनुमान को छोड़कर हमारे सभी भगवान परिवार विष्णु, शंकर, श्रीराम सब परिवार वाले है। परिवार के संदेश को हमने संगठन में भी लिया है। हम जहां भी कार्य करें वहां टीम भावना से कार्य करना चाहिए। इसलिए आपस में प्रेम समन्वय व सहयोग की भावना जो परिवार में होनी चाहिए, वही भाव संघ में होना चाहिए। सरकार्यवाह ने कहा कि आज विश्व के लिए परिवार की बहुत आवश्यकता है। कई देशों में वहाँ के राजनीतिक दलों ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में लिखा कि हम पारिवारिक मूल्यों को लागू करेंगे। आज परिवार में एकता की बात होती है, लेकिन यह बात विरोधाभासी है। परिवार का मतलब ही एकता है लेकिन आज परिस्थिति ऐसी हो गई है कि परिवार में एकता की बात की जाती है।

मनुष्य को संस्कार परिवार से ही मिलता है। परिवार भाव से ही सबका भला होगा। यदि परिवार ठीक नहीं है तो बच्चों का जीवन बर्बाद हो जाता है। आत्मीयता व परस्पर सामंजस्य का भाव अगर कम हो गया तो बच्चे समाज के अच्छे नागरिक नहीं बन पायेंगे। परिवार ठीक रहेगा तो सब ठीक रहेगा। इसलिए परिवार में जीवन मूल्य सिखाएं तभी मानवता सुखी रहेगी। होसबाले ने कहा कि तपस्या सिर्फ़ जंगल में बैठने से नहीं होती, कोई भी कर्म साधना के साथ बिना स्वार्थ के किया जाए तो वह तपस्या है।

आध्यात्म आत्मा के विकास के साथ, समाज के हित के लिए होता है। परिवार मिलन कार्यक्रम में संघ के कार्यकर्ताओं ने सपरिवार सहभागिता की और सहभोज हुआ। कार्यक्रम से पहले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रंखला में भजन, गढ़वाली नृत्य व गिद्धा नृत्य की प्रस्तुति हुई। सरकार्यवाह के साथ सह प्रान्त संघचालक सुनीत खरे व लखनऊ के विभाग संघचालक एडवोकेट जयकृष्ण सिन्हा मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन विभाग कार्यवाह अमितेश ने किया। इस अवसर पर क्षेत्र प्रचारक अनिल, प्रान्त प्रचारक कौशल, सह प्रान्त प्रचारक मनोज, सह क्षेत्र प्रचार प्रमुख मनोजकांत, इतिहास संकलन योजना के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री संजय, संयुक्त क्षेत्र के ग्राम विकास विभाग के प्रमुख वीरेन्द्र सिंह, संयुक्त क्षेत्र के कुटम्ब प्रबोधन प्रमुख ओमपाल सिंह, क्षेत्र कुटुम्ब प्रबोधन प्रमुख अशोक उपाध्याय, विभाग प्रचारक अनिल, विभाग कार्यवाह अमितेश, सह विभाग कार्यवाह ब्रजेश पाण्डेय प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## मतदाता तक पहुंचने की सार्थक रणनीति को अंजाम देना हैःभूपेन्द्र सिंह

**लखनऊ।** स्नातक व शिक्षक क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशियों के केंद्रीय कार्यालयों का शुभारंभ कानपुर के साकेत नगर एवं जवाहर नगर में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने किया। भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने इस मौके पर कहा कि कार्यकर्ताओं के बूते भाजपा इस चुनाव को जरूर जीतेगी। हम सभी को एक-एक मतदाता तक पहुंचना होगा उनसे संपर्क व संवाद करना होगा। पार्टी सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी एवं सर्वग्राही का मंत्र लेकर चल रही है। पार्टी सभी का साथ सभी का विकास तथा सभी का विश्वास अर्जित कर इस विधान परिषद चुनाव में भी अपने निष्ठावान कार्यकर्ताओं के बूते चुनावी रण में उतरी है। हम सबको पोलिंग स्टेशन को केन्द्रित करते हुए योजना रचना बनाकर मतदाता तक पहुंचने की सार्थक रणनीति को अंजाम देना है। प्रत्येक मतदाता से संवाद करते हुए भाजपा के स्नातक क्षेत्र से प्रत्याशी अरुण पाठक एवं शिक्षक क्षेत्र से प्रत्याशी वेणु रंजन भदौरिया के लिए मतदान के आग्रह के साथ जनसम्पर्क करना है।

श्री चौधरी ने कार्यकर्ताओं से आगे कहा कि जिस तरह से हम सब लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव में पन्ना प्रमुख बनाकर काम का विकेंद्रीकरण करते हैं उसी तरह से इन चुनाव में भी हम सबको 10-10 मतदाताओं के लिए 1-1 वरिष्ठ कार्यकर्ता नियुक्त करना चाहिए। समूह में भी शिक्षक तथा स्नातक मतदाताओं के साथ संपर्क व संवाद करना चाहिए।

# भाजपा महिला मोर्चा ने बनाई जी 20 रंगोली

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बीजेपी** लखनऊ महानगर महिला मोर्चा अध्यक्ष सीता नेगी के नेतृत्व में महिला मोर्चा ने ऐतिहासिक इमारत इमामबाड़ा के सामने जी 20 की रंगोली बनाई और प्ले कार्ड के माध्यम से हर्ष व्यक्त करते हुए जनता को जागरूक किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा कल्पना तिवारी ने कहा विश्व पटल पर मोदी जी भारत वर्ष का नाम रोशन कर रहे हैं। महिला टीम द्वारा इस जानकारी को जन.जन तक पहुंचाया जा रहा है।

मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि इमामबाड़े के समीप आज महिला मोर्चा लखनऊ महानगर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पूजा मिश्रा, नगर महामंत्री अर्चना साहू, रीना चौरसिया, रश्मि सिंह, सुनीता पांडे, शिवा पांडे, शिखा श्रीवास्तव, प्रिया अस्थाना, मंडल अध्यक्ष पुष्पा सिंह, प्रीति शुक्ला, आरती शुक्ला, रूबी सिन्हा सहित महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं द्वारा जी20 आयोजन के बारे में शहर के लोगो तक पहुंचाने का कार्य किया गया।

इसके अतिरिक्त भी लखनऊ में विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर जी20 रंगोली बनाई गई।


# उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बद से बदतर होती जा रही है : अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बद से बदतर होती जा रही है। भाजपा की राज्य सरकार जनता की सुरक्षा में विफल साबित हो रही है। समाजवादी सरकार में अपराध नियंत्रण की जो प्रभावी व्यवस्थाएं की गई थी उन्हें भाजपा सरकार ने बर्बाद कर दिया है। अपराधियों में पुलिस का डर समाप्त हो चला है अब उस पर भी आए दिन दाग लग रहे है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में हर दिन हत्या, लूट और अपहरण की घटनाएं होती है। थाने और तहसील भ्रष्टाचार और दलाली के अड्डे बन गए हैं। निर्दोषो की पिटाई से मौतें हो रही हैं। हिरासत में मौतों के मामले में उत्तर प्रदेश क्राइम ग्राफ में अव्वल है। पुलिस की मनमानी पर शासन.प्रशासन का कोई नियंत्रण नहीं रह गया है। आम जनता के साथ पुलिस ष्मित्रष् का नहींए अपराधियों जैसा व्यवहार करने के लिए कुख्यात है। अखिलेश ने कहा कि अभी 8 जनवरी को सरकारी जमीन पर कब्जे की शिकायत करने वाले व्यवसायी दुर्गा प्रसाद द्विवेदी को ठाकुरगंज थानान्तर्गत बालागंज चौकी के दरोगा और चौकी प्रभारी ने पहले घर में घुसकर पीटा फिर थाने लाकर लॉकअप में बन्द किया। विरोध करने पर बाहर निकालकर लात घूंसों से पिटाई की। अखिलेश ने कहा कि खाकी की एक शर्मनाक करतूत त्रिवेणी एक्सप्रेस में दिखी जब प्रयागराज से बरेली जा रही युवती के साथ यूपी पुलिस के एक जवान ने छेड़छाड़ की। विरोध पर उसका सामान चलती ट्रेन से बाहर फेंक दिया। इसी हफ्ते गाजियाबाद के डासना क्षेत्र में बी काम की एक छात्रा के साथ तीन छात्रों ने दुष्कर्म किया। वे उसका अश्लील वीडियो बनाकर पांच माह तक ब्लैकमेल करते रहे। फतेहपुर जिला अस्पताल के पैरामेडिकल स्टाफ ने वहां इलाज के लिए आई किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास किया। सड़क दुर्घटना में घायल किशोरी अस्पताल में ड्रेसिंग के लिए आई थी। बांदा में पति के साथ जा रही महिला से उसके पडोसियों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। उन्होंने कहा कि राजधानी लखनऊ में सरोजनीनगर के बिजनौर थाना क्षेत्र में बहन के साथ जा रहे भाई ने जब छेड़छाड़ का विरोध किया तो उसे अगवाकर पीटा गया। फर्रूखाबाद के मेरापुर थाना क्षेत्र में गांव की युवती से तमंचे के बल पर सामूहिक दुष्कर्म किया गया। अखिलेश ने कहा कि प्रदेश में इन दिनों साइबर क्राइम का भी बोलबाला है। साइबर अपराधियों का शिकार हर दिन कोई न कोई नागरिक हो रहा है। औसतन 20 लोग रोज ठगी के शिकार हो रहे हैं।

पुलिस ठगी के मामलों को खोलने में बहुत सफल नहीं साबित हुई है। तमाम लोगों के बैंक खातों से रकमें निकल गई है। मोटे इनाम या विदेशी धन का लालच देकर लूटा जा रहा है। अखिलेश ने कहा कि सवाल यह है कि जब पुलिस ही खुद हैवान बन जाए तो बहू.बेटियां कैसे सुरक्षित रह सकेगी। भाजपा सरकार बड़े जोर शोर से 'बढ़े बेटियां.पढ़े बेटियां' का नारा देती है लेकिन उन्हें पढ़ने ही नहीं दिया जा रहा है। तमात छात्राएं छेड़खानी से त्रस्त होकर घर बैठ गई है और कुछ तो ग्लानिवश जान तक दे चुकी है। भाजपा सरकार ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है। अब उसे जाना ही होगा।

## सपा मुख्यालय में सांसद डिम्पल का मनाया गया जन्मदिन



**लखनऊ।** मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र से सांसद डिम्पल यादव का जन्मदिवस रविवार को सपा मुख्यालय सहित प्रदेश के सभी जनपदों में सादगी के साथ मनाया गया। सपा मुख्यालय के सभागार में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ सांसद डिम्पल यादव की मौजूदगी से बड़ी संख्या में मौजूद महिला कार्यकर्ता उत्साह से भर उठीं और उन्होंने गर्मजोशी के साथ फूल मालाएं भेंट कर डिम्पल यादव का अभिनंदन किया। सांसद डिम्पल यादव के कार्यालय आने पर किशन सिंह के ब्रास बैड ने संगीत की धुन पर बधाई गीत गाया। किन्नर पायल सिंह ने अखिलेश यादव और डिम्पल यादव की आरती उतारी। तमाम महिलाओं ने पुष्प गुच्छ देकर बधाई दी। डिम्पल ने सभी के प्रति उनके स्नेह के लिए आभार व्यक्त किया। प्रारम्भ में राजस्थान के गुरू महाराज पवन और राज पुरोहित पं. हरि प्रसाद मिश्र के स्वस्तिवाचन के साथ अखिलेश यादव की प्रबल विजय एवं दंपत्ति के दीर्घ.सुखी जीवन की कामना की। इस अवसर पर अन्नू टण्डन, जूही सिंह, लीलावती कुशवाहा, सुषमा पटेल, पूर्व विधायक संध्या कठेरिया, नेहा यादव, पूजा शुक्ला, जरीना उस्मानी, नाहिद लारी खान सहित सैकड़ो की संख्या में आई महिलाओं ने सांसद डिम्पल यादव को जन्मदिन की बधाई दी।

# संगम किनारे प्रवास की सुखानुभूति का एहसास कराएगा टेंट सिटी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने रविवार को उत्तर प्रदेश टूरिज्म मिनिस्ट्री द्वारा अरैल में संगम किनारे सोमेश्वरनाथ मंदिर के सामने बनाए गए अत्याधुनिक टेंट सिटी का उदघाटन किया ताकि माघ मेला में आने वाले लोग टेंट सिटी में रह कर गंगा यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम तट पर लगने वाले माघ मेला का आनन्द ले सकें और यहां रह कर माघ मेले की दिव्यता और भव्यता का एहसास करते हुए ईश्वर की आराधना कर सकें। जहां पर लोगों को धार्मिक और आध्यात्मिक अनुभव के साथ ही संगम किनारे प्रवास की सुखानुभूति होगी। मंत्री नन्दी ने कहा कि संगम नगरी प्रयागराज में कुम्भ और माघ मेला का आयोजन वर्षों से होता आ रहा है लेकिन 2019 में मोदी और योगी सरकार ने दिव्य कुम्भ और भव्य कुम्भ का आयोजन कर पूरे विश्व को भारत की संस्कृति, सभ्यता, वैभव और अध्यात्म से जोड़ा। अब 2025 में भी दिव्य और भव्य महाकुम्भ का आयोजन होने जा रहा है।

मंत्री नन्दी ने कहा कि हमारा मकसद प्रयागराज की सांस्कृतिक, धार्मिक और ऐतिहासिक धरोहर को विश्व पटल पर प्रदर्शित करना है। हम मां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के इस पवित्र संगम में हर उस व्यक्ति को गोता लगवाना चाहते हैंए जो अपनी धार्मिक विरासत को सहेजना चाहता हैए करीब से देखना चाहता हैए यहां कल्पवासियों की तपस्या को समझना चाहता है। संगम की रेती पर चलने वाली महीने भर की इस तपस्या को देखने समझने और जानने के लिए देश विदेश के लोगों में बड़ी ललक है। लेकिन अभी तक बाहरी लोगों के लिए इस तरह की सुविधाएं केवल कुम्भ मेला के दौरान ही उपलब्ध होती थी। कुम्भ मेला की तरह माघ मेला में भी लोग यहां आकर रह सकें, माघ मेले की दिव्यता और भव्यता का आनन्द ले सकें। इसलिए माघ मेले में टेंट सिटी को स्थापित किया गया है। ताकि लोग यहां मेले की भव्यता का आनंद ले सकेंए प्रदेश सरकार अब इस ओर आगे बढ़ रही है। आने वाले दिनों में टेंट सिटी की भव्यता को और व्यापक बनाया जाएगा। अरैल में संगम किनारे सोमेश्वर मंदिर के सामने करीब 11 बीघे में बसाई गई इस टेंट सिटी में 20 डीलक्स टेंट सेट लगाए गए हैं। इसके अंदर डबल बेड बेडरूम, अटैच वाशरूम के साथ ही कम्यूनिटी किचन की व्यवस्था है। साथ ही सुरक्षा के मद्देनजर टेंट सिटी के सामने संगम की ओर जाली नुमा बैरिकेटिंग लगाई गई है और पीछे की ओर लोहे के टीन से पूरी तरह बैरिकेट किया गया है।

हर टेंट में रंग बिरंगी कालीन के साथ ही हरे रंग की घास वाली मैट भी लगाई गई हैए जो पूरी तरह लॉन का लुक देता है। धार्मिक आध्यात्मिक और प्राकृतिक सौंदर्यता से ओतप्रोत इस टेंट सिटी को बसाने का मकसद प्रयागराज में टूरिज्म क्षेत्र को बढ़ावा देना है। इससे यहां की ऐतिहासिकए भौगोलिक सांस्कृतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक उपलब्धियों के बारे में देश विदेश के लोगों को परिचित कराया जा सके।

इस अत्याधुनिक टेंट सिटी को बनाने के लिए अहमदाबाद, वाराणसी, बंगाल, गुजरात समेत अन्य प्रदेशों से कारीगरों को बुलाया गया है। इसकी बुकिंग के लिए टूरिजम मिनिस्ट्री की अधिकृत वेबसाइड पर जानकारी मिल सकेगी। इससे पहले यह टेंट सिटी महाकुम्भ या कुम्भ के पर्व पर ही बसाई जाती थी। पहली बार माघ मेले में इसे बसाया गया है।

# दिवंगत पुलिस कर्मियों के आश्रितों को दी आर्थिक सहायता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मेधज** द्वारा वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन आशियाना स्थित मेधज लॉन में किया गया। जिसमें मेधज ग्रुप के संस्थापक डॉ समीर त्रिपाठी, वित्त निदेशक अल्का त्रिपाठी, प्रबंध निदेशक गुंजन त्रिपाठी सहित मेधज कर्मचारियों ने उत्साह से भाग लिया। समीर त्रिपाठी द्वारा पुलिस विभाग के सेवा काल के दौरान दिवंगत पुलिस कर्मियों के साथ अपनी संवेदना साझा करते हुए उनके परिवारजनों को डेढ़-डेढ़ लाख रुपये की आर्थिक सहायता मेधज एस्ट्रो फाउंडेशन के माध्यम से वितरित करायी गयी। इसमें एसटीएफ मुख्यालय के चार तथा गाज़ियाबाद के एक उपनिरीक्षक की पतनी को सहायता राशि प्रदान की गई। उमा बाजपेयी पत्नी स्वर्गीय अवनींद्र कुमार बाजपेयी, सुमित्रा देवी पत्नी स्वर्गीय रामपाल, सुधा देवी पत्नी स्वर्गीय हितेंद्र कुमार, सीमा देवी पत्नी स्वर्गीय आदित्य पाल सिंह और कृष्णा पत्नी स्वर्गीय रामवीर सिंह हैं।



### एकल ग्रामोत्थान फाउण्डेशन का सेमरा भिठौली सेन्टर पर समारोह संपन्न

# कौशल विकास मिशन के 150 युवाओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

- राज्यमंत्री राकेश राठौर 'गुरू' व सीतापुर एमएलसी पवन सिंह चौहान ने युवाओं को किया सम्मानित
- रिटायर्ड फ्लाइंग ऑफिसर एबी सिंह ने युवाओं को सेना में जाने के लिए किया प्रेरित
- संस्थान सचिव पवन बंसल ने अतिथियों का किया अभिवादन
- संस्थान द्वारा डेढ़ लाख युवाओं को बनाया जा चुका है स्वावलम्बी
- एकल ग्रामोत्थान संस्थान युवाओं को प्रशिक्षण देकर बना रहा स्वावलम्बी
- कम्प्यूटर, आर्गेनिक खेती स्किल डेवलपमेन्ट, सिलाई आदि की दी जा रही ट्रेनिंग

**संवाददाता।** सीतापुर

**ग्रामीण** क्षेत्र के युवा रोजगार के लिए बड़े शहरों की ओर न पलायन करें इस उद्देश्य से एकल ग्रामोत्थान फाउण्डेशन द्वारा उन्हें कम्प्यूटर, सिलाई, आर्गेनिक खेती सहित अन्य स्वरोजगार सम्बन्धी प्रशिक्षण चलाया जा रहा है। इसी क्रम में फाउण्डेशन द्वारा सीतापुर के मिश्रिा जीआरसी नैमिष संसाधन केन्द्र के सेमरा भिठौली सेन्टर पर मकर संक्रान्ति एवं सेना दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानन्द जयंती समारोह में बच्चों को सम्मानित करने के साथ उन्हें महत्वपूर्ण जानकारियां दी गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर 'गुरू', विशिष्ट अतिथि सीतापुर एमएलसी पवन सिंह चौहान व रिटायर्ड फ्लाइंग ऑफिसर एबी सिंह ने स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू ने एकल ग्रामोत्थान फाउण्डेशन की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं में विभिन्न प्रकार के कौशल विकसित करने के लिए फाउण्डेशन द्वारा उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है जिससे गांव में जैविक खेती को भी बढ़ावा मिल रहा है। विशिष्ट अतिथि सीतापुर एमएलसी पवन सिंह चौहान ने कहा कि एकल ग्रामोत्थान संस्थान के सेन्टर पर एक गांव एक टीचर सपोर्टर के आधार पर पोषण वाटिका अभियान के तहत बच्चों को आर्गेनिक खेती के लिए बढ़ावा दिया जा रहा है जो सराहनीय है। कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके मुनेन्द्र कुमार, अनुरोध, राजेन्द्र, राहुल, रामू, सतीश कुमार, शिल्पी भारती, सलोनी शुक्ला सहित 150 बच्चों को राज्यमंत्री राकेश राठौर 'गुरू', एमएलसी पवन सिंह चौहान व रिटायर्ड फ्लाइंग ऑफिसर एबी सिंह द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व केन्द्र संचालक सुधीर सिंह द्वारा सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर उनका अभिवादन किया गया। कार्यक्रम में उपदेश सिंह राणा, कमलेश सिंह, उमेश चन्द्र अग्रवाल, डा. सागर, राजकिशोर विश्वकर्मा, विवके सिंह, मनोज पाण्डेय, राजू सिंह, सुभाष गुप्ता, कमलेश यादव, विपिन वैश्य, रंजीत राठौर, आलोक सिंह, संतोष गुप्ता, बबलू सिंह, पीयूष बिहारी मिश्रा, केके मिश्रा, सूर्य प्रकाश मिश्रा, भास्कर मिश्रा, लोकनाथ मौर्य, देशराज यादव, देवेन्द्र नंदवंशी, दिलीप कुमार, डा. रूपचन्द्र वर्मा, शिवप्रकाश गुप्ता, पंकज सिंह, ब्रजेश सिंह, सरिता गुप्ता सहित मिश्रिख कोतवाल जितेन्द्र ओझा, एसआई त्रिभुवन सिंह व अन्य लोग मौजूद रहे।

## तीर्थ नगरी नैमिषारण्य में मकर संक्रांति पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**संवाददाता।** सीतापुर

**तीर्थ** नगरी नैमिषारण्य में मकर संक्रांति के पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्री चक्रतीर्थ व आदिगंगा गोमती के राजघाट व देवदेवेश्वर घाट पर स्नान कर पुरोहितों को खिचड़ी का दान करने के बाद, मां ललिता देवी मन्दिर, कालीपीठ, व्यास गद्दी, हनुमान गढ़ी, सूत गद्दी, देवदेवेश्वर आदि देवस्थलों पर पूजन किया। व्यास आश्रम में व्यास पीठाधीश अनिल कुमार शास्त्री की प्रेरणा से समिति उपाध्यक्ष रंजीत शास्त्री, संचालक राम किशोर दीक्षित की उपस्थिति में खिचड़ी वितरण हुआ। वहीं कालीपीठ में आज कालीपीठाधीश गोपाल शास्त्री और पुजारी भास्कर शास्त्री के सानिध्य में मां काली का विशेष पूजन व खिचड़ी भोज, हनुमान गढ़ी में महंत बजरंगदास के सानिध्य में दक्षिणेश्वर हनुमान का विशेष चोला श्रंगार व भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं चक्रतीर्थ प्रांगण पर सनातन ऋषि सत्संग महा आरती सेवासमिति के तत्वावधान व चक्रतीर्थ पुजारी राजनारायण पांडेय के सानिध्य में एसडीएम अनिल रस्तोगी, सीओ सुशील यादव, तहसीलदार मनीष कुमार, थानाप्रभारी दिग्विजय पाण्डेय द्वारा संतो, श्रद्धालुओं को खिचड़ी वितरण किया गया। वही चक्रतीर्थ पर कथा व्यास कुलदीप शास्त्री द्वारा कम्बल वितरण किया गया। मिश्रिख में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा मकर संक्रांति कार्यक्रम कुमारी रागिनी सिंह सरस्वती शिशु मंदिर कुतुब नगर में मनाया गया। कार्यक्रम को विभाग सेवा प्रमुख शेषधर ने संबोधित किया। कार्यक्रम में खिचड़ी भोज रखा गया। इस अवसर पर विभाग संघ चालक डॉक्टर हरिपाल सिंह, मिश्रिख खण्ड संघ चालक चंद्रकिशोर शर्मा, अरुण सिंह, पंकज, हरद्वारी लाल, अनिल वर्मा, राम सनेही वर्मा, रवि सिंह, सुनीत शर्मा, वीरेंद्र सिंह, सुरेंद्र विक्रम सिंह, साहब सिंह, पहलवान सिंह, नैमिष गुप्ता, मनोज, आकाश शर्मा, हरिनाम सिंह, इंडिया सिंह, राजन, अंबुज, छोटे भैय्या, आदि उपस्थित रहे।

## मनायी गयी किसान नेता हरगोविन्द वर्मा की पुण्यतिथि

**संवाददाता।** सीतापुर

**पूर्व** सांसद एवं किसान नेता स्व. हरगोविंद वर्मा की पुण्यतिथि का आयोजन लहरपुर स्थित पूजा बजाज एजेंसी पर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव व संचालन सपा प्रदेश सचिव शोभित मिश्र ने किया। कार्यक्रम को पूर्व मंत्री नरेन्द्र वर्मा, एमएलसी जांसमीर अन्सारी, पूर्व विधायक महोली अनूप गुप्ता, कार्यक्रम के आयोजक व लहरपुर विधायक अनिल वर्मा, पूर्व सदर विधायक राकेश राठौर, पूर्व प्रत्याशी लहरपुर जहीर अब्बास, पूर्व प्रत्याशी बिसवा अफ़ज़ाल कौसर, कौशलेन्द्र सिंह, मेराज मेहबूब, विजय वर्मा, हाफिज़ अयाज, डॉ. हासमी, मूलचन्द्र वर्मा, जावेद खान, डॉ. सददन खां, सलाउद्दीन गौरी, अजीत वर्मा, आदि लोगों ने सभा को सम्बोधित किया। इस अवसर प्रमोद वर्मा न्यामुपुर, ज्ञानेन्द्र वर्मा, गया प्रसाद मौर्या, पूर्व प्रधान रमेश वर्मा, संतोष वर्मा, शंकर वर्मा, कुलदीप वर्मा, रवेन्द्र वर्मा, सर्वजीत वर्मा प्रधान, कलीम प्रधान, शाबान प्रधान, धीरज वर्मा प्रधान, रामभूखन वर्मा प्रधान, राधे वर्मा, भगीरथ मौर्या, अतुल वर्मा, जाबिर खान, इरफान मंत्री, दुर्गेश गिरी, राजेश गिरी, अंकित वर्मा, श्याम शर्मा, शिवपाल यादव आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

## नगर निगम सफाई कर्मी की मौत

**बरेली।** किराए के कमरे में रहकर नगर निगम में सफाई कर्मचारी का काम करने वाले एक व्यक्ति की बीती रात किराए के कमरे में ही संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सुबह होने पर लोगों ने उसकी लाश को देखा और घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी। कस्बा व थाना नवाबगंज निवासी 53 वर्षीय ज्ञान शंकर पुत्र नत्थू लाल की लाश आज सुबह बारादरी थाना क्षेत्र में पवन विहार स्थित किराए के कमरे में पाई गई। मृतक के घर वालों ने बताया कि ज्ञान शंकर पवन बिहार के किराए के कमरे में जाकर नगर निगम में सफाई कर्मचारी के तौर पर काम करता था और कल शाम रोजाना की तरह कमरे में सोया था । लेकिन रात में किसी समय उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सुबह होने पर जब उसके कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो पड़ोसियों ने दरवाजा खोला और देखा कि ज्ञान शंकर की लाश बिस्तर पर पड़ी हुई है।

## अमित कुमार मौर्या बने संडीला प्रेस क्लब के अध्यक्ष

**संवाददाता।** संडीला(हरदोई)

**स्थानीय** संडीला प्रेस क्लब की एक बैठक वरिष्ठ पत्रकार वीपी सिंह की अधक्षता में संपन्न हुई।



इस बैठक में अमित कुमार मौर्या को संडीला प्रेस क्लब का अध्यक्ष मनोनीत किया गया अथवा निवर्तमान अध्यक्ष प्रभात अस्थाना को कार्यकारिणी का मुख्य प्रभारी एवं निवर्तमान प्रभारी हरिअमोल सिंह को संरक्षक मण्डल में शामिल किया गया। बैठक में अनुराग अस्थाना ने निवर्तमान अध्यक्ष के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंनें पूरी जिम्मेदारी से काम किया और अब नवमनोनीत अध्यक्ष भी पूरी जिम्मेदारी के साथ संगठन के हित में कार्य करें। इस अवसर पर लाल चन्द्र चौरसिया, हिमांशु गुप्ता, उदय प्रताप चौरसिया, अनिल राठौर, मुकेश सिंह, तौहीद अहमद, मो. आरिफ़ गाज़ी, रितेश सिंह लकी, रामानुज यादव, मो. हस्सान आदि मौजूद रहे।

## बांकेगंज के यूपीएस असौवा को बेस्ट स्कूल ऑफ द वीक का मिला खिताब

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**बेसिक** शिक्षा परिषद की स्कूलों को कायाकल्प करने, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अभिनव पहल 'बेस्ट स्कूल ऑफ द वीक' कवायद का एक सकारात्मक प्रभाव खीरी के परिषदीय स्कूलों में दिखाई देने लगा है। परिषद के स्कूल में बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, बेहतरीन टीचर और तकनीकी का उपयोग कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर रहे हैं।

डीएम की अभिनव पहल 'बेस्ट स्कूल ऑफ द वीक' से नवाजे गए बांकेगंज ब्लाक के उच्च प्राथमिक विद्यालय असौवा क्षेत्र के लिए नजीर बन चुका है। महकमे के मुताबिक इस विद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता जिलेभर के अन्य सरकारी स्कूलों से काफी बेहतर है। वर्तमान में यहां 215 बच्चे अध्ययनरत हैं।

प्रधानाध्यापक कुतुबुद्दीन की लगन से आज यह विद्यालय बहुत ही आकर्षक लग रहा है। कुछ वर्ष पहले अधूरे भवन में जहां ना तो दीवारें पूर्ण थी और ना ही प्लास्टर और फर्श का पता। ऐसे में शिक्षण कार्य करना किसी चुनौती से कम नहीं था लेकिन प्रधानाध्यापक के लगन, अथक प्रयासों के कारण प्रधान के सहयोग से आज इस विद्यालय में कायाकल्प के लगभग सभी बिंदु संतृप्त कर लिया। यहां की पुष्प वाटिका, वृक्षारोपण, किचन गार्डन अपनी अलग ही पहचान बनाई है।

विद्यालय के सभी शिक्षक.शिक्षिकाएं एक टीम भावना के साथ कार्य करते हुए बच्चों को एक सहज शैक्षिक परिवेश प्रदान करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। विद्यालय में शिक्षकों का बच्चों के साथ बहुत ही अच्छा आत्मीय सम्बंध है, जो कि शैक्षिक स्तर के सुधार में अहम भूमिका निभाता है। विद्यालय में गतिविधि आधारित शिक्षण पर विशेष ध्यान देते हुए प्रार्थना सभा में सक्रिय भूमिका निभाते हुए अनुशासनपूर्ण वातावरण में बच्चों में देशप्रेम की भावना को विकसित कर रहे है। यूपीएस असौवा प्रधानाध्यापक कुतुबुद्दीन बताते हैं कि बदलते युग में शिक्षकों को वर्तमान शैली के अनुसार ही शैक्षिक प्रक्रिया अपनानी चाहिए। इसमें अभिभावकों का भी अहम रोल है। शिक्षक खुद को एक आदर्श के रूप में प्रस्तुत करें, इससे शिक्षा व्यवस्था में निश्चित बदलाव आएगा।

उन्होंने अपनी टीम के सहयोग से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, मनोरंजक खेल सामग्रीए आकर्षक पुस्तकालयए रीडिंग कॉर्नर, सहानुभूति भरा वातावरण दे रहे। विज्ञान व गणित किट के प्रयोग, गतिविधि आधारित शिक्षण कार्य से बच्चों में रुचि जागृत हो रही। यहां हाथ से बने हुए टीएलएम देखने को मिलेंगे, जो शिक्षण के बाला कॉन्सेप्ट पर आधारित हैं। निपुण भारत कार्यक्रम थीम पर प्रतिदिन सुबह प्रार्थना सभाए व्यायामए स्वच्छता जांच आदि कार्य किए जा रहे। यहां के शिक्षक.शिक्षिकाओं का एक ही सपना है कि अध्ययनरत बच्चों का भविष्य उज्जवल कर सकें तथा उन्हें जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार कर सकें।

## बहराइच बॉर्डर, धौराहरा के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में एआरटीओ ने चलाया प्रवर्तन अभियान

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**मुख्य** सचिव, उप्र शासन से प्राप्त निर्देशों, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा के मार्गदर्शन, निर्देशन में सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता पैदा करने, सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से जनपद खीरी में सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा।

शनिवार को सड़क सुरक्षा माह अभियान कार्यक्रमों की श्रंखला में एआरटीओ, प्रवर्तन, रमेश कुमार चौबे ने ट्रैफिक पुलिस सब इंस्पेक्टर जेपी यादव के साथ रविवार को बहराइच बॉर्डर, धौराहरा, सिसैया चौराहा, खमरिया में व्यापक प्रवर्तन अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने बिना परमिट एवं वैध प्रपत्र के संचालित एक बस को सीज कर दिया। इसमें सवार यात्रियों को एआरटीओ ने रोडवेज की बस के जरिए उनके गंतव्य रुपईडीहा के लिए रवाना किया। उन्होंने यात्रियों को सुरक्षित सफर करने के लिए जागरूक किया। एआरटीओ ने क्षेत्र में सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी करनेए बिना फिटनेस, टैक्स बकाया, बिना बीमा एवं अपूर्ण प्रपत्रों के चलते दो मैजिक, एक वैन और एक पिकअप को सीज कर दिया। वही ऐरा चीनी मिल में गन्ना परिवहन में बकाया टैक्स, बिना फिटनेस पर दो ट्रक सीज किए, चीनी मिल में खड़ी करवाया। चीनी मिल प्रबंधन को निर्देश दिए कि कर बकाया व बिना फिटनेस के वाहनों से गन्ना की दुलाई न कराया जाए जाए तथा इसे हर हाल में सुनिश्चित भी कराया जाए।

एआरटीओ रमेश कुमार चौबे ने धौराहरा तहसील क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांवो में सड़क जागरूकता कार्यक्रम कियाए जिसमें उन्होंने कहा कि नियमों को ताक पर रखकर व जरा सी जल्दी के चक्कर में अक्सर हादसे होते हैं। इसलिए खुद की जान के साथ दूसरों की परवाह जरूर कीजिए। इस दौरान उन्होंने वाहन सवारों को संकल्प दिलाया।

उन्होंने कहा कि चिंता की बात है कि सड़क सुरक्षा के प्रति सक्रिय रहने के बाद भी सड़क दुर्घटना पर लक्ष्य के अनुरूप विराम नहीं लग पा रहा है। इसके लिए आम लोगों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन करना होगा। स्वयं ही नहीं बल्कि अपने आस पड़ोस व मित्र, सगे.संबंधी को भी सड़क सुरक्षा नियमों के पालन करने को प्रेरित करने का संकल्प लें। ऐसा नहीं करने पर सामान्य गलती से अपने कीमती जीवन खो बैठेंगे और परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट जाएगा।

## मजदूर का शव नाली में पड़ा मिला

**संडीला( हरदोई )।** फैक्ट्री में कार्यरत एक मजदूर का शव शनिवार को नाली में पड़ा मिला। मिली जानकारी के अनुसार कछौना कोतवाली के कंथा मजरा लोन्हारा निवासी मनोज कुमार का शव शनिवार को औद्योगिक क्षेत्र स्थित कर्ता मिल पुलिस चौकी के सामने नाले में पड़ा मिला। मृतक मनोज आद्योगिक क्षेत्र स्थित बियर फैक्ट्री में मजदूरी करता था। शुक्रवार की सुबह वह फैक्ट्री काम पर आया परन्तु शाम को घर वापस नहीं लौटा। घर न पहुंचने पर उसकी तलाश शुरू की गई परन्तु उसका कुछ पता न चला। शनिवार की सुबह राहगीरों ने राहगीरों ने कताई मिल पुलिस चौकी के सामने नाले में एक शव को पड़ा पाया। इस पर राहगीरों ने राहगीरों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज महेन्द्र कुमार मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।

## राष्ट्रीय पंचायतीराज ग्राम प्रधान संघ की बैठक में हुआ गहन मंथन

**संवाददाता।** संडीला (हरदोई)

**राष्ट्रीय** पंचायती राज ग्राम प्रधान संघ की बैठक शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई जिसका आयोजन जलजोग रोस्टोरेंट में किया गया।



बैठक में अध्यक्ष डॉ. उमेश सूर्या ने कहा कि वर्तमान समय में ग्राम प्रधानों को उनके अधिकार न मिलने के कारण उनका शोषण उत्पीड़न बढ़ गया है। 73वें संविधान संशोधन द्वारा जुड़े 11वीं अनुसूची के 29 विभागों को कार्य कार्यकर्ता एवं धन पंचायतों को सौंपा नहीं गया। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन द्वारा 15 दिसंबर 2021 में प्रधानों के सम्मलेन में घोषणा की गयी थी। मनरेगा के वित्तीय व प्रशासनिक अधिकारी ग्राम प्रधान पंचायतों को दिए जाएंगे किंतु उसके अभी तक शासनादेश जारी नहीं किए गए। इसके अलावा संगठन के सरंक्षक उपेंद्र सिंह ने कहा कि ओडीए प्लस में ग्राम पंचायत को दी जाने वाली धनराशि एक समान अनुपात में सभी ग्राम पंचायतों को दी जाए। ग्राम पंचायत में कराए जाने वाले कार्य जैसे बारात घर, सामुदायिक भवन, आंगनवाड़ी एनम आदि ग्राम पंचायतों द्वारा ही कराए जाएं। इस मौके पर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के उपाध्यक्ष उपेन्द्र सिंह भदौरिया, संगठन के अपाध्यक्ष जयसिंह यादव, ब्लाक उपाध्यक्ष अरुन यादव, राम बिलास यादव, अभिजीत वर्मा, सरताज अली, राशिद अली, सुनील जासवाल, मुन्ना अंसारी आदि समेत कई प्रधान एवं प्रतिष्ठित लोग मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत

**संडीला ( हरदोई )।** तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह लगभग साढ़े पांच एक तेज रफ्तार वाहन ने 26 वर्षीय अज्ञात युवक को टक्कर मार दी। इस टक्कर में वाहन का पहिया युवक के सिर पर चढ़ जाने के कारणवश युवक की अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। इस घटना की सूचना लोगों ने पिकेट ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों को दी। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने युवक की तलाशी ली परन्तु पहचान संबंधी कोई दस्तावेज़ उसके पास से नहीं मिले। कोतवाल आनंद नारायन त्रिपाठी के बताया कि चुरईखेड़ा निवासी चौकीदार अनिल कुमार की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।

## एसपी ने किया कोतवाली सदर का भ्रमण

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**पुलिस** अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा द्वारा कोतवाली सदर का भ्रमण किया गया। इस दौरान थाना कार्यालय, मालखाना, हवालात, मेस, बैरक, कम्प्यूटर कक्ष, महिला हेल्पडेस्क आदि स्थानों पर भ्रमण करके कार्यों का अवलोकन किया गया तथा जरूरी दिशा-निर्देश दिये गये।

थाना कार्यालय के भ्रमण के दौरान विभिन्न रजिस्टर्स/अभिलेखों का अवलोकन करके उनके व्यवस्थित रख.रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया। मालखाने में माल मुकदमाती के रख.रखाव तथा नियमानुसार माल का विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिये गये। जनसुनवाई से सम्बन्धित शिकायती प्रार्थना पत्र के निस्तारण की समीक्षा की गई। महिला हेल्प डेस्क पर आये प्रार्थना पत्रों के निस्तारण का शत प्रतिशत फीडबैक लेने तथा थाने आने वाले शिकायतकर्ताओं के बैठने की समुचित व्यवस्था करने हेतु निर्देश दिये गये। प्रत्येक पुलिसकर्मियों को जनता से मृदुल भाषा में बात करने एवं सरल व्यवहार करने हेतु निर्देशित किया गया। महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि यदि पुलिसकर्मियों के द्वारा किसी भी व्यक्ति को थाने पर बैठाया जाता है तो उसका उल्लेख जीडी में अवश्य किया जाये तथा उसकी सूचना प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को तथा पुलिस कन्ट्रोल रुम को अवश्य दी जाये तथा अनावश्यक रूप से किसी भी व्यक्ति को थाने पर न रोका जाये। सीसीटीवी कैमरों के संचालन तथा उनकी नियमित मॉनिटरिंग हेतु निर्देशित किया गया तथा शत प्रतिशत सीसीटीवी कैमरों को संचालित रखने के निर्देश दिये गये। साथ ही शस्त्रों के नियमित रूप से साफसफाई हेतु भी निर्देश दिये गये।

मेस में बनने वाले भोजन की गुणवत्ता उच्च कोटि की रखने, भोजन बनाने के दौरान साफसवऊाई का ध्यान रखने तथा पुलिस जवानों के नियमित आहार में मौसमी हरी सब्जियों, शुद्ध पेयजल एवं प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों को सम्मिलित करने हेतु निर्देशित किया गया। शहर के एकल मार्गों पर यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं सड़क किनारे नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई कर सुगम यातायात प्रबंधन हेतु कड़े निर्देश दिये गये। सड़क सुरक्षा माह अभियान में तेजी व प्रभावी कार्यवाही अमल में लाने हेतु भी निर्देशित दिया गया।

# पेज एक का शेष

### नेपाल में...

पाना कठिन है। नेपाल सेना के प्रवक्ता ने कहा कि चार और लोगों की तलाश के प्रयास सोमवार को फिर से शुरू होंगे। विमान में कुल 15 विदेशी नागरिक सवार थे। इनमें पांच भारतीय, चार रूसी, दो कोरियाई के अलावा ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, अर्जेंटीना, इजराइल के एक-एक नागरिक थे। पता चला है कि विमान में सवार पांच भारतीयों की पहचान अभिषेक कुशवाहा (25), विशाल शर्मा (22), अनिल कुमार राजभर (27), सोनू जायसवाल (35) और संजय जायसवाल के रूप में हुई है। एक स्थानीय निवासी ने कहा कि रविवार को नेपाल में विमान दुर्घटना में मारे गए पांच भारतीयों में से चार पर्यटन केंद्र पोखरा में पैराग्लाइडिंग गतिविधियों में हिस्सा लेने की योजना बना रहे थे। पांच भारतीय नागरिकों में से चार शुक्रवार को ही भारत से काठमांडू पहुंचे थे। दक्षिणी नेपाल के सर्लाही जिले के निवासी अजय कुमार शाह ने बताया,ये चारों लेक सिटी और पर्यटन केंद्र पोखरा में पैराग्लाइडिंग का लुत्फ उठाने की योजना बना रहे थे। उन्होंने कहा, हम एक ही वाहन में भारत से एक साथ आए। पोखरा जाने से पहले वे पशुपतिनाथ मंदिर के पास गौशाला और फिर होटल डिस्कवरी ऑफ थमेल में रुके थे। उन्होंने कहा कि वे गोरखपुर के रास्ते पोखरा से भारत लौटने की योजना बना रहे थे। भारतीय नागरिकों में सबसे बड़े सोनू उत्तर प्रदेश के वाराणसी के रहने वाले थे। भारतीय दूतावास ने कहा कि वह स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में है और स्थिति पर नजर रखे हुए है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक ट्वीट में कहा, नेपाल के पोखरा में हुए विमान हादसे के बारे में सुनकर गहरा दुख हुआ। हमारी संवेदनाएं प्रभावित परिवारों के साथ हैं। जयशंकर ने भारतीय दूतावास के हेल्पलाइन नंबर भी साझा किए। उड़ानों पर नजर रखने वाली वेबसाइट फ्लाइट ट्रैकर 24 ने दावा किया कि यति एयरलाइन का विमान 15 साल पुराना था और अविश्वसनीय डेटा वाले पुराने ट्रांसपोंडर (उपकरण) से लैस था।यति एयरलाइन के प्रवक्ता सुदर्शन बरतौला ने कहा कि अभी तक किसी के जीवित बचने की कोई सूचना नहीं है। उन्होंने कहा, पोखरा में मौसम बिल्कुल ठीक था और विमान का इंजन भी अच्छी स्थिति में था। उन्होंने कहा, हम नहीं जानते कि विमान को क्या हुआ। हालांकि, कुछ स्थानीय मीडिया की खबरों में कहा गया कि विमान उतरते समय ज्यादा मुड़ गया था, जो दुर्घटना का कारण हो सकता है। यह चीनी कर्ज के तहत बनाया गया एक नया हवाई अड्डा है और अभी दो हफ्ते पहले इसका उद्घाटन किया गया था।

### खराब रिकॉर्ड...

थी, जब तारा एअर का एक विमान पर्वतीय मुस्तांग जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें एक भारतीय परिवार के चार सदस्यों समेत इसमें सवार सभी 22 लोगों की मौत हो गई थी। वर्ष 2016 में, इसी एयरलाइन का एक विमान इसी मार्ग पर उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें सवार सभी 23 लोगों की मौत हो गई थी। मार्च 2018 में, त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विमान दुर्घटना में 51 लोगों की मौत हुई थी। सितंबर 2012 में त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात लैंडिंग करते समय सीता एयर का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें 19 लोगों की मौत हो गई थी। पोखरा से जोमसोम के लिए उड़ान भरते समय एक विमान 14 मई 2012 को जोमसोम हवाई अड्डे के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें 15 लोगों की मौत हो गई थी।

### दो दशक...

कनाडा में निर्मित एक डीएचसी6-300 ट्विन ऑटर विमान के जरिए व्यावसायिक उड़ानों की दुनिया में कदम रखा था।

### बसपा नहीं...

व अन्य कुछ और दलों ने भी षडयंत्र के तहत बीएसपी से गठबंधन करने का भ्रम जानबूझ कर अभी से ही फैलाना शुरू कर दिया है। जबकि बीएसपी ने एक-दो बार यू.पी. आदि राज्य स्तर पर अभी तक जो भी चुनावी गठबंधन किया है तो उससे केवल पंजाब को छोड़कर हमारी पार्टी की तरह उनका वोट हमें ट्रान्सफरेबल नहीं होने के कारण फिर बीएसपी को ही हानि ज्यादा हुई है। मायावती ने कहा कि कांग्रेस, बीजेपी व इनकी समर्थक पार्टियों की वजह से ही अपने देश में यहाँ शुरू से ही गरीबी, बेरोजगारी, मंहगाई व भ्रष्टाचार आदि भी लगातार बढ़ रहा है। इन पर अब पर्दा डालने के लिए यह पार्टी आये दिन नई-नई व हवा-हवाई घोषणायें करने एवं निवेश लाने के नाम पर भी किस्म-किस्म की नाटकबाजी आदि करने का ही सहारा ले रही है तथा जिनसे जमीनी हकीकत में यहाँ के गरीब एवं मध्यम वर्ग के लोगों को कुछ भी खास लाभ मिलने वाला नहीं है। इनकी गलत नीतियों व गलत कार्यशैली आदि की वजह से ही अब यहाँ उत्तराखण्ड व अन्य पहाड़ी बाहुल्य प्रदेश भी काफी ज्यादा प्रभावित हो रहे है। साथ ही, जॉच एजेन्सियों का भी देश व जनहित में इस्तेमाल करने की बजाय ज्यादातर इनका भी राजनीतिकरण ही कर दिया गया है, यह भी देश के लिए काफी चिन्ता की बात है। उन्होंने कहा कि आरक्षण के मामले में तो शुरू से ही यहाँ कांग्रेस, बीजेपी व सपा सहित अन्य सभी विरोधी पार्टियाँ, अपने संवैधानिक उतरदायित्व के प्रति कतई भी ईमानदार नहीं रही है।

### पर्वतीय इलाकों...

पहले की स्थिति पाई गई, 8.3 फीसदी हाइपरटेंशन के प्रथम चरण में और 6.5 फीसदी महिलाएं हाइपरटेंशन के दूसरे चरण में थीं। अध्ययन से पता चलता है कि केवल 57.4 फीसदी महिलाओं का बीएमआई सामान्य है, जबकि लगभग 32 फीसदी अधिक वजन और मोटापे से ग्रस्त हैं। शोध के निष्कर्ष में पाया गया कि करीब आधी महिलाएं एसबीपी और डीबीपी से पीड़ित थीं। इसके अलावा, बीएमआई, नमक की अत्यधिक खपत, तम्बाकू का अधिक उपयोग, कम शारीरिक गतिविधि और उच्च रक्तचाप के बीच संबंध था।

### वंदे भारत...

ले जाने की क्षमता है। मोदी ने वंदे भारत ट्रेन को नए भारत के संकल्पों और सामर्थ्य के साथ ही उस भारत का प्रतीक बताया जो तेज बदलाव के रास्ते पर है और जो अपने सपनों और अपनी आकांक्षाओं को लेकर अधीर है। उन्होंने कहा, ऐसा भारत, जो तेजी से चलकर अपने लक्ष्य तक पहुंचना चाहता है। वंदे भारत एक्सप्रेस उस भारत का प्रतीक है जो अपने नागरिकों को बेहतर सुविधाएं देना चाहता है। वंदे भारत एक्सप्रेस उस भारत का प्रतीक है, जो गुलामी की मानसिकता से बाहर निकलकर आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ रहा है। वंदे भारत को देश की ट्रेन करार देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते कुछ ही वर्षों में सात वंदे भारत रेलगाड़ियों ने कुल मिलाकर 23 लाख किलोमीटर का सफर तय किया है और इन ट्रेन से अब तक 40 लाख से अधिक यात्री यात्रा कर चुके हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री ने फरवरी 2019 में नई दिल्ली और वाराणसी के बीच चल रही पहली वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले आठ वर्षों में तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में रेलवे के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम हुआ है जबकि पहले की सरकारों के दौरान काम की गति बहुत धीमी थी। मोदी ने कहा कि पिछले आठ वर्षों में तेलंगाना में रेलवे के लिए 250 करोड़ रुपए से भी कम बजट था जबकि आज यह बजट बढ़कर 3,000 करोड़ रुपए तक पहुंच चुका है। उन्होंने कहा कि मेंडक जैसे तेलंगाना के अनेक क्षेत्र पहली बार रेल सेवा से जुड़े हैं।

### विपक्षी दलों...

देने के लिए कहा गया है, इसलिए हमने अपना जवाब संयुक्त या अलग से भेजने के लिए 25 जनवरी को फिर एक और बैठक करने का फैसला किया है, लेकिन हमारा स्पष्ट दृष्टिकोण यह है कि हम आरवीएम का समर्थन नहीं करते हैं। बैठक से तृणमूल कांग्रेस की अनुपस्थिति पर सिंह ने कहा कि हमें अभी तक पार्टी के रुख के बारे में पता नहीं है, लेकिन हम चर्चा करेंगे और उनके विचार भी साझा करेंगे। सपा और राकांपा की अनुपस्थिति के बारे में सिंह ने कहा कि अखिलेश यादव और शरद पवार ने उनके विचारों का समर्थन किया है, लेकिन वे अभी आरवीएम पर और अधिक स्पष्टता चाहते हैं। भाकपा नेता डी राजा ने कहा कि बैठक में शामिल सभी दल सोमवार को चुनाव आयोग के समक्ष इस मुद्दे को उठाएंगे। आयोग ने आठ मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दलों और 57 मान्यता प्राप्त राज्यस्तरीय दलों के प्रतिनिधियों को प्रवासी मतदाताओं के लिए रिमोट ईवीएम की अवधारणा को प्रदर्शित करने के लिए बैठक बुलाई है।

### पहाड़ों से...

की गिरावट दर्ज की गई है। राष्ट्रीय राजधानी के जफरपुर में न्यूनतम तापमान 2.6 डिग्री सेल्सियस, जबकि लोधी रोड में 3.8, आयानगर में तीन और रिज क्षेत्र में 3.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में पांच से नौ जनवरी के बीच कड़ाके की ठंड पड़ी है और पिछले एक दशक में यह दूसरा सबसे ठंडा सप्ताह रहा है। इस दौरान शहर 50 घंटों तक कोहरे की चादर में लिपटा रहा, जो 2019 के बाद का सबसे लंबा समय है। तेज हवा के चलते राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता में सुधार होने से चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्रवाई योजना (जीआरएपी) के तीसरे चरण के तहत लगाई गई पाबंदियां हटा ली गई हैं। पंजाब के अमृतसर में न्यूनतम तापमान 1.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। केंद्र शासित प्रदेश व हरियाणा-पंजाब की साझा राजधानी चंडीगढ़ में न्यूनतम तापमान 6.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, पूर्वी राजस्थान, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तरी-पश्चिमी मध्य प्रदेश में न्यूनतम तापमान में चार से सात डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है।

### वर्ष 2025...

कि पूर्वानुमान में सुधार के साथ आपदा से संबंधित मृत्यु दर घटकर इकाई अंक में आ गई है। उन्होंने कहा कि देश में डॉपलर रडार की संख्या 2013 में 15 से बढ़कर 2023 में 37 हो गई है। उन्होंने कहा कि अगले दो से तीन वर्षों में देश में 25 और रडार लगाए जाएंगे, जिससे इनकी संख्या बढ़कर 62 हो जाएगी।

# वेंटीलेटर पर हैं बुंदेलखंड के आकांक्षी जिले चित्रकूट की स्वास्थ्य सेवाएं

**रतन पटेल।** चित्रकूट

**बुंदेलखंड** के आकांक्षी जिले चित्रकूट की स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली दूर करने के प्रति केंद्र और प्रदेश की सरकार कितना गंभीर है, इसका अंदाजा नेशनल हेल्थ मिशन के तहत 78 करोड़ की लागत से अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस बने दौ सौ शैय्या वाले मातृ एवं बाल चिकित्सालय की स्थिति को देखकर लगाया जा सकता है। स्वास्थ्य विभाग को भवन हैंडओवर होने के चार वर्ष बीत जाने के बाद भी महज डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती न हो पाने के कारण यह अस्पताल आज तक चालू नहीं हो सका। जिसके चलते डिलेवरी आदि में स्थिति गंभीर होने पर प्रसूताओं के लिए प्रयागराज, कानपुर और मध्य प्रदेश के सतना व जबलपुर आदि महानगरों के अस्पतालों की शरण लेना मजबूरी बनी हुई है।



- 78 करोड़ से बना दौ सौ शैय्या वाला मातृ व बाल चिकित्सालय बना शोपीस
- बिल्डिंग हैंडओवर होने के चार साल बाद भी नहीं शुरू हो सका अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस अस्पताल

धार्मिक एवं पौराणिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण उत्तर प्रदेश का चित्रकूट जनपद पिछले करीब चार दशकों तक दुर्दांत डकैतों की शरण स्थली रहने के कारण विकास से अछूता है। स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क और रोजगार जैसी बुनियादी समस्याओं से पौराणिक नगरी के लोग आजादी के कई दशक के बाद भी जूझने को मजबूर है। विकास से वंचित जनपद को बुनियादी सुविधाओं से संतृप्त कर मुख्यधारा से जोड़ने की मंशा से केंद्र सरकार द्वारा बुंदेलखंड के चित्रकूट को आकांक्षी जिलों की सूची में शामिल किया गया था। इसके बावजूद चित्रकूट की स्वास्थ्य सेवाएं आज भी वेंटिलेटर पर है। इलाज के अभाव में आये दिन मरीजों को असमय मौत का शिकार होना पड़ रहा है। जनपद के खोह गांव में करीब 78 करोड़ की लागत से बने अत्याधुनिक सुविधाओं से लैंस दौ सौ शैय्या वाले मातृ एवं बाल चिकित्सालय को कार्यदायी संस्था एचएलएल कन्स्ट्रक्शन सर्विस कम्पनी द्वारा 2019 में निर्माण कार्य पूरा कर अस्पताल का भवन स्वास्थ्य विभाग को हैंडओवर कर दिया गया था। डाक्टरों एवं कर्मचारियों की शासन द्वारा तैनाती न किये जाने के कारण भवन बनने के चार साल बाद भी अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस अस्पताल शुरू नही हो सका।

### चित्रकूट समेत सूबे के पांच जिलों में बने हैं अत्याधुनिक 200 बेड के अस्पताल

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2015 में सूबे के विकास की दृष्टि से पिछडे चित्रकूट समेत लखीमपुर खीरी, अंबेडकरनगर, अमेठी और सोनभद्र जनपद के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ कराने के उद्देश्य से अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस 200 बेड के नए अस्पताल खोलने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा था। नेशनल हेल्थ मिशन के तहत मंजूरी मिलने के बाद इन अस्पतालों का निर्माण कराया गया था। इन अस्पतालों का निर्माण 'टर्नकी' आधार पर करवाया गया था। ताकि टेंडर आमंत्रित करने से बाद में उपकरण व फर्नीचर खरीद से लेकर अन्य चीजों के लिए अलग-अलग टेंडर आमंत्रित नहीं करने पड़ें।

### सांसद ने सीएम से की अस्पताल को चालू करने की मांग

उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जनपद के खोह गांव में बनकर तैयार 200 बेड के मातृ एवं शिशु चिकित्सालय एवं जनपद बांदा में बने 300 बेड के मंडलीय चिकित्सालय को शुरू कराने की मांग बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की है। सांसद ने बुंदेलखंड से चित्रकूट मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ हुई सीएम की बैठक में कहा कि चित्रकूट की स्वाथ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए बनकर तैयार खड़े चिकित्सालयों को स्टाफकी तैनाती करा शुरू करना अत्यंत आवश्यक है। इससे पूर्व सांसद ने शून्यकाल के दौरान संसद में भी उपकरणों की उपलब्धता और चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफकी तैनाती करा अस्पतालों को अविलम्ब शुरू करने का मुद्दा उठाया था।

### स्वास्थ्य विभाग कर रहा अस्पताल को चालू कराने की पहल

चित्रकूट के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा ॰भूपेश द्विवेदी ने बताया कि जिले के खोह गांव में नेशनल हेल्थ मिशन के तहत 78 करोड़ की लागत से दो सौ बेड का मातृ एवं शिशु चिकित्सालय का निर्माण कराया गया था। निर्माण एजेंसी द्वारा 2019 में चिकित्सालय भवन विभाग को हैंडओवर किया गया था। बताया कि डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती के लिए शासन से पत्राचार किया जा रहा है। कर्मचारियों की तैनाती एवं उपकरणों की उपलब्धता होते ही अस्पताल को शुरू कर दिया जायेगा। बताया कि कोरोना काल में उक्त चिकित्सालय भवन को कोविड सेंटर के रूप में उपयोग किया गया था। मौजूदा समय ओपीडी सेवा के साथ-साथ डेंगू सेंटर बनाया गया है।

### नये भवन में शुरू हो महिला एवं शिशु चिकित्सालय

राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री शानू गुप्ता ,समाजसेवी राजेश सोनी आदि का कहना है कि सरकार का बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने का दावा चित्रकूट में पूरी तरह खोखला साबित हो रहा है। जिले की स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से वेंटिलेटर पर है। संयुक्त जिला अस्पताल महज रेफर सेंटर बना हुआ है। इलाज के अभाव में आये दिन मरीजों की असमय मौत हो रही है। उन्होंने अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस 200 बेड के अस्पताल को जल्द से जल्द शुरू करने की मांग की है। साथ ही संयुक्त जिला अस्पताल से महिला एवं शिशु इकाई को नये अस्पताल में शुरू कराने की मांग की है।

## गरीबों को कंबल वितरित कर भाजपा नेत्री ने बेटी का मनाया जन्म दिन

**हमीरपुर।** आज जिला उपाध्यक्ष भाजपा अनु मोर्चा ने अपनी बेटी अनिका के पांचवे जन्मदिन के अवसर पर गरीब असहाय लोगों को 200 कम्बल वितरित कर चाय नाश्ता कराया, गरीबों ने एक स्वर में बेटी को तुम जियो हजारो साल का आशीर्वाद देकर भाजपा नेत्री के कार्यों की जमकर प्रशंसा की, वहीं दल के नेताओं ने कहा कि गरीबों को दान देकर जन्मदिन मनाये जाने की परंपरा डालनी चाहिये। पहले इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में आये भाजपा जिलाध्यक्ष ब्रज किशोर गुप्ता को डा सुरेश ने माला पहना कर स्वागत किया उसके बाद केक काटकर जन्म दिन मनाया और उसके बाद गरीब 200 लोगों को कम्बल वितरण किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष ब्रजकिशोर गुप्ता कहा कि डा सुरेश व इनकी पत्नी संध्या वर्मा हमेशा समाज सेवा करते आये हैं। डॉ. सुरेश पहले यह नौकरी करते हैं उसके बाद समाज सेवा करते हैं। इन्होंने बाढ़ व दैवीय आपदा में हमेशा गरीबों



की मदद की है। डा.सुरेश व संध्या बर्मा के इस कार्य पर दल के कार्यकर्ता व नेता हमेशा गर्व करते हैं। इस मौके पर डॉ. सुरेश ने कहा कि हम अपनी खुशी गरीब असहाय लोगों के साथ मिलकर खुशिया मनाते हैं, और चाहे हमारी शादी की सालगिरह हो या जन्मदिन, जब तक मेरा जीवन रहेगा तब तक हम हमेशा गरीबो की मदद करते रहेंगे। उन्होंने एलान किया कि जब भी किसी गरीब पर कोई आपदा, आपत्ति आये वह डॉ सुरेश को अवश्य याद करे वह दो मिनट में उनके दरवाजे जाकर यथा संभव मदद करेंगे।

## संगम में डुबकी लगाने के बाद श्रद्धालुओं ने खिचड़ी व चाय का स्वाद लिया

**हमीरपुर।** भाजपा नेता राजीव शुक्ला ने आज मकर संक्राति के पर्व पर संगम में खिचड़ी व चाय वितरण किया, मौजूद लोगो ने नौका विहार कर आनंद लिया। जानकारी के मुताबिक आज श्रद्दालुयों ने संगम में स्नान कर आस्था की डुबकी लगायी गरीबों को दान दिया। भाजपा नेता राजीव शुक्ला ने कैम्प लगाकर खिचड़ी भोज आयोजित किया। हाड़कपाऊ ठंड के चलते भाजपा नेता ने चाय वितरण किया। गरीबों ने भाजपा नेता को आशीर्वाद दिया। भाजपा नेता प्रत्येक साल सर्दियों ने गरीबों को चाय वितरण कराते है। आसपास के क्षेत्र के लोगों ने सुवह से संगम में एकत्र होकर स्नान किया। श्रद्दालुओं ने पूजा अर्चना कर गरीबों को दान दिया। इस मौके पर सुरक्षा की दृष्टि से पीएसी की नौकाएं तैनात रहीं। इस मौके पर डीएम व एसडीएम सदर व समाजसेवी राजीव शुक्ला के अलावा चंदन शुक्ला समेत कई लोग मौजूद रहे।

## संत पथिक की जयंती धूमाधाम से मनायी गयी

**घाटमपर।** श्री शक्ति डिग्री कॉलेज साखाहारी घाटमपुर में संत पथिक जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया सर्वप्रथम कॉलेज प्रबंधक श्री विनय त्रिवेदी एवं कालेज प्रबंध समिति के पदाधिकारी राज किशोर मिश्र द्वारा पथिक जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया गया। वक्ताओं ने संत पथिक जी द्वारा दिखाए गए सत्य निष्ठा जनसेवा और कर्तव्यनिष्ठता के रास्ते पर चलने के लिए युवाओं को प्रेरित किया। इस अवसर पर आयोजित दो दिवसीय संत पथिक युवा महोत्सव में आज अंतिम दिन विज्ञान प्रदर्शनी गणित प्रदर्शनी और शिक्षण के प्रभावी तरीके आदि पर प्रतियोगिता आयोजित हुई, साथ ही 2 दिन में आयोजित हुए विभिन्न खेलों में प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। निबंध प्रतियोगिता में हर्षिता तिवारी प्रथम देवांश द्वितीय और अंशी ने



तृतीय स्थान प्राप्त किए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में आदेश पटेल ने प्रथम देवेश ने द्वितीय अंशी तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया कविता प्रतियोगिता में अंशु त्रिवेदी ने प्रथम हर्षिता तिवारी ने द्वितीय अर्पित एवं शताक्षी त्रिवेदी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता प्रतियोगिता में दिव्या ने प्रथम अंजू ने द्वितीय और अमृता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया गिट्टी फोड प्रतियोगिता में कैप्टन आर्यन की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया मेहंदी प्रतियोगिता में ज्योति साहू ने प्रथम दिव्या ने द्वितीय सौम्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया और ज्योति ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

## सरकारी कार्य में बाधा डालने व राजस्व टीम के साथ अभद्रता करने वाले 9 पर मुकदमा

**बिंदकी ( फतेहपुर )।** घूर गड्ढे का सीमांकन करने पहुंची राजस्व विभाग की टीम के साथ कुछ ग्रामीणों ने अभद्रता की और सरकारी काम में बाधा डाला। इस मामले में लेखपाल की तहरीर पर पुलिस ने 9 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है जिसमें पुलिस ने दो को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के रारी खुर्द गांव में राजस्व विभाग की टीम घूर गड्ढे का सीमांकन करने पहुंची थी। टीम में हल्का लेखपाल रामनरेश सिंह राजस्व निरीक्षक विद्या भूषण सिंह लेखपाल दीपक तिवारी लेखपाल उमेश सिंह लोग मौजूद थे सीमांकन के समय गांव के कुछ लोगों ने राजस्व टीम के साथ अभद्रता की और सरकारी कार्य में बाधा डाला इस मामले में हल्का लेखपाल रामनरेश सिंह की तहरीर पर पुलिस ने गांव के रंजीत जयपाल श्यामू करतार भगवती शशिकांत राहुल व राजेंद्र तथा रमन सहित कुल 9 लोगों के खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालने तथा राजस्व टीम के साथ अभद्रता करने का मुकदमा दर्ज किया है।

## मकर संक्रांति का पर्व हर्षोल्लास के साथ मना

**रसूलाबाद कानपुर देहात।** मकर संक्रांति का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जहां जगह.जगह खिचड़ी भोज और भंडारे का आयोजन किया गया। रसूलाबाद कस्बे में आरपीएस इंटर कालेज के निकट सुबह विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जहां राज चलते लोगों ने बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से के बड़े राठौर, सूर्यभान सिंह, चंदन यादव, संदीप तिवारी, धीरू चौबे, बउअन चौरसिया, अजय भदौरिया, बॉबी दुबे, रानू मिश्रा, जेपी सिंह, अजय आजाद, जागेंद्र सिंह, सुरेश चंद्र सहित कई लोग मौजूद रहे। झींझक रोड तिराहा पर अंबे क्लॉथ हाउस के द्वारा खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। इस मौके पर विनय शर्मा, आनंद द्विवेदी, सलोने पाठक सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। इसी तरह समाजसेवी कमलेश पाल ने भी खिचड़ी भोज का आयोजन कराया जहां बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। रसूलाबाद क्षेत्र के बारापुर गांव निवासी समाजसेवी कमलेश पाल ने मकर संक्रांति के पर्व पर रविवार को विशाल खिचड़ी भोज का आयोजन कराया, जहां आसपास गांव तथा क्षेत्रीय लोगों ने पहुंचकर खिचड़ी भोज का आनंद लिया। मालूम हो कि कमलेश पाल प्रतिवर्ष मकर संक्रांति के पर्व पर खिचड़ी भोज का आयोजन करवाते हैं।

## दो सर्राफा दुकानों से लाखों के आभूषण ले उड़े शातिर चोर

**जालौन ( उरई )।** पुलिस चौकी से चंद कदम की दूरी पर चोरों ने दो सर्राफा व्यापारियों की दुकानों को निशाना बनाकर लाखों के सोने, चांदी के जेवरात चोरी किए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मुआयना किया। बाद में एसपी, एएसपी व सदर विधायक भी व्यापारियों से मिले। फोरेंसिक टीम ने भी नमूने लिए।

नगर के मोहल्ला चौधरयाना निवासी भाजपा नेता व नामित सभासद रहे वीरेंद्र सोनी के भाई रामजी स्वर्णकार उर्फ बबलू व फर्दनवीस निवासी विशाल सोनी पुत्र प्रमोद सोनी की चौकी के नीचे चंद कदम की दूरी पर बाजार बैठगंज में सर्राफा की दुकानें हैं। पास में ही झंडा चौराहे पर रात में पिकेट ड्यूटी भी रहती है। शनिवार की रात करीब 8 बजे दोनों व्यापारी अपनी दुकानें बंद कर घर चले गए। रात में किसी समय चोर दुकानों के ऊपर चढ़ गए। चोरों ने छत पर लगे लोहे के मजबूत गेटों के कुंडों को तोड़ दिया। कुंडे तोड़कर चोर दुकान में घुस गए। चोरों ने रामजी की दुकान के अंदर दो तिजोरियों को तोड़कर लगभग 4 किग्रा चांदी के आभूषण जिनकी कीमत करीब ढाई लाख रुपये और सोने की 8 अंगूठी, 4 जोड़ी कान के कुंडल कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपये समेत 10 हजार रुपये नगद चोरी कर लिए। वहीं, उनके बगल में ही स्थित विशाल की दुकान से चोरों ने गोलक में रखे 12 हजार रुपये नगद, सोने की दो अंगूठी, 10 ग्राम कच्चा सोना, 200 ग्राम चांदी व 450 ग्राम कच्ची चांदी, समेत पायलें, हाफपेटी, बच्चों के चूड़ा आदि चोरी कर लिए। प्रमोद की दुकान में चोरी उनकी तिजोरी को नहीं खोल सके। जिसके चलते और ज्यादा नुकसान होने से बच गया। चोरी करने के बाद चोर आरी और पेंचकच आदि सामान वहीं छोड़कर भाग गए। सुबह जब व्यापारी दुकान पर पहुंचे और दुकानों को खोला तो उन्हें चोरी की जानकारी हुई। जिसके बाद व्यापरियों ने चोरी की सूचना कोतवाली पुलिस को दी।

## परीक्षा से पहले बच्चों पर ज्यादा मनोवैज्ञानिक दबाव नहीं होना चाहिएः सांसद मुकेश राजपूत

**फर्रुखाबाद।** भाजपा सांसद एवं रेलवे संसदीय स्थाई सलाहकार समिति सदस्य मुकेश राजपूत ने बताया कि प्रधानमंत्री ने, छठवीं मन की बात परीक्षा पर चर्चा, में कहा कि परीक्षा से पहले बच्चों में, ज्यादा मनोवैज्ञानिक दबाव नहीं होना चाहिए, ऐसा होने पर, कभी-कभी अच्छा होने पर भी दबाव में, प्रदर्शन खराब हो जाता है।

श्री राजपूत शहर के मसेनी समीपवर्ती एक गेस्ट हाउस में मकर संक्रांति के पावन पर्व पर, जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देने के साथ ही पत्रकारों को खिचड़ी भोज खिलाने से पहले पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। फर्रुखाबाद शहर के सीपी इंटरनेशनल स्कूल में 20 जनवरी 2023 को परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता होगी।

श्री राजपूत ने बताया कि परीक्षा पर चर्चा छठवां प्रधानमंत्री का कार्यक्रम होने जा रहा है। परीक्षा से पहले बच्चों में, दबाव होता है कि परीक्षा कैसी होगी रिजल्ट कैसा आएगा। कक्षा 9 से 12 तक के परीक्षार्थियों पर इसका



मनोवैज्ञानिक दबाव रहता है। उन्होंने बताया कि शिक्षकों को उम्मीद होती है कि उनके बच्चों का अच्छा रिजल्ट आए, ऐसे में अभिभावक भी अपने बच्चों और शिक्षकों से अच्छे परिणाम लाने की अपेक्षाएं रखते हैं। उन्होंने दावा किया कि परीक्षा से पहले बच्चों पर भारी मनोवैज्ञानिक दबाव नहीं आए इसके लिए बच्चों को जागरूक करने की जरूरत है। सांसद राजपूत ने कहा कि रिजल्ट की मेरिट के आधार नौकरियां नहीं मिलतीं, नौकरी पाने के लिए परीक्षा अलग से देनी होती है। ऐसे में मनोवैज्ञानिक दबाव परीक्षार्थी के ऊपर नहीं होना चाहिए। यहां, प्रधानमंत्री के छठ में मन की बात पर कार्यक्रम 27 जनवरी 2023 को फर्रुखाबाद के सीपी इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित होगा।

## पद्म विभूषण जगदगुरु रामभद्राचार्य महाराज को अमेरिका ने दिया 'प्राइड आफ सनातन' अवार्ड

**संवाददाता।** चित्रकूट

**भारत** को विश्व गुरु बनाने में हमारे देश के संतों ,ऋषि, मुनियों का सदैव ही योगदान रहा है। इसी श्रंखला मे वर्तमान समय के महान संत ,पद्म विभूषण से अलंकृत श्रीतुलसीपीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज को उनके 'वसुधैव कुटुम्बकम' विचारधारा, अद्भुत प्रतिभा की ख्याति पूर्व से पश्चिम तक संपूर्ण विश्व में ख्याति फैल रही हैं। आज भी विश्व गुरु की पदवी पर भारत के धर्म चक्रवर्ती जगदगुरु रामभद्राचार्य जी विराजमान है। उनका दिब्यांगो के प्रति विशेष प्रेम व दिव्यांगों की उच्च शिक्षा के लिए विश्वविद्यालय की स्थापना, रोजगार व पुनर्वास के लिए किये गए कार्य सराहनीय है। इन्ही महान कार्य को देखते हुए 'वर्ल्ड हयूमिनिटी पार्लियामेंट संयुक्त राज्य अमेरिका के द्वारा 2023 का 'प्राइड ऑफ सनातन' विश्व प्रसिद्ध पुरस्कार से विभूषित किया है।




जिससे धर्म नगरी चित्रकूट में खुशी की लहर है। जगदगुरु के उत्तराधिकारी आचार्य रामचंद्र दास महाराज का कहना है कि यह हम सभी के लिए अत्यंत गौरव की बात है। देव तुल्य महान जगदगुरु जी को पुरस्कार प्रदान करना सूर्य को दीपक दिखाने जैसी ही है। आपसे पुरस्कार स्वंय विभूषित हो जाते हैं। पूज्य जगदगुरु जी की आशुकवि क्षमता है। आप रचनात्मक कार्यों में पठन - पाठन करते रहते हैं। कहा कि जगदगुरु ने अपनी क्षमता से ही अनेक महान ग्रंथों की रचना की है। वेद शास्त्र ,पुराण ,के महान ज्ञाता हैं। आपने वर्तमान समय तक 225 ग्रंथों का प्रणयन ,लेखन किया है। आपके भारत में सामाजिक,धार्मिक, धर्म, संस्कृति के प्रचार- प्रसार में लाखों करोडों भक्तों को मार्ग दर्शन, प्रेरणा मिलता है। बताया कि आज यह पुरस्कार श्री सालासर बालाजी मंदिर चुरु राजस्थान में आयोजित श्रीराम कथा के तीसरे दिन आपके जन्मदिन के शुभ अवसर पर राघव परिवार के लाखों भक्तों के समक्ष प्रमाण पत्र व पुरस्कार दिया गया। इस महान उपलब्धि पर आपके विश्वविद्यालय में हर्षोल्लास का माहौल है।

## दो हत्यारोपियों को आला कत्ल के साथ पुलिस टीम ने किया गिरफ्तार

- नवागंतुक एसपी ने किया खुलासा

**उरई ( जालौन )।** आटा थाना क्षेत्र के संधि में स्थित सचिवालय में हुई युवक की हत्या के मामले की गुत्थी थाना पुलिस, एसओजी व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने 24 घंटे के अंदर सुलझा कर रख दी। जिसमें दो हत्यारोपियों को आलाकत्ल के साथ गिरफ्तार कर लिया। मामले का खुलासा नवागंतुक पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने पुलिस लाइन सभागार में किया। घटना का खुलासा करते हुए नवागंतुक पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा ने बताया कि 13 जनवरी को आटा थाना क्षेत्र के ग्राम संधि में कालपी कोतवाली के रहने वाले सफाई कर्मी साकेत के 20 वर्षीय पुत्र हिमांशु की सचिवालय के अंदर सफाई करते हुये हत्या कर दी गई थी। जिसमें सफाई कर रहे एक अन्य सफाई कर्मी संतोष ने बाइक सवार तीन अज्ञात लोगों पर हत्या का आरोप लगाया था। हत्या की वारदात से जल्द पर्दा उठाने के लिए एसओजी, सर्विलांस सेल व आटा पुलिस को लगाया गया था। जिसकी खोजबीन में जुटी संयुक्त टीम ने मौके पर जाकर साक्ष्यों को एकत्रित किया, जिसमें संतोष के खिलाफ सबूत हाथ लगे। जिसने आरोपी दीपक के साथ मिलकर फावड़े से वार करते हुए उसे मौत के घाट उतार दिया था। जिस आधार पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पूछताछ में हत्यारोपी ने बताया कि मृतक की बहन व आरोपी की बहन की दोस्त थी। जिसका विरोध संतोष करता था। जब हिमांशु सचिवालय में सफाई कर रहा था, उसी दौरान दोनों की इसी बात को लेकर बहस हुई और दोनों में झगड़ा हुआ। जिसमें संतोष ने गांव से ही दीपक को बुला लिया और उसकी मदद से हिमांशु के ऊपर फावड़ा और अन्य प्राण घातक हथियार से हमलाकर हत्या कर दी। इसके बाद मामले को दूसरी तरफमोड़ने के लिये कहानी गढ़ते हुए हत्या का आरोप बाइक सवार तीन अज्ञात लोगों पर लगाया था।

## चोरी की मोटरबाइक समेत पुलिस ने दो को दबोचा

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर बरगढ़ थाना पुलिस ने उर्स मेले से चोरी मोटरबाइक की घटना का 24 घंटे के अन्दर खुलासा कर दो चोरों को बाइक समेत दबोचा है। 13 जनवरी को मस्ताना बाबा कुटी उर्स मेले से मोटरबाइक यूपी 70सीडी- 6758 के चोरी होने की सूचना मऊ थाने में सरताज आलम पुत्र अहमद अली निवासी अभयपुर थाना शंकरगढ जिला प्रयागराज ने दी थी। बरगढ थानाध्यक्ष योगेश तिवारी की टीम ने बरगढ़ से रामबाग जाने वाली सडक पर चेकिंग दौरान एक मोटरबाइक पर सवार दो लोगों को दबोचा। उनके कब्जे से चोरी की मोटरबाइक बरामद हुई। चोरों ने अपना नाम शैलेन्द्र सिंह उर्फ छोटू पुत्र रजवंत सिंह निवासी छपरिया मजरा सेमरा थाना बरगढ तथा दूसरे ने अपना नाम रजनी मौर्या पुत्र रामानुज निवासी सेमरा बताया है। बरामद मोटरबाइक को ठिकाने लगाने मप्र रामबाग जा रहे थे। पुलिस टीम में बरगढ थानाध्यक्ष योगेश तिवारी, दरोगा राजकुमार सिंह, सिपाही राहुल दीक्षित, राघवेन्द्र सिंह, मनीष यादव प्रथम व मनीष यादव द्वितीय शामिल रहे।

## क्विक न्यूज़

### घाटमपुर ने महोबा को 103 रनों से हराया



**घाटमपुर।** कैप्टन सुखबासी सिंह जनता महा विद्यालय के ग्राउंड में खेले गये एक मैच में घाटमपुर की टीम ने महोबा इलेविन को 103 रनों से हरा दिया। टास जीत कर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लेते हुए घाटमपुर की टीम ने निर्धारित 30 ओवरों में सभी विकेट खोकर 215 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया, इसमें रितिक सोनकर 70, जीतू तिवारी 41, अनमोल ने 26 और सालिम ने 22 रनों का योगदान किया, इसके जवाब में महोबा इलेविन की टीम ने 15 ओवरों में मात्र 112 रन ही बना सकी। घाटमपुर की ओर से गेंदबाजी करते हुए सुमित ने 4 और रितिक व शिवम ने दो-दो विकेट लिये। इसके पहले सचिव भूप किशोर विश्वकर्मा ने दोनों टीम के खिलाड़ियों का परिचय कराया। मैन आफद मैच रितिक सोनकर को घोषित किया गया।

### सुन्नी सेंट्रल बोर्ड ने नयी कमेटी के संचालन पर विवाद में नया मोड़

**मौदहा (हमीरपुर)।** मौदहा स्थित वक्फबोर्ड कमेटी का विवाद थमने का नाम नही ले रहा है, कई वर्षो से चल रहे इस विवाद में अब नया मोड़ फिर से आ गया है। सुन्नी सेंट्रल बोर्ड ने नई गठित कमेटी द्वारा भ्रष्टाचार किये जाने पर संचालन में रोक लगा दी है। मौदहा कस्बे में 18 वर्षों से संचालित वक्फबोर्ड कमेटी 81 का संचालन सुलेमान द्वारा किया जा रहा था जिसपर हो रही अनियमितताओं की शिकायत रफीक उद्दीन ने वक्फबोर्ड चीयरमैन से की थी जिसकी जांच के बाद दिनांक 18 सितंबर 2021 को शिकायत को सही पाए जाने पर कमेटी भंग कर नई कमेटी बनाकर मोहम्मद जावेद,व अजहर उद्दीन को कमेटी की बागडोर सौंपी थी, जिसपर पूर्व कमेटी के सुलेमान ने पुनः नई कमेटी द्वारा उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल बोर्ड में भ्रष्टाचार की शिकायत की तो वक्फबोर्ड अध्यक्ष ने पूर्व 18 सितंबर 21 के आदेश को रद्द करते हुए अगले आदेश तक संचालन पर रोक लगा दी है। आए दिन वक्फबोर्ड कमेटी भंग करने का आदेश कहीं न कहीं सवालिया निशान जरूर लगा रहा है। वही अल्पसंख्यक अधिकारी हिमांशु अग्रवाल हमीरपुर ने बताया की इस तरह का आदेश की प्रति मुझे भी प्राप्त हुई है। बताया जाता है कि वक्फसंपत्ति में बीस दुकाने है जिससे दोनो पक्षों में किराये व उनसे होने वाली आय को लेकर दोनो पक्ष अक्सर आमने सामने होते रहते है।

### खड़े ट्रैक्टर ट्रॉली में पीछे से घुसा बाइक सवार, मौत

**बिवार (हमीरपुर)।** कोहरे के चलते तेज रफ्तार बाइक सवार युवक सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली में घुस गया। जिससे उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि युवक गोविंद सिंह चंदेल (26) निवासी निवादा अपनी बाइक से बिवार गांव से लौट रहा था। उसी दौरान निवादा के पास पंचर खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली में युवक पीछे से जा घुसा। थाना प्रभारी ने बताया ट्राली में लाइट रिफ्लेक्टर नहीं लगा था। गांव के लोगों की सूचना पर वह उसे छानी सीएचसी ले गए, जहां से उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन लगभग नौ बजे रास्ते में ही पीड़िया के पास उसने दम तोड़ दिया। ट्रैक्टर छानी निवासी प्रदीप कुमार के नाम बताया गया है, जिसे कब्जे में ले लिया गया है। बताया गया युवक दो भाइयों में छोटा अविवाहित था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

### सूअरों के आतंक से लोगों का जीना हराम

**मौदहा (हमीरपुर)।** नगर के लोग सूअरों के आतंक से परेशान है सूअरों के कारण लोगों का जीना दूभर हो गया है। कस्बे के हर मोहल्ले हर गली में सूअरों की धमाचौकड़ी से लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है। नगर पालिका चौयरमैन का कार्यकाल समाप्त होते ही सूअर पालकों ने अपने गंदे जानवरों को अपना घर दिया है जिससे वह गली गली खुलेआम घूमते नजर आ रहे हैं और इनका आतंक इस कदर है कि अगर कोई खाने पीने का सामान पन्नी में ले जारहा हो तो उसमें मुँह मारकर पन्नी फाड़ देते हैं और हमला तक कर देते हैं, जिसपर नगर पालिका प्रशासन लगाम लगाने में अक्षम नजर आ रही है। यहां तक की कोतवाली परिसर में भी सुअरों को विचरण करते देखा जा सकता है, पुलिस वालों ने बताया की मौदहा नगर पालिका से कई बार कहने के बाद भी सुअरों को मौदहा थाने से दूर नहीं किया गया बार-बार भगाने के बावजूद भी सुअर वापस थाने में आ जाते है। मौदहा नगर पालिका की जिम्मेदार अधिकारी अगर सुअरों के मालिकों हिदायत दे तो सुअरों से छुटकारा मिल जाएगा। मौदहा नगर पालिका के ढीले रवैये के कारण पूरे नगर में गंदगी व सुअरों का आतंक व्याप्त है।

### पीएचसी व सीएचसी में रविवार को भी होगा टीकाकरण

**मौदहा (हमीरपुर)।** शासन के आदेश पर बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर नियमित टीकाकरण कार्यक्रम शुरू किया गया जिसमें अब रविवार को भी टीकाकरण होगा। इसके लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सहित ब्लाक स्तर पर पीएचसी केंद्रों पर एएनएम मौजूद रहेंगी ताकि अधिक से अधिक बच्चों का टीकाकरण किया जा सके। सीएचसी मौदहा अधीक्षक डॉ. रजत रंजन तिवारी ने बताया कि नियमित टीकाकरण अभियान के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर बच्चों को टीका अब हर रविवार को भी लगाया जाएगा जिसके लिए सभी को दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि रविवार के अवकाश पर अभिभावकों का बच्चों को टीका लगवाने में आसानी होगी। अभिभावक अब मंगलवार से रविवार को सुबह दस बजे से शाम 4 बजे तक लगवा सकेंगे।अभी ग्रामीण क्षेत्र के अस्पतालों में टीकाकरण की पूर्व व्यवस्था नही हुई है।

### बाइकें भिड़ीं, तीन घायल

**राठ(हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पथनौड़ी गांव के पास तेज रफ्तार दो बाइकों के बीच हुई भीषण भिड़ंत में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्राम कैथी निवासी धीरेंद्र पुत्र जगदीश, मानसिंह पुत्र पलटू व मुकेश राजपूत पुत्र पृथ्वीराज बाइक से राठ आए थे। राठ से खरीददारी कर वापस अपने गांव बाइक से वापस जा रहे थे। तभी रास्ते में पथनौड़ी गांव के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से सीधी भिड़ंत हो गई। इस हादसे में एक बाइक पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है।

### महिला की मौत के मामले में पीड़ित ने सीएम से की शिकायत

**राठ(हमीरपुर)** मुस्करा थाने के गहरौली गांव में मारपीट से घायल वृद्ध महिला की मौत के मामले में रिपोर्ट दर्ज न होने से परेशान स्वजनों ने मुख्यमंत्री से शिकायत की है। वहीं दिन भर बीत जाने के बाद देर शाम शव का पोस्टमार्टम होने पर स्वजनों में नाराजगी व्यक्त की है। गहरौली के दयासर मोहल्ला निवासी जितेंद्र ने मुख्यमंत्री को शिकायत करते हुए बताया कि 11 जनवरी को वह जानवर चराने के लिए खेत गया था। घर पर मां हरछटिया अकेली थी। तभी गांव के दो लोग आए और दरवाजे पर पड़ी लकड़ियों को ले जाने लगे। मां ने विरोध जताया तो दोनों दबंगों ने जातिसूचक गालियां देते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। घटना की शिकायत मुस्करा पुलिस से की गई। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की। मारपीट से घायल मां की शनिवार सुबह हालत बिगड़ी और उसने दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम के लिए महिला के शव को शनिवार शाम 8 बजे लाया गया। लेकिन डॉक्टर की लापरवाही के कारण रविवार दिन भर स्वजन पोस्टमार्टम होने का इंतजार करते रहे। देर शाम पोस्टमार्टम होने पर परिजनों ने नाराजगी व्यक्त की।

### कंटेनर से तीन दर्जन गोवंश बरामद, अभियुक्त फरार

**फतेहपुर।** कल्यानपुर पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान कोरसम झाल के समीप एक कंटेनर को पकड़ लिया। जिसमें तीन दर्जन गोवंश बरामद हुए। पुलिस को देखकर अभियुक्त मौके से फरार हो गये। पुलिस कंटेनर व गोवंशों को थाने ले आई। कंटेनर की नंबर प्लेट बदलकर अभियुक्त गोवंशों की तस्करी कर रहे थे। जानकारी के अनुसार कल्यानपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार यादव अपने हमराही चौडगरा चौकी प्रभारी लक्ष्मीकांत सेंगर के साथ कोरसम झाल के समीप वहनों की चेकिंग कर रहे थे। तभी एक कंटेनर चालक पुलिस को देखकर कंटेनर खड़ा करके भाग निकला। पुलिस ने जब कंटेनर की तलाशी ली तो उसमें 36 राशि गोवंश बरामद हुए। वाहन का नंबर चेक करने पर पता चला कि आगे व पीछे की नंबर प्लेट अलग-अलग लगी हुई है। तस्कर वाहन की नंबर प्लेट बदलकर गोवंशों की तस्करी कर रहे थे। पुलिस कंटेनर व गोवंशों को थाने ले आई। कंटेनर की तलाशी लेने पर उसमें एक बांका, एक चाकू व एक लकड़ी का बोटा भी बरामद हुआ। पुलिस ने गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है और फरार अभियुक्तों की तलाश की जा रही है।

### असहायों को कंबल बांटे गए

**लखनऊ।** कड़ाके की ठण्ड के दृष्टिगत श्री साईं दास सेवा समिति ;पंजीण् छळव्द्धए श्री साईं . हनुमान मंदिर ब्लॉक निकट थाना तालकटोराए राजाजीपुरम द्वारा बेसहारा, गरीब और निसहाय लोगों को गत दो सप्ताह सेचलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज राजाजीपुरम परिक्षेत्र में जगह.जगह घूमकर लोगों को निरूशुल्क



कम्बल और मफ़लर वितरण किया गया। इस अवसर पर समिति के संयोजक और सामाजिक कार्यकर्ता इंजीण् अंकजीत सिन्हाए सचिव डॉण् अभिजीत सिन्हाए उपाध्यक्ष विश्वजीत सिन्हाए मीडिया प्रभारी आनंद कृष्ण श्रीवास्तवए संयुक्त सचिव कल्पजीत सिन्हाए बसंत सिंहए राहुल सहायए बबलू सिंहए विजय अरोड़ाए अभिषेक श्रीवास्तवए राम केसरवानी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जयशंकर श्रीलंका से ऋण पुनर्गठन पर करेंगे चर्चा

● 19 को श्रीलंका के दौरे की संभावना

भाषा। कोलंबो



**श्रीलंका के** राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने कहा है कि विदेश मंत्री एस जयशंकर की आगामी कोलंबो यात्रा के दौरान श्रीलंका भारत के साथ ऋण पुनर्गठन पर वार्ता करेगा। श्रीलंका दशकों के सबसे गंभीर वित्तीय संकट का सामना कर रहा है। श्रीलंका अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से 2.9 अरब डॉलर के ब्रिज लोन को सुरक्षित करने की कोशिश के साथ चीन, जापान और भारत से वित्तीय आश्वासन प्राप्त करने की कोशिश कर रहा है। आईएमएफ बेलआउट पैकेज को रोक दिया गया है क्योंकि श्रीलंका इस सुविधा के लिए वैश्विक ऋणदाता की शर्त को पूरा करने के संबंध में कर्ज देने वाले देशों के साथ बातचीत कर रहा है। शनिवार को ट्रेड यूनियन को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने कहा कि उनकी सरकार ने जापान के साथ ऋण पुनर्गठन वार्ता पूरी कर ली है और इस महीने भारत के साथ ऐसी बैठक करेगी। विक्रमसिंघे ने कहा, 19 जनवरी को, भारत के विदेश मंत्री के दौरे पर आने की उम्मीद है और हम भारत के साथ ऋण पुनर्गठन वार्ता जारी रखेंगे। जयशंकर की कोलंबो यात्रा के विवरण की घोषणा नहीं की गई है, लेकिन उनके श्रीलंका के शीर्ष नेतृत्व के साथ बातचीत करने की संभावना है। जरूरत के समय भारत ने पिछले साल कोलंबो को लगभग चार अरब डॉलर की वित्तीय सहायता दी थी। भारत ने वित्तीय संकट के सामने आने के बाद श्रीलंका को अपने समाप्त हो रहे विदेशी भंडार को बनाए रखने के लिए 90 करोड़ डॉलर का ऋण देने की घोषणा की। भारत ने ईंधन खरीद के लिए श्रीलंका को 50 करोड़ डॉलर की क्रेडिट लाइन की भी पेशकश की। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए क्रेडिट लाइन को बाद में बढ़ाकर 70 करोड़ डॉलर कर दिया गया। राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने कहा है कि श्रीलंका के पास एकमात्र विकल्प आईएमएफ से बेलआउट पैकेज का है। राष्ट्रपति ने कहा कि वह 3-4 किस्त में आईएमएफ मदद मिलने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने ट्रेड यूनियन नेताओं से कहा, मैं इस देश को जल्द से जल्द संकट से बाहर निकालना चाहता हूं। श्रीलंका 2022 में अभूतपूर्व वित्तीय संकट की चपेट में आ गया था। विदेशी मुद्रा भंडार में कमी आने के साथ देश में राजनीतिक उथल-पुथल मच गई, जिसके कारण राजपक्षे परिवार को सत्ता से हटना पड़ा।

## जल्द ही करूंगा भारत की यात्रा : प्रचंड



**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने कहा है कि वह तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री पद का कार्यभार संभालने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा के तहत जल्द ही भारत जाएंगे। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (सीपीएन) (माओवादी-सेंटर) के 68 वर्षीय नेता प्रचंड ने नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में पिछले साल 26 दिसंबर को शपथ ग्रहण की थी। इससे पहले, उन्होंने नेपाली कांग्रेस के नेतृत्व वाले चुनाव पूर्व गठबंधन को नाटकीय रूप से छोड़कर विपक्ष के नेता के पी शर्मा ओली से हाथ मिला लिया था। चीन के करीबी समझे जाने वाले प्रचंड ने मंगलवार को विश्वासमत जीतने के बाद चुनिंदा पत्रकारों से अपने पहले संवाद में शनिवार को कहा, मैं जल्द ही भारत की यात्रा करूंगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए राजनयिक स्तर पर तैयारियां जारी हैं। प्रचंड ने आधिकारिक प्रधानमंत्री आवास बालुवाटार में पत्रकारों से कहा, संबंधित दूतावास मेरी यात्रा संबंधी तैयारियां कर रहे हैं। बहरहाल, नेपाल सरकार ने प्रधानमंत्री की भारत यात्रा के बारे में अभी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है। यात्रा कार्यक्रम को अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है। नेपाली विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा, हम अपने समकक्षों के सहयोग से तिथि और विस्तृत कार्यक्रम के साथ-साथ यात्रा के एजेंडे को अंतिम रूप देने की दिशा में काम कर रहे हैं। प्रचंड ने आधिकारिक प्रधानमंत्री आवास बालुवाटार में किसी पड़ोसी देश की यात्रा किया जाना एक सामान्य प्रक्रिया है और हम इसके लिए आंतरिक तौर पर हमेशा तैयार रहते हैं। प्रचंड ने नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में अपने पिछले कार्यकालों के दौरान भी भारत की आधिकारिक यात्रा की थी। प्रचंड ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा के निमंत्रण पर पिछले साल जुलाई में भारत की यात्रा की थी। नेपाल के प्रधानमंत्री शपथ ग्रहण करने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए पारंपरिक रूप से भारत जाते हैं।

# मिस यूएसए गेब्रियल ने जीता मिस यूनिवर्स का खिताब

भाषा। लुइसियान




**अमेरिका के** टेक्सास प्रांत की फैशन डिजाइनर, मॉडल और सिलाई प्रशिक्षक आर बोनी गेब्रियल को शनिवार रात मिस यूनिवर्स का ताज पहनाया गया। प्रतियोगिता के अधिकारियों ने बताया कि गेब्रियल मिस यूएसए का खिताब जीतने वाली फिलीपीन मूल की पहली अमेरिकी हैं। .तियोगिता के विजेताओं के नाम की घोषणा के समय गेब्रियल ने अपनी आंखें बंद कर ली थीं और मिस वेनेजुएला अमांडा डुडामेल का हाथ पकड़ लिया था। डुडामेल इस प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रहीं। तीसरे स्थान पर मिस डोमिनिक रिपब्लिक आंद्रीना मार्टिनेज रहीं। 71वीं मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता का आयोजन न्यू ऑरलियन्स में किया गया। पिछले साल इस प्रतियोगिता की विजेता भारत की हरनाज संधू रही थीं।

## बाइडन के आवास पर और गोपनीय दस्तावेज मिले: व्हाइट हाउस

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो. बाइडन के डेलवेयर आवास से गोपनीय दस्तावेज के पांच अतिरिक्त पन्ने मिले हैं। व्हाइट हाउस ने बताया कि इसके साथ ही अभी तक बाइडन के आवास से करीब 24 गोपनीय दस्तावेज बरामद हो चुके हैं। ए दस्तावेज ऐसे समय मिले हैं जब कुछ घंटे पहले व्हाइट हाउस अधिवक्ता कार्यालय ने एक बयान जारी करके बाइडन के आवास से एक गोपनीय दस्तावेज बरामद होने की जानकारी दी थी और अटॉर्नी जनरल मेरिक गारलैंड ने पूर्व अमेरिकी अटॉर्नी रॉबर्ट हुर को मामले की जांच करने के लिए विशेष अधिवक्ता नियुक्त किया था। इसके साथ ही बाइडन के डेलावेयर आवास और वाशिंगटन डीसी स्थित उनके निजी कार्यालय से बरामद दस्तावेजों की कुल संख्या तकरीबन 24 हो गई है। बहरहाल, इन दस्तावेजों की विस्तृत जानकारियां अभी पता नहीं है लेकिन ए उस दौर के हैं जब बाइडन 2009 से 2016 तक बराक ओबामा प्रशासन में उपराष्ट्रपति थे।

आमतौर पर अपना सप्ताहांत डेलावेयर के विलमिंगटन आवास पर बिताने वाले बाइडन शुक्रवार शाम को वहां पहुंचे थे।

व्हाइट हाउस के विशेष अधिवक्ता रिचर्ड सॉबर ने शनिवार को एक बयान में कहा कि बुधवार रात को

## चीन की सहायता से निर्मित पोखरा हवाई अड्डे का उद्घाटन दो सप्ताह पहले ही हुआ था

**काठमांडू।** नेपाल में पोखरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन दो सप्ताह पहले देश के नवनियुक्त प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड द्वारा किया गया था और इसका निर्माण चीन की सहायता से किया गया था। इसी हवाई अड्डे पर एक विमान रविवार को उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें 72 व्यक्ति सवार थे। अन्नपूर्णा पर्वत श्रृंखला की पृष्ठभूमि में निर्मित, हवाई अड्डे का आधिकारिक उद्घाटन एक जनवरी, 2023 को किया गया था। यह महत्वपूर्ण परियोजना चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) सहयोग का हिस्सा थी। समाचार पत्र काठमांडू पोस्ट के मुताबिक, नेपाल सरकार ने हवाई अड्डे के निर्माण के लिए मार्च 2016 में चीन के साथ कम ब्याज दर पर 21.59 करोड़ डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। पिछले साल, चीन के पूर्व विदेश मंत्री वांग ई ने पोखरा क्षेत्रीय अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को नेपाल के तत्कालीन प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा को बालुवाटार में आयोजित एक शिष्टाचार भेंट के दौरान सौंपा था। एक बचाव अधिकारी ने बताया कि पोखरा में रविवार को हवाई अड्डे पर उतरने के दौरान पांच भारतीयों समेत 72 लोगों को लेकर जा रहा एक नेपाली यात्री विमान रविवार को नदी घाटी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें कम से कम 68 लोगों की मौत हो गई। नेपाल के नागर विमानन प्राधिकरण (सीएएएन) के अनुसार, यति एयरलाइंस के 9एन-एएनसी एटीआर-72 विमान ने काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से पूर्वाह्न 10:33 बजे उड़ान भरी। पोखरा हवाई अड्डे पर उतरते वक्त विमान पुराने हवाई अड्डे और नए हवाई अड्डे के बीच सेती नदी के तट पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## पाकिस्तान के राष्ट्रपति जल्द ही शहबाज शरीफ से विश्वास मत का सामना करने के लिए कहेंगे : इमरान

**लाहौर ( पाकिस्तान )।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा है कि राष्ट्रपति आरिफ अल्वी जल्द ही प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से विश्वास मत का सामना करने के लिए कहेंगे। खान का यह बयान ऐसे समय आया है जब उन्होंने देश में मध्यावधि चुनाव के लिए सरकार पर दबाव बनाने के प्रयास तेज कर दिए हैं। खान ने यहां मीडिया से बातचीत और शनिवार को हम न्यूज टीवी के साथ साक्षात्कार में कहा, शहबाज शरीफ ने पंजाब में हमारी परीक्षा ली थी और अब यह साबित करने की बारी उनकी है कि उनके पास नेशनल असेंबली में बहुमत है या नहीं। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ अध्यक्ष खान ने संघीय गठबंधन में मतभेदों का हवाला देते हुए कहा, पहले शहबाज शरीफ विश्वास मत की परीक्षा दें...और बाद में हमारी उनके लिए दूसरी योजना हैं। गौरतलब है कि मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट-पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) ने कराची और हैदराबाद में स्थानीय निकाय चुनावों के मुद्दे पर गठबंधन छोड़ने की धमकी दी है। राष्ट्रपति अल्वी, खान की पीटीआई पार्टी के हैं और संघीय गठबंधन बेहद मामूली बहुमत पर चल रहा है। नेशनल असेंबली में एमक्यूएम-पी के सात सदस्य हैं और अगर वह गठबंधन छोड़ने का फैसला करता है तो शहबाज सरकार बरकरार नहीं रह सकती। खान देश में मध्यावधि चुनाव कराने पर जोर दे रहे हैं। खान ने कहा कि नए सिरे से चुनाव ही मुल्क को आर्थिक संकट से बाहर निकाल सकता है। बहरहाल, संघीय सरकार का कहना है कि अगस्त में सरकार का कार्यकाल पूरा होने के बाद ही आम चुनाव कराए जाएंगे।

## मित्र देशों से और ऋण मांगने में शर्मिंदगी महसूस होती है: शरीफ

**लाहौर।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि मित्र देशों से और कर्ज मांगने में उन्हें शर्मिंदगी महसूस होती है क्योंकि यह नकदी संकट से जूझ रहे देश की आर्थिक चुनौतियों का स्थाई समाधान नहीं है। शरीफ शनिवार को पंजाब प्रांत की राजधानी लाहौर में पाकिस्तान प्रशासनिक सेवा (पीएएस) के परिवीक्षाधीन अधिकारियों के पासिंग आउट समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस दौरान अपने संबोधन में इसको लेकर खेद जताया कि पिछले 75 वर्षों के दौरान देश की विभिन्न सरकारों ने आर्थिक मुद्दों पर ध्यान नहीं दिया। जियो न्यूज के अनुसार शरीफ ने वित्तीय सहायता के लिए सऊदी अरब की प्रशंसा करते हुए कहा कि और ऋण मांगने में उन्हें वास्तव में शर्मिंदगी महसूस होती है। विदेशी ऋण मांगना पाकिस्तान की आर्थिक चुनौतियों का सही समाधान नहीं है क्योंकि ऋण अंततः वापस करना होगा।

## पाकिस्तान: पंजाब विधानसभा भंग, राज्यपाल ने कार्यवाहक मुख्यमंत्री पद के लिए 17 जनवरी तक नामांकन मांगे

**लाहौर।** पाकिस्तान में पंजाब के राज्यपाल बालीगुर रहमान द्वारा मुख्यमंत्री चौधरी परवेज इलाही की सलाह पर हस्ताक्षर करने से इनकार किए जाने के 48 घंटे बाद पंजाब विधानसभा संविधान के अनुसार शनिवार शाम भंग हो गई। इलाही ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान की इच्छा के अनुसार विधानसभा भंग करने की सलाह बृहस्पतिवार को भेजी थी। राज्यपाल ने इस सलाह पर हस्ताक्षर नहीं किए। इसके बाद संविधान के अनुसार राज्यपाल को सलाह भेजे जाने के 48 घंटे बाद विधानसभा भंग हो गई। राज्यपाल ने ट्वीट किया, मैंने पंजाब विधानसभा को भंग करने की प्रक्रिया का हिस्सा नहीं बनने का फैसला किया है। इसके बजाय मैं संविधान और कानून को अपना काम करने दूंगा। ऐसा करने से कोई कानूनी प्रक्रिया बाधित नहीं होगी क्योंकि संविधान स्पष्ट रूप से इस संबंध में आगे की प्रक्रिया के बारे में बताता है। रहमान ने कार्यवाहक मुख्यमंत्री की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री इलाही और पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता हमजा शहबाज (प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के बेटे) को आमंत्रित किया है। उन्होंने उनसे 17 जनवरी तक नामांकन दाखिल करने को कहा है।अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-कायदे आजम (पीएमएल-क्यू) के संयुक्त उम्मीदवार इलाही ने विश्वास मत हासिल करने के कुछ घंटे बाद पंजाब विधानसभा भंग करने के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए। इमरान खान ने कहा कि खैबर पख्तूनख्वा विधानसभा भी कुछ दिनों में भंग कर दी जाएगी। इस कदम का उद्देश्य पाकिस्तान मुस्लिम लीग- एन की अगुवाई वाली संघीय सरकार को मध्यावधि चुनाव कराने के लिए मजबूर करना है। खान ने कहा कि चुनाव ही देश को आर्थिक संकट से बाहर निकाल सकते हैं। संघीय सरकार का कहना है कि आम चुनाव अगस्त में सरकार का कार्यकाल पूरा होने पर ही कराया जाएगा।

## बलूचिस्तान में सिलेंडर फटने से 6 की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में रविवार को सिलेंडर फटने से एक ही परिवार के कम से कम छह लोगो की मौत हो गई, जिनमे बच्चे भी शामिल है। एक मीडिया रिपोर्ट मे इसकी जानकारी दी गई है। पाकिस्तान के एक समाचार चैनल एआरवाई ने बताया कि बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा में कड़ाके की ठंड से बचने के लिए परिवार ने हीटर चालू करने की कोशिश की, तभी गैस के रिसाव के कारण विस्फोट हो गया, जिसमे छह लोगों की मौत हो गई और पूरा घर क्षतिग्रस्त हो गया। रिपोर्ट के अनुसार, शवों को अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है। फिलहाल मृतकों की पहचान नही की जा सकी है। पाकिस्तान के डॉन अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, राजधानी क्वेटा सहित बलूचिस्तान के अधिकांश हिस्सो मे कड़ाके की ठंड पड़ रही है, वही कुछ इलाको मे पारा शून्य से 10 डिग्री से 15 डिग्री सेल्सियस तक नीचे गिर गया है।

## अमेरिका के रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र में नीरव शाह प्रधान उपनिदेशक

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के महामारी रोग विशेषज्ञ नीरव डी शाह को अमेरिका के रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) में प्रधान उपनिदेशक नियुक्त किया गया है। अमेरिका की राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसी मे अब नीरव डी शाह दूसरे नंबर के शीर्ष अधिकारी होगे। शाह इस समय मेन सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रीवेंशन के निदेशक पद पर कार्यरत है। नीरव डी शाह मार्च मे अमेरिका के सीडीसी की निदेशक रोशेल वालेस्की के नेतृत्व मे अपना कार्यभार संभालेंगे। समाचार पत्र पोलिटिको की रिपोर्ट के मुताबिक, शाह ने पहले मार्च 2021 और सितंबर 2022 के बीच एसोसिएशन ऑफ स्टेट एंड टेरिटोरियल हेल्थ ऑफिसर्स के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया था। शाह ने यह नई जिम्मेदारी मिलने पर सभी का आभार व्यक्त किया है।

# विरोध के बावजूद सरकार देश की न्यायिक प्रणाली में बदलाव की दिशा में आगे बढ़ रही है : नेतन्याहू

भाषा। तेल अवीव,



विरोध करते इसराइल में लोग

**इजराइल के** प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार देश की न्यायिक प्रणाली में बदलाव की दिशा में आगे बढ़ने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि शीर्ष कानूनी अधिकारियों की तीखी आलोचना और विरोध के बावजूद सरकार की योजना है कि देश की न्यायिक प्रणाली में बदलाव किए जाएं। नेतन्याहू ने कानूनी बदलावों को अपनी नई सरकार के एजेंडे का केंद्र बिंदु बना दिया है। हालांकि, इन प्रस्तावित बदलावों को लेकर व्यापक पैमाने पर विरोध किया जा रहा है। न्यायिक प्रणाली में प्रस्तावित बदलाव से सुप्रीम कोर्ट की शक्ति कम हो जाएगी, सांसद सामान्य बहुमत से उन कानूनों को पारित कर सकेंगे, जिन्हें अदालत ने निरस्त कर दिया होगा। इसके अलावा न्यायाधीशों की नियुक्ति में सरकार को अधिक शक्ति मिल जाएगी तथा सरकारी कानूनी सलाहकार की स्वतंत्रता सीमित हो जाएगी। प्रस्तावित बदलाव को लेकर विरोध के स्वर भी उठने लगे हैं। उच्चतम न्यायालय के एक शीर्ष न्यायाधीश ने प्रस्तावित बदलावों की आलोचना करते हुए इसे न्यायिक प्रणाली पर अनियंत्रित हमला करार दिया। विरोध के बावजूद, नेतन्याहू ने मंत्रिमंडल की एक बैठक में कहा कि मतदाताओं ने न्यायिक प्रणाली में आमूल-चूल परिवर्तन के वादे के समर्थन में नवंबर के चुनावों में मतदान किया था। हम न्यायिक प्रणाली में इस तरह से बदलाव करेंगे, जिससे व्यक्तिगत अधिकार पूरी तरह से सुरक्षित रहेंगे और न्याय प्रणाली में जनता का विश्वास बहाल होगा। नेतन्याहू और उनके सहयोगी इन बदलावों को शासन की प्रक्रिया को आसान बनाने के तरीके के रूप में देख रहे हैं। इन प्रस्तावित बदलावों को सरकार बनने के कुछ सप्ताह बाद पेश किया गया था। नेतन्याहू का कहना है कि ए बदलाव संसदीय चर्चा के बाद किए जाएंगे। लेकिन आलोचकों का कहना है कि व्यवस्था में इतने बड़े बदलाव के लिए अधिक गंभीर और विचारशील दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। आलोचकों का दावा है कि बदलाव नेतन्याहू को भ्रष्टाचार के उनके मुकदमे में दोषसिद्धि से बचने में मदद कर सकते हैं, या मुकदमे को पूरी तरह से खारिज कर सकते हैं। हालांकि, नेतन्याहू ने इस तरह के दावों को खारिज किया है।

# यूक्रेन: निप्रो में इमारत के मलबे में से लोगों की खोज जारी

भाषा। निप्रो (यूक्रेन)



**यूक्रेन में** बचाव कर्मी दक्षिणपूर्वी शहर निप्रो की एक रिहायशी इमारत के मलबे से रविवार को जीवित लोगों को निकालने के लिए जद्दोजहद करते रहे। इमारत पर एक दिन पहले रूसी मिसाइल आकर गिरी थी। नगर सरकार के मुताबिक, आपात सेवा के कर्मी सर्द रात में बहु मंजिला इमारत के मलबे को खंगालते रहे। इस हमले में मृतक संख्या बढ़कर 23 हो गई। यूक्रेन के कई शहरों पर शनिवार को रूसी हमले हुए थे। राजधानी कीव और पूर्वोत्तरी शहर खारकीव को भी निशाना बनाया गया है जिससे यूक्रेन के ऊर्जा अवसंरचना एवं शहरी केंद्रों पर दो हफ्तों की शांति खत्म हो गई। यूक्रेन के सशस्त्र बलों के कमांडर-एन-चीफ जनरल वेलेरी ज़ालुझनी के मुताबिक, रूस ने शनिवार को 33 क्रूज़ मिसाइलें दागी थी जिनमें से 21 को मार गिराया गया था। निप्रो शहर में रिहायशी इमारत की ऊपरी मंजिलों में फंसे लोगों को निकालने के लिए क्रेन का इस्तेमाल किया गया। इस इमारत में तकरीबन 1700 लोग रहते थे। कुछ लोगों ने अपने मोबाइल फोन की फ्लैश लाइट जला कर मदद के लिए संकेत दिए। निप्रो नगर सरकार ने रविवार दोपहर बताया कि कम से कम 72 लोग जख्मी हुए हैं और 43 लोग लापता हैं। उसके मुताबिक, 39 लोगों को अब तक बचा लिया गया है।

## नोमान नरेशलास्ट फिल्म शो के भाविन रबारी और आरआरआर को इंटरनेशनल प्रेस एकेडमी ने किया सम्मानित

भाषा। लॉस एंजिलिस

**ऑस्कर के लिए** भारत की आधिकारिक प्रविष्टि लास्ट फिल्म शो के प्रमुख बाल कलाकार भाविन रबारी और वैश्विक ब्लॉकबस्टर फिल्म आरआरआर को इंटरनेशनल प्रेस एकेडमी (आईपीए) ने सम्मानित किया है। इंटरनेशनल प्रेस एकेडमी ने सप्ताहांत में मोशन पिक्चर और टेलीविजन में अपने 27वें वार्षिक सेटेलाइट पुरस्कार के लिए विशेष उपलब्धि पुरस्कार के प्राप्तकर्ताओं की घोषणा की। जिसमें फिल्म लास्ट फिल्म शो के लिए भाविन रबारी ने ब्रेकथ्रू परफॉर्मेंस अवार्ड जीता, जबकि एसएस राजामौली की ऐतिहासिक फिल्म आरआरआर को मानद सेटेलाइट अवार्ड दिया गया। पान नलिन द्वारा निर्देशित, लास्ट फिल्म शो सौराष्ट्र के एक दूरस्थ गांव के लड़के के जीवन पर आधारित एक गुजराती फिल्म है। जिसमें नौ साल के लड़के (रबारी) की कहानी बताई गई है। इस फिल्म में रबारी के सिनेमा प्रेम को दिखाया गया है। जिसमें वह गर्मी के मौसम में खंडहर हो चुके सिनेमा पैलेस के प्रोजेक्शन बूथ से फिल्में देखने के लिए समय बिताता है। तेरह-वर्षीय अभिनेता ने एक बयान में कहा, मैं बहुत खुश हूं और इस फिल्म में मौका देने के लिए नलिन सर और धीर भाई को धन्यवाद देना चाहता हूं। मुझे उम्मीद है कि हम भारत को गौरवान्वित कर सकते हैं और इस तरह के कई और पुरस्कार जीत सकते हैं और ऑस्कर घर ला सकते हैं। फिल्म के निर्देशक नलिन ने कहा, फिल्म और भाविन को जो प्यार मिल रहा है वह सुखद है। यह पुरस्कार वास्तव में खास है,।

# चीन कोविड से संबंधित और अधिक जानकारी साझा करे : डब्ल्यूएचओ



भाषा। बीजिंग

**स्वास्थ्य संगठन** (डब्ल्यूएचओ) ने चीन से अपील की है कि वह कोविड-19 की मौजूदा लहर के बारे में निरंतर जानकारी साझा करता रहे। ऐसी शिकायतें थीं कि चीन में जो कुछ हो रहा है उसके बारे में वहां की सरकार कुछ नहीं बता रही है। इसके बाद चीन सरकार ने दिसंबर की शुरुआत से संक्रमण से लगभग 60,000 लोगों की मौत की घोषणा की थी। दिसंबर में अस्पतालों में संक्रमण के बेतहाशा मामले बढ़ने के बावजूद सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा पाबंदियों को अचानक हटाए जाने के बाद शनिवार को की गई घोषणा पहली आधिकारिक मृतक संख्या थी। डब्ल्यूएचओ और अन्य देशों ने चीन से आंकड़े साझा करने की अपील की, वहीं अमेरिका, दक्षिण कोरिया और अन्य ने चीन से आने वाले लोगों पर पाबंदियां लगा दी हैं। सरकार ने कहा कि कोविड-19 के चलते 5,503 लोगों की मौत श्वसन संबंधी कारणों से हुई और आठ दिसंबर से 12 जनवरी के बीच महामारी के साथ ही कैंसर, हृदय रोग और अन्य बीमारियों से पीड़ित 54,435 लोगों की मौत हुई। डब्ल्यूएचओ ने एक बयान में कहा कि चीन की इस घोषणा से महामारी विज्ञान की स्थिति को बेहतर तरीके से समझने में मदद मिलेगी। बयान में कहा गया कि डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस अधनोम घेब्रेएसस ने चीनी स्वास्थ्य मंत्री मा शियाओवेई के साथ फोन पर बात की। एजेंसी ने कहा, डब्ल्यूएचओ अनुरोध करता है कि इस तरह की विस्तृत जानकारी हमारे और जनता के साथ साझा की जाती रहे। चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने कहा कि केवल अस्पतालों में होने वाली मौतों को गिना गया। इसका अर्थ है कि घर पर संक्रमण से मौत के किसी मामले को शामिल नहीं किया गया है। आयोग ने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया कि वह अद्यतन आंकड़े कब जारी कर सकता है। एक स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि 23 दिसंबर के उच्च स्तर के बाद से अस्पताल जाने वाले लोगों की दैनिक संख्या में 83 प्रतिशत की गिरावट आई है, इसके आधार पर यह कहा जा सकता है कि राष्ट्रीय आपातकालीन चरम बीत चुका है। इस बीच, चीन की मुख्य भूमि और हांगकांग के बीच हाई-स्पीड ट्रेन सेवा रविवार को पाबंदियों के साथ फिर से शुरू हुई, जिसके जरिए दोनों ओर के प्रतिदिन केवल 5,000 यात्री दैनिक यात्रा कर सकते हैं और यात्रियों के लिए पिछले 48 घंटों के भीतर की निगेटिव रिपोर्ट रखना आवश्यक है। दोनों पक्ष बीजिंग की शून्य-कोविड रणनीति के तहत निलंबित किए गए यात्रा लिंक को फिर से खोल रहे हैं। हांगकांग ने अलग-अलग लेकिन समान रूप से गंभीर प्रतिबंध लगाए, जिसके तहत अधिकांश अंतरराष्ट्रीय यात्राओं को रोक दिया गया।

## टीका कार्यक्रमों के बारे में गलत सूचनाओं से परेशान है टीका समर्थक

**साउथम्पटन (इंग्लैंड)।** (द कन्वरसेशन) सांसद एंड्र्यू ब्रिजेन को कोविड टीकों के बारे मे लगातार गलत सूचना देने के लिए 11 जनवरी को कंजरवेटिव पार्टी से निलंबित कर दिया गया था, जिसमे टीकों की सुरक्षा के बारे मे कई झूठे दावे भी शामिल थे। उन्होने टीकाकरण कार्यक्रम को तबाही बताया था। कोविड रोधी टीके की अब तक 13 अरब से अधिक खुराक दी जा चुकी है और हम जानते है कि कोविड रोधी टीके अत्यधिक सुरक्षित, प्रभावी और महत्वपूर्ण उपाय है। हालांकि बहुत दुर्लभ मामलो मे, टीको को गंभीर दुष्प्रभावो और मौत से भी जोड़ा जा सकता है। ब्रिटेन मे मेडिसिंस एंड हेल्थकेयर प्रोडक्ट्स रेगुलेटरी एजेंसी और ऑफिस फॉर नेशनल स्टैटिस्टिक्स (ओएनएस) द्वारा टीके के प्रतिकूल प्रभावो से संबंधित मामलो पर नजर रखी जाती है। ओएनएस ने बताया है कि नवंबर 2022 तक इंग्लैंड मे 50 लोगों की मौत हुई थी और वेल्स मे एक व्यक्ति की मौत हुई थी। मौत के इन मामलो मे कोविड टीका एक कारण था। कोविड टीको के कारण जो प्रभाव सामने आ रहे है उनमे मायोकार्डिटिस (हृदय की मांसपेशियो की सूजन) और थ्रोम्बोसिस (रक्त के थक्के) शामिल है। किसी रक्तवाहिका के अन्दर रक्त के जम जाने के कारण रक्त के प्रवाह को बाधित करने को घनास्रता (थ्रोम्बोसिस) कहा जाता है।

BEFORE THE OFFICE OF:
Sh. Deepak Bhanwala Ld. ARBITRATOR.
Contact Nos.: 011-41000152
e.mail id. deepakbhanwala@gmail.com
At: Signus Arbitration Chambers, C-1/11, LGF, West Enclave, Pitampura, New Delhi-110034.

Ref. No. App. Notice/ DL/11/S/SWC/00772
Dt.: 10.01.2023

To,
Enova Facility Management Services Pvt. Ltd.
J4/123D/2nd Floor, Khirki Extn., Malviya Nagar, New Delhi-110017 Also at, 132B, 1st Floor, Tower-B3, Spazeltech Park, Sohna Road, Sector-49, Gurugram-122018

NOTICE/SUMMON FOR APPEARANCE

Sub. : _Notice / Summon for Appearance in Arbitration Proceedings Under Section 18(3) Micro Small & Medium Enterprises Development (MSMED) Act, 2006, in abovementioned pending MSME Petition, before MSE Facilitation Council, District South-West, Delhi AND assigned to this Office for Arbitration.

IN THE MATTER OF:
ICON FACILITATORS PRIVATE LIMITED
Versus
ENOVA FACILITY MANAGEMENT SERVICES PVT. LTD.

Respondent Concern:
It is informed to you that I have been appointed as an Arbitrator in the above said matter, pursuant to the Appointment Notice Dt. 05.07.2022 issued by Delhi Arbitration Centre (DAC). Copy of Appointment of Arbitrator & Initiation of Arbitration Proceedings' Notice of DAC, has already been served upon both Petitioner and Respondent along with a copy to the undersigned Arbitrator.
It is further informed that in pursuance of said Arbitration Proceedings, today, the said matter was listed and came up on hearing before this office, under which, Petitioner was present, but despite having been clearly instructed you were not present and so you were marked as ABSENT/NOT PRESENT.
It is further informed to you that adhering the Principles of Natural Justice, no adverse Order is passed today against you and you have been granted one last opportunity to get marked your appearance and to file your Written Statement of Defense (Reply/W.S.) with supporting Documents, against the Claim Petition of Petitioner on Next Date. So, Pls. Note that NEXT DATE given in your matter is 16.01.2023 at 02:00PM.
You are directed to attend the said hearing at the ADDRESS mentioned above, personally or through duly authorized representative on your behalf, who is well acquainted with the facts of the above said case, along with documents in your support.
Pls, note that in case you fail to appear on next date of hearing before this office, you may be proceeded ex-parte and then, the matter would be adjudicated/decided in your absence.

Seal
Sh. Deepak Bhanwala Ld.
SOLE ARBITRATOR.

# हर प्रकार की स्थिति से निपटने को सेना तैयार: पांडे

## वास्तविक नियंत्रण रेखा पर मजबूत रक्षात्मक रुख बरकरार रखा जा रहा: थलसेना प्रमुख

**भाषा।** बेंगलुरु

**थलसेना** प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने रविवार को कहा कि भारतीय सेना वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर एक मजबूत रक्षात्मक रुख अपनाए हुए है और वह हर प्रकार की आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। जनरल पांडे ने यहां सेना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तरी सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति है और स्थापित प्रोटोकॉल एवं मौजूदा तंत्र के माध्यम से शांति बनाए रखने के लिए कदम उठाए गए हैं। थलसेना प्रमुख ने पश्चिमी सीमा पर स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर संघर्षविराम जारी है और इसके उल्लंघन के मामलों में कमी आई है, लेकिन सीमा के दूसरी तरफ आतंकवादी ढांचा बरकरार है। उन्होंने कहा, आतंकवाद से निपटने का हमारा तंत्र घुसपैठ की कोशिशें नाकाम कर रहा है। जनरल पांडे ने जम्मू और पंजाब के सीमावर्ती इलाकों में ड्रोन के जरिए हथियारों और नशीले पदार्थों की तस्करी की कोशिशों का जिक्र करते हुए कहा कि इनसे निपटने के लिए ड्रोन जैमर का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा भारतीय सेना ओर अन्य सुरक्षा बल इन कोशिशों को नाकाम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

जनरल पांडे ने कहा, हमारा ध्यान सद्भावना पैदा करने और विकासात्मक परियोजनाओं को पूरा करने पर भी केंद्रित है, जिनके माध्यम से हम स्थानीय आबादी को मुख्यधारा में ला सकते हैं। इसके तहत प्रभावशाली युवाओं को उनकी पसंद के पेशेवर क्षेत्रों और खेलों में अपने सपनों को पूरा करने के अवसर दिए जा रहे हैं। उन्होंने पूर्वोत्तर में सुरक्षा स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि स्थिति में सुधार हुआ है। उन्होंने कहा



कि सेना ने हिंसा को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और कई उग्रवादी समूहों ने सरकार के साथ शांति समझौता कर लिया है या इस दिशा में बातचीत चल रही है।

थलसेना प्रमुख ने कहा कि इन क्षेत्रों के विकास में तेजी आई है और सेना दूरदराज के इलाकों में लोगों को सशक्त एवं समृद्ध बनाने में मदद करने के अपने प्रयासों को जारी रखेगी। जनरल पांडे ने भू-राजनीतिक स्थिति के मद्देनजर भारतीय सेना में सुधारों के बारे में कहा कि वैश्विक सुरक्षा माहौल में पिछले साल बदलाव दिखाई दिए। उन्होंने कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष ने विंध्वसकारी और दोहरे उपयोग वाली प्रौद्योगिकियों के महत्व को स्पष्ट रूप से साबित किया है।

सूचना के इस्तेमाल वाला युद्ध, साइबर युद्ध और अंतरिक्ष युद्ध नए युद्ध क्षेत्र के रूप में उभरे हैं। ग्रे जोन (युद्ध एवं शांति के बीच की स्थिति) युद्ध ने भी यह साबित कर दिया है कि भविष्य में युद्धों और संघर्षों में नॉन काइनेटिक (प्रत्यक्ष युद्ध न करके साइबर, खुफिया या अन्य माध्यमों से युद्ध करना और प्रतिद्वंद्वी के मनोबल को कमजोर करना) युद्ध भी काइनेटिक (प्रत्यक्ष) युद्ध जितना महत्वपूर्ण होगा। इस वजह से युद्ध का मैदान अधिक जटिल, भयंकर और खतरनाक होता जा रहा है। जनरल पांडे ने कहा कि व्यापक राष्ट्रीय शक्ति का एक महत्वपूर्ण घटक होने के नाते भारतीय सेना की यह जिम्मेदारी है कि वह हर स्थिति के लिए तैयार रहे। थलसेना प्रमुख ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्म-निर्भर भारत के आह्वान के अनुरूप स्वदेशीकरण पर जोर दिया। जनरल पांडे ने कहा कि सुरक्षा के मामले में राष्ट्रीय प्रगति में कोई बाधा पैदा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने अपनी अभियानगत तैयारियों को बढ़ावा देने के लिए बदलाव की एक बड़ी प्रक्रिया शुरू की है। जनरल पांडे ने कहा, हम अपने युद्धक दलों को एकीकृत युद्धक समूहों में बदलने की योजना बना रहे हैं, जो हमारे भविष्य के युद्धों में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। पुराने प्रतिष्ठानों और इकाइयों को भंग किया जा रहा है या उपयुक्त बदलाव के जरिए उन्हें नया आकार दिया जा रहा है। थलसेना प्रमुख ने कहा कि प्राथमिक ध्यान यह सुनिश्चित करने पर होगा कि जवान भावी चुनौतियों का सामना करने के लिए पूरी तरह से तैयार और सुसज्जित हों। जनरल पांडे ने कहा कि आधुनिक हथियारों और उपकरणों के प्रावधान करना इसका अविभाज्य हिस्सा हैं और सेना इसके स्वदेशी समाधान के लिए प्रतिबद्ध है।

## कर्नाटक में आदियोगी की 112 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण

**चिकबलपुर।** कर्नाटक के नंदी हिल्स की तलहटी में रविवार को मकर संक्रांति के अवसर पर आदियोगी शिव की 112 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया गया। यह प्रतिमा तमिलनाडु के कोयंबटूर में स्थापित आदियोगी शिव की प्रतिमा से हूबहू मेल खाती है। आदियोगी की प्रतिमा का निर्माण चिकबलपुर जिले में नंदी हिल्स स्थित ईशा फाउंडेशन के आश्रम परिसर में किया गया है। इस आश्रम की स्थापना भारतीय कला, संस्कृति और आध्यात्मिक परंपराओं को बढ़ावा देने के लिए की गई है। आदियोगी की प्रतिमा के अनावरण से जुड़े कार्यक्रम में ईशा फाउंडेशन के संस्थापक सद्गुरु जग्गी वासुदेव की बेटी राधे जग्गी की भरतनाट्यम प्रस्तुति और केरल के अग्नि नृत्य थेयम का प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहा। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, राज्य के स्वास्थ्य मंत्री के सुधाकर और प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा मंत्री बी सी नागेश इस कार्यक्रम में मौजूद थे।

# आईसीजी पांच वर्ष में 200 पोत वाला समुद्री बल बनने की राह पर

**भाषा।** कोलकाता

**भारतीय तटरक्षक** (आईसीजी) के महानिदेशक वी एस पठानिया ने कहा कि आईसीजी अगले पांच वर्ष में 200 पोत वाला समुद्री बल बनने की राह पर है। पठानिया ने कहा कि विश्व का चौथा बड़ा तटरक्षक बल आईसीजी, पिछले कई वर्षों में तेजी से आगे बढ़ा है और वर्तमान में इसके पास 158 पोत हैं। उन्होंनेकहा कि आईसीजी के पास दो वर्षों में 180 के करीब पोत और अगले पांच वर्ष में यह संख्या 200 से अधिक होने की उम्मीद है। आईसीजी के महानिदेशक के अनुसार मंजूरी मिलने तथा पोत का निर्माण काफी समय लेने वाली प्रक्रिया है। उन्होंने बताया कि अनुबंध पर हस्ताक्षर के बाद एक पोत के निर्माण में कम से कम 36 माह का वक्त लगता है। उन्होंने आईसीजी के बेडे में नए पोत आईसीजीएस कमला देवी को शामिल किए जाने संबंधी कार्यक्रम से इतर कहा, तो हमें अगले पांच साल और दीजिए...जिस तरह से हम बढ़ रहे हैं, आप 200 से अधिक तटरक्षक पोत पाएंगे।

पठानिया ने कहा कि तटरक्षक बल के पास 27 बड़े पोत हैं, जो 150 मीटर लंबे हैं। उन्होंने कहा, कमला देवी के शामिल होने से एफपीवी (तेज गश्ती पोत) की संख्या 50 के करीब पहुंच जाएगी। महानिदेशक ने आईसीजी के बेड़े के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बल के पास 67 इंटरसेप्टर पोत हैं और आने वाले वक्त में इसमें प्रदूषण नियंत्रण दो पोत भी शामिल हो जाएंगे और इनका काम समुद्र में तेल के अथवा एचएनएस (खतरनाक तथा अवांछित पदार्थों) के रिसाव को रोकना है। देश की सुरक्षा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए समुद्री बल को बढ़ाया जा रहा है। समुद्र में बेहतर संसाधन है और इनसे देश की आर्थिक वृद्धि में मदद मिल सकती है और इसलिए अब हर कोई समुद्र में जाना चाहता है।

# कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा जालंधर से फिर आरंभ

## मूसेवाला के पिता भी राहुल गांधी के साथ चले

**जालंधर।** कांग्रेस सांसद संतोख सिंह चौधरी के निधन के कारण 24 घंटे तक निलंबित रहने के बाद रविवार को यहां खालसा कॉलेज मैदान से फिर शुरू हुई राहुल की अगुवाई वाली भारत जोड़ो यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। शुरू होने के बाद गायक सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह भी राहुल गांधी के साथ कुछ दूर तक चले। चौधरी का रविवार को जालंधर जिले में स्थित उनके पैतृक गांव धालीवाल में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। राहुल भी अंतिम संस्कार में शामिल हुए। दो बार सांसद रहे 76 वर्षीय चौधरी का शनिवार को पंजाब के फिल्लौर में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था।

यात्रा दोबारा शुरू करने से पहले राहुल गांधी ने जालंधर में देवी तालाब मंदिर में पूजा-अर्चना की। अपराह्न करीब तीन बजे यात्रा शुरू होने के बाद गायक सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह भी राहुल गांधी के साथ कुछ दूर तक चले। दोनों ने एक-दूसरे को गले भी लगाया। सिद्धू मूसेवाला की पिछले साल मई में पंजाब के मानसा जिले में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। कांग्रेस ने ट्वीट कर कहा, आज भारत जोड़ो यात्रा में प्रसिद्ध पंजाबी गायक दिवंगत सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह सिद्धू ने राहुल गांधी के साथ नफरत, भय और हिंसा फैलाने वाली ताकतों को करारा जवाब दिया। दो युवकों ने राहुल को मूसेवाला की एक तस्वीर भी दी। मूसेवाला ने कांग्रेस के टिकट पर मानसा सीट से 2022 का विस चुनाव लड़ा था, लेकिन वह हार गए थे। अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग, विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा, पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी, विधायक परगट सिंह और पार्टी के अन्य नेताओं ने भारत जोड़ो यात्रा में भाग लिया।



मुंबई के धारावी बस्ती में फसल उत्सव पोंगल के अवसर पर चावल पकाती हुईं महिलाएं।

# उम्मीदवारी वापस लेने के बाद कांग्रेस ने सुधीर ताम्बे को निलंबित किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने महाराष्ट्र में द्विवार्षिक विधान परिषद चुनाव की दौड़ से नाम वापस लेने वाले अपने नेता सुधीर ताम्बे को रविवार को पार्टी से निलंबित कर दिया। सुधीर ताम्बे ने कुछ दिन पहले ही अपना नाम वापस लेते हुए अपने बेटे को उम्मीदवार बनाने की घोषणा की थी। कांग्रेस ने सुधीर ताम्बे को अपना आधिकारिक उम्मीदवार घोषित किया था। कांग्रेस की अनुशासनात्मक कार्वाई समिति के सदस्य-सचिव तारिक अनवर ने पार्टी की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की मंजूरी से समिति ने ताम्बे को उनके खिलाफ जांच पूरी होने तक निलंबित करने का फैसला किया है।

महाराष्ट्र विधान परिषद के चुनाव से पहले कांग्रेस के लिए बृहस्पतिवार को उस समय असहज स्थिति पैदा हो गई जब पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवार सुधीर ताम्बे ने बृहस्पतिवार को चुनावी दौड़ से हटने की घोषणा की और कहा कि उनका बेटा वर्तमान में उनके निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ेगा।

विधान परिषद के स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के लिए चुनाव 30 जनवरी को होंगे और बृहस्पतिवार को नामांकन दाखिल करने का अंतिम दिन था। कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के पूर्व अध्यक्ष बालासाहेब थोराट के रिश्तेदार सुधीर ताम्बे पिछले तीन कार्यकाल (18 वर्ष) से महाराष्ट्र विधान परिषद में नासिक डिवीजन स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और पार्टी ने उन्हें फिर से अपना उम्मीदवार बनाया था।

## गहलोत ने गोशालाओं के निर्माण के लिए 1,377 करोड़ रुपए मंजूर किए

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य की 1,500 ग्राम पंचायतों में गोशालाओं का निर्माण करने के लिए 1,377 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। परियोजना के तहत वित्तवर्ष 2022-23 में 200 ग्राम पंचायतों में गोशालाओं का निर्माण होगा जबकि वित्तवर्ष 2023-24 में शेष 1,300 गोशालाओं का निर्माण कराया जाएगा। राज्य सरकार कुल व्यय का 90 प्रतिशत वहन करेगी जबकि कार्यकारी एजेंसी शेष 10 प्रतिशत राशि का अंशदान करेगी। बयान में कहा गया कि गहलोत ने कुल 1,377 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं जिनमें से वित्तवर्ष 2022-23 के लिए 183.60 करोड़ रुपए और वित्तवर्ष 2023-24 के लिए शेष 1,193.40 करोड़ रुपए हैं। सरकार ने कहा कि इस राशि से स्थाई गोशालाएं बनाई जा सकेंगी जिससे किसानों को भी आवारा पशुओं से राहत मिलेगी।

## मकर संक्रांति पर लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा सागर में डुबकी लगाई

**सागर द्वीप (पश्चिम बंगाल)।** हुगली नदी और बंगाल की खाड़ी के संगम गंगा सागर में मकर संक्रांति के अवसर पर लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। पश्चिम बंगाल सरकार के एक मंत्री ने रविवार को इसकी जानकारी दी। मकर संक्रांति पर पवित्र स्नान का महुर्त शनिवार शाम 6:53 बजे से शुरू हुआ और रविवार सूर्यास्त तक था। मंत्री अरूप बिस्वास ने बताया कि रविवार शाम चार बजे तक पिछले कुछ दिनों में देशभर से 51 लाख से ज्यादा श्रद्धालु गंगा सागर आए हैं। उन्होंने बताया कि और 10 लाख लोग गंगा सागर पहुंचने वाले हैं। श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई और कपिल मुनि आश्रम में पूजा की। इस साल के गंगा सागर मेले में अभी तक दिल का दौरा पड़ने से सात लोगों की मौत हुई है। इनमें से उत्तर प्रदेश के दो लोगों की मौत रविवार को हुई है। विभिन्न कारणों से बीमार हुए 125 श्रद्धालुओं का इलाज सागर द्वीप के विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है।

# आईएएस की सबसे अधिक संख्या राजस्थान से

**जयपुर।** इस साल सिविल सेवा परीक्षा (सीएसई-21) में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के लिए चुने गए कुल 180 प्रत्याशियों में से 24 अकेले राजस्थान से हैं। इसके साथ ही राजस्थान ने लोक सेवकों के मामले में उत्तर प्रदेश को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस परीक्षा में राज्य के बेहतर प्रदर्शन की वजह उत्कृष्ट कोचिंग संस्थानों और युवाओं के बीच इस परीक्षा को लेकर बढ़ती जागरूकता है। कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के गत चार साल के आंकड़ों के अनुसार, राजस्थान ने कुल 84 आईएएस अधिकारी दिए हैं और गत तीन साल से यह आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। संघीय लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा वर्ष 2019 में आयोजित परीक्षा में 16 ऐसे उम्मीदवार चयनित हुए, जो राजस्थान के निवासी थे। सीएसई-2020 की परीक्षा में राजस्थान के 22 उम्मीदवार चुने गए और 2021 में यह संख्या बढ़कर 24 हो गई। सीएसई-2020 की परीक्षा में उप्र के 30 उम्मीदवारों का चयन बतौर आईएएस अधिकारी हुआ और 22 उम्मीदवारों की इस सेवा में सफलता के साथ राजस्थान दूसरे स्थान पर रहा। सीएसई- 2020 की परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 13वें स्थान पर रहे गौरव बुदानिया मौजूदा समय में राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के सहायक कलेक्टर हैं। उन्होंने चयन के कारक के तौर पर इसे लेकर मिली प्रेरणा, यूपीएससी परीक्षा के पैटर्न में बदलाव, अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति समुदाय में जागरूकता और दिल्ली के कोचिंग संस्थानों से राजस्थान का नजदीक होना है।

बुदानिया ने बताया, अधिक से अधिक उम्मीदवारों के सीएसई में चुने जाने से भावी उम्मीदवार उनसे प्रेरणा लेने लगे हैं। 2020 बैच के आईएएस अधिकारी ने कहा कि राजस्थान में अनुसूचित जातिअनुसूचित जनजाति समुदाय की कुल करीब 25 प्रतिशत आबादी है और अन्य राज्यों के मुकाबले यहां इन समुदायों में अधिक जागरूकता है, जिसकी वजह से वे अधिक संख्या में परीक्षा में सम्मलित होते हैं। एक कोचिंग विशेषज्ञ ने बताया कि युवाओं में सिविल सेवा परीक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ रही है और राज्य में कोचिंग की सुविधा बेहतर हुई है, साथ ही अब यह ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों माध्यमों में उपलब्ध है।

कोचिंग विशेषज्ञ धीर सिंह ने कहा, इसमें कोई शक नहीं है कि राजस्थान में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। राजस्थान के विद्यार्थियों को सीएसई में मिल रही अच्छी रैंक अन्य समूहों को भी परीक्षा उत्तीर्ण करने की प्रेरणा दे रही है। इसके साथ ही कोचिंग की जो सुविधा दिल्ली तक सीमित थी, वह अब राज्य में भी मिल रही है। यह ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से उपलब्ध हो रही है। इसलिए कोई भी कहीं भी बैठकर तैयारी कर सकता है। सीएसई-2021 में आईएएस के लिए राजस्थान के जहां 24 प्रत्याशी चुने गए, वहीं उत्तर प्रदेश से 19, दिल्ली से 16, बिहार के 14, महाराष्ट्र से 13 और मध्यप्रदेश से 12 उम्मीदवारों का चयन प्रशासनिक सेवा के लिए हुआ।

# हैदराबाद रियासत के आखिरी निजाम के पोते मुकर्म का तुर्किए में निधन

**भाषा।** हैदराबाद

**तत्कालीन** हैदराबाद रियासत के आखिरी निजाम मीर उस्मान अली खान के पोते मुकर्म जाह का शनिवार को तुर्किए के इस्तांबुल शहर में निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे। जाह के कार्यालय द्वारा रविवार को जारी बयान में यह जानकारी दी गई।

वर्ष 1933 में पैदा हुए मुकर्म जाह तुर्किए चले गए थे और वहीं रह रहे थे। उनका पार्थिव शरीर 17 जनवरी को भारत लाया जाएगा। बयान में कहा गया, हमें यह सूचित करते हुए बहुत दुख हो रहा है कि हैदराबाद के आठवें निजाम नवाब मीर बरकत अली खान उर्फ मुकर्म जाह बहादुर का बीती रात साढ़े 10 बजे इस्तांबुल, तुर्किए में निधन हो गया।

बयान में कहा गया कि अपनी मातृभूमि में दफनाए जाने की उनकी इच्छा के अनुसार, मुकर्म जाह के बच्चे 17 जनवरी को पार्थिव शरीर के साथ हैदराबाद पहुंचेंगे। इसमें कहा गया कि जाह को उनके पारिवारिक मकबरे में दफनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने जाह के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। शिक्षा और गरीबों को दवाइयां उपलब्ध कराने के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के मद्देनजर राव ने जाह को राजकीय सम्मान के साथ सुपुर्द-ए-खाक करने का निर्देश दिया। मुकर्म जाह का जन्म मीर हिमायत अली खान उर्फ आजम जाह बहादुर के घर हुआ था, जो हैदराबाद रियासत के सातवें निजाम मीर उस्मान अली खान के पुत्र थे। हैदराबाद रियासत का वर्ष 1948 में भारतीय संघ में विलय हो गया था।

## क्विक न्यूज

### गोल्डी बराड़ गिरोह का सक्रिय सदस्य हिमाचल प्रदेश से गिरफ्तार : पंजाब पुलिस

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने रविवार को बताया कि उसने गोल्डी बराड़ गिरोह के एक सक्रिय सदस्य को हिमाचल प्रदेश के सुन्दर नगर से गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि इंद्रप्रीत सिंह उर्फ पैरी (32) के खिलाफ पंजाब और हरियाणा में हत्या और हत्या के प्रयास के कई मामले दर्ज हैं। चंडीगढ़ का रहने वाला पैरी 2011 में अपने कॉलेज के दिनों में कनाडा के गैंगस्टर गोल्डी बराड़ और एक अन्य गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के संपर्क मे आया। पुलिस ने बताया कि आरोपी डेरा सच्चा सौदा के अनुयाई प्रदीप सिंह की हत्या मे कथित रूप से संलिप्त था। प्रदीप सिंह की 10 नवंबर, 2022 को कोटकपूरा में उनकी दुकान के बाहर छह लोगों ने हत्या कर दी थी। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि व्यवस्थित जांच और प्राप्त सुराग के आधार पर मोहाली पुलिस की टीम ने पता लगाया कि पैरी हिमाचल प्रदेश में है और स्थानीय पुलिस की मदद से उसे एक होटल से गिरफ्तार किया।

### स्टालिन ने पुलिसकर्मियों के परिवारों के साथ मनाया पोंगल

**चेन्नई।** तमिलनाडु में रविवार को पोंगल का त्योहार पूरे उल्लास के साथ मनाया गया। इस दिन से शुभ तमिल माह थाई की शुरुआत होती है। राज्य के बाहर रह रहे तमिलों ने भी उत्साहपूर्वक पोंगल मनाया। फसल से जुड़े इस उत्सव के साथ ही मदुरै में लोकप्रिय अवनियापुरम जल्लीकट्टू का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोगों ने अपने घरों को सजाया और सुबह जल्दी उठ कर पूजा-अर्चना की। लोगों ने चावल और गुड़ से मीठा व्यंजन पोंगल बनाया तथा नए महीने में खुशी एवं समृद्धि के भाव के साथ पोंगल-ओ-पोंगल गीत गाया। चेन्नई से पिछले दो दिन में सैकड़ों लोग अपने परिवार के साथ पोंगल मनाने के लिए अपने गृह नगर रवाना हुए।

### भाजपा से बर्खास्त नेता राजीव रंजन जदयू में लौटे

**पटना।** भाजपा से निकाले जाने के करीब दो सप्ताह बाद राजीव रंजन रविवार को दोबारा सत्तारूढ़ जद (यू) में शामिल हो गए। पार्टी में वापस लिए जाने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आभार भी जताया। भाजपा की बिहार इकाई के पूर्व उपाध्यक्ष राजीव रंजन को पार्टी ने अनुशासनहीनता के आरोप में पिछले साल 30 दिसंबर को बर्खास्त कर दिया था। जद (यू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह और इसकी राज्य इकाई के प्रमुख उमेश कुशवाहा ने रंजन का स्वागत किया। जद (यू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिंह ने यहां कहा, राजीव के लिए यह घर वापसी है। ।

### समय पूर्व रिहाई की याचिका से निपटने में देरी पर कोर्ट नाराज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने हत्या के एक दोषी की समय पूर्व रिहाई की याचिका का निपटारा करने मे अधिकारियों द्वारा अत्यधिक देरी किए जाने पर नाराजगी जताते हुए उप्र के कारागार महानिदेशक और अन्य को आगाह किया कि अगर ऐसे अन्य मामले संज्ञान में आए तो दंडात्मक कार्वाई की जा सकती है। समय पूर्व रिहाई का आवेदन सितंबर 2019 से लंबित है और केंद्रीय कारागार, फतेहगढ़ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा इस साल पांच जनवरी को जारी किए गए हिरासत प्रमाणपत्र के अनुसार, दोषी बिना किसी छूट के कुल 15 साल और 14 दिन की सजा काट चुका है। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिंह की पीठ ने 13 जनवरी को पारित अपने आदेश में कहा कि उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्धारित कानून के मद्देनजर ऐसे आवेदनों पर नीति के आधार पर विचार करने की आवश्यकता है।

### दिमागी सर्तकता को भी मजबूत करेंगे

**नई दिल्ली।** एमजी मोटर इंडिया ने ऑटो एक्सपो 2023 में भविष्य की गतिशीलता के लिए अपने विजन ड्राइव अहेड को पेश किया। ये लोगों की दिमागी सतर्कता और जागरूकता जिंदगी जीने के तरीके बन जाए। कंपनी ने भारत में एमजी के विजन के तहत इस प्रदर्शनी में अपने पोर्टफोलियो से प्रॉडक्शन के लिए तैयार 14 वाहनों का प्रदर्शन किया। जो स्थायी, सजग और नई टेक्नोलॉजी पर ब्रैंड के फोकस का प्रसार करती है। इस कार्यक्रम में एमजी मोटर इंडिया के प्रेसिडेंट और प्रबंध निदेशक राजीव चाबा ने कहा कि हम एक ऐसी दुनिया का निर्माण करने की दिशा में काम कर रहे हैं, जो स्थायी, मानवीय और सहज तकनीक से लैस हो। हमारा मकसद एक ऐसा इकोसिस्टम बनाना है, जहां दिमागी सतर्कता और जागरूकता जिंदगी जीने के तरीके बन जाए। कंपनी ने शो के दौरान ऑटो टेक ब्रैंड के अपने नजरिये का समर्थन करते हुए तकनीकी रूप से बेहद उन्नत, भरपूर सुरक्षा और शून्य कार्बन उत्सर्जन वाले दो इलेक्ट्रिक वाहनों ईवी को पेश किया। इन दोनों इलेक्ट्रिक वाहनों में एक एमजी 4, एक प्योर,इलेक्ट्रिक हैचबैक ईवी है। जबकि दूसरा वाहन एमजी ईएचएस एक प्लग.इन हाइब्रिड एसयूवी है।

# राजनीतिक दल जोशीमठ को लेकर नकारात्मक टिप्पणियों से बचें: भाजपा

**देहरादून।** उत्तराखंड में सत्तारूढ़ भाजपा ने रविवार को विभिन्न राजनीतिक दलों एवं सामाजिक संगठनों से जोशीमठ भू-धंसाव के बारे में विशेषज्ञ एजेंसियों की अंतिम रिपोर्ट आने तक पूर्वानुमानों और नकारात्मक टिप्पणियों से परहेज करने को कहा। उत्तराखंड भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने यहां जारी एक बयान में कहा कि स्थानीय लोगों की समस्याओं व जोशीमठ नगर में भू-धसांव के स्थाई समाधान को लेकर हम सभी प्रतिबद्ध हैं, लिहाज़ा जोशीमठ के अस्तित्व पर संकट जैसी गैरजरूरी चर्चा पर्यटन प्रदेश की छवि के लिए नुकसानदायक होगी।

जोशीमठ में भू-धसांव की आपदा सामने आने के बाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की निगरानी व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रशासनिक तंत्र प्रभावितों को सहायता पहुंचाने तथा विभिन्न एजेंसियों से आपदा की जांच कराने के दोनों मोर्चों पर युद्ध स्तर पर जुटा हुआ है। नगर का लगभग एक चौथाई हिस्सा भू-धंसाव से प्रभावित है, लेकिन छवि यह बनाई जा रही है कि जोशीमठ का अस्तित्व समाप्त होने जा रहा है। सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों पर अनुमान आधारित नकारात्मक जानकारियां प्रदेश के पर्यटन व्यवसाय के लिए नुकसानदायक साबित हो सकती हैं। इससे न सिर्फ प्रभावित लोगों बल्कि देश भर के नागरिकों के बीच भ्रम की स्थिति पैदा हो रही है जिसके दूरगामी परिणाम देवभूमि की छवि पर पड़ सकते हैं। भट्ट ने विश्वास दिलाते हुए कहा कि जैसे ही सभी एजेंसियों की सयुंक्त रिपोर्ट का अंतिम निष्कर्ष सामने आएगा, सरकार बिना समय गंवाए, स्थाई समाधान के काम मे जुट जाएगी। लिहाज़ा सभी लोगों से विशेषकर राजनीतिक पार्टियों से आग्रह है कि प्रभावितों की मदद को आगे आएं, लेकिन अपनी प्रतिक्रियाओं में भय दिखाकर आम लोगों में खौफ न फैलाएं।

# राजस्थान के कई गांवों में फ्लोराइड की वजह से लोग सह रहे दिव्यांगता का दंश

**सांभर।** दो चचेरे भाई जिनकी उम्र क्रमशः 18 और छह साल हैं, पैरों के टेढ़ेपन और विकास अवरूद्ध होने की समस्या का सामना कर रहे हैं। वे दोनों ही अकेले इस समस्या से परेशान नहीं हैं क्योंकि उनके संयुक्त परिवार में कई बच्चे और बुजुर्ग भी जोड़ों के दर्द से ग्रस्त हैं। वे जानते हैं कि इन समस्याओं की जड़ में वह पानी है जो वे पी रहे हैं लेकिन कुछ कर नहीं सकते क्योंकि दूसरा कोई विकल्प ही नहीं है। यह कहानी केवल सिंह परिवार की नहीं है बल्कि राजस्थान में स्थित भारत की सबसे बड़ी खारे पानी की झील सांभर से करीब 80 किलोमीटर दूर सांभर ब्लॉक के देवपुरा और मूंदवाड़ा गांव के अन्य परिवारों की भी है। इनमें से अधिकतर निरक्षर हैं और झील के पानी को जिम्मेदार ठहराते हुए कहते हैं कि उसने भूजल को दूषित कर दिया है जिसकी वजह से पेयजल में खारेपन और फ्लोराइड की अधिकता है।

इलाके में काम करने वाली गैर सरकारी संस्था (एनजीओ) ग्राम चेतना केंद्र के प्रमुख ओम प्रकाश शर्मा के मुताबिक जयपुर से करीब 50 किलोमीटर दूर बसे इन दो गांवों में दिव्यांगता की दर प्रति एक हजार लोगों में से 10 है जबकि राष्ट्रीय औसत प्रति एक हजार पर पांच है, इस प्रकार यह सामान्य औसत से दोगुना है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगता का सीधा संबंध इलाके में फ्लोराइड की उच्च मात्रा है औ इसकी पुष्टि अध्ययनों में भी हुई है।

दिल्ली स्थित फोर्टिस एस्कॉर्ट अस्पताल में जोड़ प्रत्यारोपण और हड्डीरोग विभाग के निदेशक डॉ. अमन दुआ बताते हैं कि अगर पानी में फ्लोराइड की मात्रा एक मिलीग्राम प्रति एक लीटर से अधिक है तो हड्डियां कमजोर होने लगती है। उन्होंने कहा, इससे हड्डियों में अंतर आने लगता है, जोड़ विकृत होने लगते हैं और इसका लक्षण खासतौर पर रीढ़ की हड्डियों में देखने को मिलता है जिससे नसों पर दबाव बढ़ सकता है और लंबे समय तक फ्लोराइड युक्त पानी का इस्तेमाल करने से पैर कमजोर हो जाते हैं। केंद्रीय भूजल बोर्ड (सीजीडब्ल्यूबी) की रिपोर्ट के मुताबिक जयपुर जिले के इन गांवों के भूजल में फ्लोराइड की मात्रा चिंता का विषय है क्योंकि सांभर ब्लॉक के कुछ स्थानों के पानी में फ्लोराइड की मात्रा 16.4 मिली ग्राम प्रति लीटर तक मिली है जबकि अनुमान्य दर एक मिलीग्राम प्रति लीटर है। वहीं सांभर झील के पानी में यह दर 2.41 मिलीग्राम प्रति लीटर है।

देवापुरा गांव में निवास कर रहे सिंह परिवार की 18 वर्षीय ललिता ने बताया कि वह जब पांच साल की थी, तभी उनकी मां ने पाया कि मैं सीधी खड़ी नहीं हो पा रही हूं, इसके बाद ही पैरों में दिव्यांगता दिखाई देने लगी और आने वाले सालों में पैरों में विकृति स्पष्ट हो गई। ललिता ने बताया कि बोलने के दौरान भी लड़खड़ाहट आने लगी। बोलने में भी मुश्किल का सामना कर रही ललिता ने बताया, डॉक्टर तय नहीं कर पा रहे थे कि मुझे क्या हुआ है। लेकिन मेरी हड्डियों और मांसपेशियों में कुछ खामी थी। उनकी मां शांति देवी ने पेयजल के लिए इस्तेमाल हो रहे पंप की ओर इशारा करते हुए कहा कि शुरु में यहां से आने वाला पानी साफ दिखता है लेकिन जल्द ही बर्तन में नमक जमने लगता है।

हमें यहां खारा पेयजल मिलता है जिसकी वजह से शरीर के अलग-अलग हिस्सों में दर्द होता है। हमारे बच्चे अलग-अलग उम्र में दिव्यांग हो रहे हैं, कुछ छह महीने में, कुछ 12 महीने में और कुछ पांच साल में। उन्होंने बताया कि सरकार ने विभिन्न स्रोतों से पानी पहुंचाने के लिए पाइपलाइन बिछाने का काम शुरू किया लेकिन वह पूरा नहीं हुआ और हमें भूजल पर ही निर्भर रहना पड़ रहा है। देवपुरा स्थित प्राथमिक स्कूल की प्रधानाचार्य साक्षी सिंह ने बताया कि स्कूल में 30 बच्चे पढ़ते हैं जिनमें से पांच से छह दिव्यांग हैं। 20 साल का सोनू व्हीलचेयर पर रहता है। उसका पूरा शरीर विकृति का शिकार है और उसके हाथ . पैर टेढ़े मेढ़े हैं। उनके किसान पिता रमेश सिंह ने कहा, हमें समझ नहीं आया कि क्या गड़बड़ हुई। विकृति धीरे-धीरे शुरू हुई और पूरे शरीर में फैल गई, हमने शहरों में डॉक्टरों को दिखाया और उन्होंने इसके लिए खारे पानी को जिम्मेदार ठहराया। एक फोटोग्राफर हरीश सिंह ने कहा कि पिछले दो दशकों में स्थिति और खराब हुई है।

# कोहली-गिल का कमाल, सिराज ने भी गिराई गाज

● भारत ने श्रीलंका का किया सफाया

● तीसरे वनडे में 317 रन से रौंदा

**टीम इंडिया का एतिहासिक जीत**

**वनडे क्रिकेट में इससे पहले रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड न्यूजीलैंड के नाम था जिसने 2008 में आयरलैंड को 290 रन से हराया था**




**भाषा।** तिरुवनंतपुरम

**शानदार फॉर्म में** चल रहे विराट कोहली और सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल के शतक के बाद मोहम्मद सिराज के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी से भारत ने तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में श्रीलंका को 317 रन से रौंदकर इतिहास की सबसे बड़ी जीत दर्ज की और साथ ही तीन मैच की श्रृंखला में 3–0 से क्लीनस्वीप किया। एकदिवसीय क्रिकेट में इससे पहले रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड न्यूजीलैंड के नाम था जिसने 2008 में आयरलैंड को 290 रन से हराया था। भारत के 391 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की टीम सिराज (32 रन पर चार), मोहम्मद शमी (20 रन पर दो विकेट) और कुलदीप यादव (16 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 22 ओवर में सिर्फ 73 रन ही बना सकी जो मेहमान टीम के इतिहास का चौथे सबसे कम स्कोर है। आशेन बंडारा चोटिल होने के कारण बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरे। भारत की श्रीलंका के खिलाफ यह 96वीं जीत है जो किसी एक टीम के खिलाफ दूसरी टीम की सर्वाधिक जीत का विश्व रिकॉर्ड है। श्रीलंका का कोई बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े को भी नहीं छू पाया। सलामी बल्लेबाज नुवानिदु फर्नांडो 19 रन के साथ टीम के शीर्ष स्कोरर रहे। कोहली ने 110 गेंद में आठ छक्कों और 13 चौकों की मदद से नाबाद 166 रन की करियर की दूसरी सर्वश्रेष्ठ पारी खेलने के अलावा गिल (116) के साथ दूसरे विकेट के लिए 131 और श्रेयस अय्यर (38) के साथ तीसरे विकेट के लिए 108 रन की साझेदारी की जिससे भारत ने पांच विकेट पर 390 रन का स्कोर खड़ा किया। कोहली ने अपना 46वां एकदिवसीय और कुल 74वां अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा जो श्रीलंका के खिलाफ उनका 10वां शतक है। उन्होंने स्वदेश में 21वें शतक के साथ घरेलू सरजमीं पर सर्वाधिक शतक के सचिन तेंदुलकर (20 शतक) के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और उसका कोई बल्लेबाज क्रीज पर टिककर नहीं खेल पाया। टीम ने 22 रन तक ही अविष्का फर्नांडो (01) और कुसाल मेंडिस (04) के विकेट गंवा दिए। सिराज ने अविष्का फर्नांडो को स्लिप में गिल जबकि मेंडिस को विकेटकीपर लोकेश राहुल के हाथों कैच कराया चरित असलंका भी एक रन बनाने के बाद मोहम्मद शमी गेंद को प्वाइंट पर अक्षर पटेल के हाथों में खेल गए। नुवानिदु इसके बाद सिराज की गेंद को विकेटों पर खेल गए जबकि इस तेज गेंदबाज ने वानिंदु हसरंगा (01) को बोल्ड करके श्रीलंका का स्कोर 10वें ओवर में पांच विकेट पर 37 रन किया। सिराज ने अपने अगले ओवर में चमिका करूणात्ने को (01) को रन आउट किया जबकि कुलदीप यादव ने कप्तान दासुन शनाका (11) को बोल्ड करके श्रीलंका को सातवां झटका दिया। वांडरसे के कनकशन (सिर में चोट लगना) सब्सटीट्यूट के रूप में उतरे दुनिथ वेलालागे भी तीन रन बनाने के बाद शमी की गेंद पर कुलदीप को कैच दे बैठे। भारतीय पारी के 43वें ओवर में विराट कोहली के चौके को रोकने के लिए आशेन बंडारा डीप स्क्वेयर लेग से और वांडरसे डीप मिडविकेट से दौड़े और टकरा गए। कुलदीप ने कुमारा (09) को बोल्ड करके श्रीलंका की पारी का अंत किया। इससे पहले कोहली की पारी की बदौलत भारत अंतिम 11 ओवर में 126 रन जुटाने में सफल रहा। श्रीलंका की ओर से लाहिरू कुमारा और कासुन रजिता ने दो–दो विकेट चटकाए लेकिन इस दौरान क्रमशः 87 और 81 रन लुटाए। रोहित (42) ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया ।

### स्कोरबोर्ड

**भारत:** रोहित का अविष्का फर्नांडो बो करूणारत्ने 42,गिल बो रजिता 116,कोहली नाबाद 166, अय्यर का स्थानापन्न बो कुमारा 38,राहुल का स्थानापन्न बो कुमारा 07,सूर्यकुमार का अविष्का फर्नांडो बो रजिता 04,पटेल नाबाद 02,अतिरिक्तः 15,कुल:50 ओवर मे पांच विकेट पर: 390 रन, **विकेट पतन:** 1-95, 2-226, 3-334, 4-364, 5-370,**गेंदबाजी:**रजिता 10-1-81-2,कुमारा 10-1-87-2,हसरंगा 10-0-54-0,वांडरसे 7-0-59-0, करूणारत्ने 8-0-58-1,शनाका 3-0-19-0,नुवानिदु 2-0-22-0

**श्रीलंका:**फर्नांडो का गिल बो सिराज 01,नुवानिदु बो सिराज 19, मेंडिस का राहुल बो सिराज 04 ,असलंका का अक्षर बो शमी 01,शनाका बो कुलदीप 11, हसरंगा बो सिराज 01,करूणात्ने रन आउट 01,वेलालागे का कुलदीप बो शमी 03, रजिता नाबाद 13, कुमारा बो कुलदीप 09, बंडारा एब्सेंट हर्ट ,अतिरिक्तः 10,कुल: 22 ओवर में सभी विकेट खोकर: 73 रन ,**विकेट पतन:** 1-7, 2-22, 3-31, 4-35, 5-37, 6-39, 7-50, 8-51, 9-73,**गेंदबाजी:**शमी 6-2-20-2 ,सिराज 10-1-32-4,कुलदीप 5-1-16-2,अय्यर1-0-2-0

# विश्व कप से पहले सिराज का फॉर्म भारत के लिए अच्छा संकेत, विराट और रोहित ने कहा

**भाषा।** तिरूवनंतपुरम



**सीनियर खिलाड़ियों** विराट कोहली और रोहित शर्मा का मानना है कि तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज का शानदार फॉर्म इस साल के आखिरी में होने वाले वनडे विश्व कप से पहले भारत के लिए अच्छा संकेत है। जसप्रीत बुमराह की गैर मौजूदगी में सिराज पिछले एक साल से वनडे में भारत के सबसे सफल गेंदबाज रहे हैं। कोहली ने श्रीलंका के खिलाफ तीसरा और आखिरी वनडे जीतने के बाद कहा , मोहम्मद शमी तो हैं ही लेकिन जिस तरह से सिराज खेल रहे हैं और नई गेंद से गेंदबाजी कर रहे हैं, वह शानदार है। उसने पावरप्ले में सबसे ज्यादा विकेट लिए हैं जो पहले एक मसला था। वह हमेशा बल्लेबाजों को सोचने पर मजबूर करता है। कप्तान रोहित शर्मा ने कहा , सिराज की गेंदबाज देखकर अच्छा लगा। वह अपार प्रतिभाशाली है और पिछले कुछ साल से बहुत अच्छा खेल रहा है। भारत ने श्रीलंका को श्रृंखला में 3–0 से हराया। रोहित ने कहा , यह अच्छी श्रृंखला थी। हमने अच्छी गेंदबाजी की , विकेट लिए और बल्लेबाजों ने रन भी बनाए।

### पंत की जगह किशन टेस्ट में हो सकते दावेदार: अजहर

**अबुधाबी।** भारत के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए ऋषभ पंत की गैरमौजूदगी मे विकेटकीपर बल्लेबाज के लिए इशान किशन बेहतर विकल्प हो सकते है। यूएई मे इंटरनेशनल लीग टी 20 में कमेंटेटर की भूमिका निभा रहे अजहर ने पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार में कहा कि पंत के साथ जो हुआ वह बेहद ही दुखद है। टेस्ट टीम मे उनकी जगह को भरना मुश्किल है लेकिन आक्रामक शैली की बल्लेबाजी के कारण किशन टीम में जगह के मजबूत दावेदार है। पंत दिसंबर के आखिरी सप्ताह में दिल्ली से रुड़की जाते समय कार दुर्घटना मे बुरी तरह से घायल हो गए थे।

### दीपिका तीरंदाजी ट्रायल में शीर्ष 16 में

**कोलकाता।** मां बनने के एक महीने बाद वापसी करने वाली तीन बार की ओलंपियन दीपिका कुमारी ने एशियाई खेल, विश्व चैम्पियनशिप और विश्व कप के लिए पहले ओपन चयन ट्रायल मे नौवे स्थान पर रहकर शीर्ष 16 मे जगह बना ली। दीपिका ने महिलाओं के रिकर्व वर्ग मे 70 मीटर की दूरी से आठ दौर मे 2880 मे से 2597 अंक बनाए। पिछले साल से भारतीय टीम से बाहर दीपिका के पति अतनु दास पुरूषो के रिकर्व वर्ग मे 2749 अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहे।

### अपनी स्पीड और वैरिएशन पर काम किया: लक्ष्य सेन

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने नए सत्र के लिए खुद को तैयार करने के लिए अपनी स्पीड और वैरिएशन पर काम किया है जिसमें उनकी निगाहे एशियाई और यूरोपीय सर्किट पर खिताब जीतकर जल्द से जल्द पेरिस ओलंपिक के लिए स्थान पक्का करने पर लगी है। सेन ने 2022 की शुरूआत इंडिया ओपन में अपने पहले सुपर 500 खिताब से की और फिर आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप में रजत पदक जीतने के अलावा राष्ट्रमंडल खेलो में स्वर्ण पदक जीता।

### मुंबई इंडियन्स अमीरात ने पर शारजाह वॉरियर्स को हराया

**अबु धाबी।** मोहम्मद वसीम की 71 रन की आक्रामक पारी के साथ वेस्टइंडीज की निकोलस पूरन, कीरोन पोलार्ड और ड्वेन ब्रावो की तिकड़ी की तेज तर्रार बल्लेबाजी के दम पर मुंबई इंडियन्स अमीरात ने इंटरनेशनल लीग टी20 (आईएलटी20) मे शनिवार को यहां शारजाह वॉरियर्स को 49 रन से हराकर टूर्नामेंट मे अपने अभियान का शानदार आगाज किया। मुंबई इंडियन्स अमीरात ने 20 ओवर मे पांच विकेट पर 204 रन का स्कोर खड़ा करने के बाद शारजाह वॉरियर्स को नौ विकेट पर 155 रन पर रोक दिया। मुंबई इंडियन्स अमीरात के स्थानीय खिलाड़ी वसीम ने पारी का आगाज करते हुए 39 गेंद मे पांच चौके और इतने ही छक्के जड़े। पूरन ने 30 गेंद मे चार छक्के और दो चौके की मदद से 49 जबकि कप्तान पोलार्ड ने 13 गेंद मे नाबाद 22 और ब्रावो ने 10 गेंद मे नाबाद 20 रन का योगदान दिया।

### इथियोपिया के लेमी, हेमानोट ने मुंबई मैराथन में कोर्स रिकॉर्ड बनाया

**मुंबई।** इथियोपिया के हायले लेमी और आंचलेम हेमानोट ने रविवार को यहां मुंबई मैराथन मे क्रमशः पुरूष और महिला वर्ग मे नया कोर्स रिकॉर्ड बनाते हुए 45,000 डॉलर की पुरस्कार राशि के अलावा 15,000 डॉलर का बोनस भी हासिल किया। ओलंपियन गोपी टी घरेलू एलीट मैराथन धावको मे 2:16:41 सेकेंड के समय से शीर्ष पर रहे। 2017 मे एशियाई मैराथन चैम्पियनशिप जीतने वाले पहले भारतीय पुरूष गोपी कुल 10वे स्थान पर रहे। उनके बाद मान सिंह उनसे 17 सेकेंड पीछे रहे और फिर कालीदास हिरावे भारतीयो मे तीसरे नंबर पर आए।

### कमिंस के लिए भारत श्रृंखला कड़ी परीक्षा होगी : बॉर्डर

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर एलेन बॉर्डर पैट कमिंस की कप्तानी से काफी प्रभावित है लेकिन उन्होंने कहा कि भारत के खिलाफ आगामी चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला उनके लिए असली कड़ी परीक्षा होगी। आस्ट्रेलिया नौ फरवरी से जामथा मे टेस्ट से श्रृंखला शुरू करेगा और उसकी निगाहें 19 साल मे पहली बार भारत मे श्रृंखला अपने नाम करने पर लगी होगी।

# भारत ने इंग्लैंड से गोलरहित ड्रॉ खेला

● विश्व कप हॉकी : टीम क्वार्टर फाइनल में सीधे प्रवेश की दौड़ में

**भाषा।** राउरकेला



**भारत ने** एफआईएच पुरूष हॉकी विश्व कप में रविवार को इंग्लैंड से गोलरहित ड्रॉ खेला हालांकि टीम क्वार्टर फाइनल में सीधे प्रवेश की दौड़ में बनी हुई है। खचाखच भरे बिरसा मुंडा स्टेडियम में पूल डी के कांटे के मैच में दोनों टीमें कई मौके मिलने के बावजूद उसे भुना नहीं सकी।

इंग्लैंड को मैच में आठ और भारत को चार पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन मेजबान टीम का पेनल्टी कॉर्नर डिफेंस जबर्दस्त था। अब इंग्लैंड और भारत के दो मैचों में चार चार अंक है और ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली टीम सीधे क्वार्टर फाइनल में जाएगी। भारत को आखिरी लीग मैच में 19 जनवरी को वेल्स से खेलना है जबकि इंग्लैंड का सामना स्पेन से होगा। दोनों टीमों के अगर समान अंक रहे तो बेहतर गोल औसत वाली टीम अंतिम आठ में जाएगी। इंग्लैंड का गोल औसत अभी प्लस पांच है जिसने पहले मैच में वेल्स को 5- 0 से हराया था जबकि भारत ने स्पेन को 2 -0 से मात दी थी। पहले क्वार्टर में इंग्लैंड का दबदबा रहा जिसे पांच पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन भारत ने जबर्दस्त बचाव किया। भारत को पहला पेनल्टी कॉर्नर मनदीप सिंह ने दिलाया लेकिन कप्तान हरमनप्रीत सिंह उस पर गोल नहीं कर सके। दूसरे क्वार्टर में वालास जाचारी इंग्लैंड को मिले छठे पेनल्टी कॉर्नर पर गोल नहीं कर सके। इसके तुरंत बाद इंग्लैंड को सातवां पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे अमित रोहिदास ने रोक दिया। भारत को तीसरा पेनल्टी कॉर्नर हरमनप्रीत ने दिलाया और चौथा भी उसके तुरंत बाद मिला। पहले पर हरमनप्रीत चूके तो दूसरे पर वरूण कुमार गोल नहीं कर सके। इंग्लैंड को 37वें मिनट में बढत मिल जाती लेकिन डेविड कोंडोन का शॉट बाहर से निकल गया। इंग्लैंड के सैम वार्ड भी रिवर्स शॉट पर गोल करने के करीब पहुंचे थे जब उनके सामने गोलकीपर पी आर श्रीजेश अकेले थे लेकिन शॉट वाइड चला गया। आखिरी कुछ मिनट तक भारत को दस खिलाड़ियों के साथ ही खेलना पड़ा जब हार्दिक सिंह चोट के कारण मैदान से बाहर चले गए। इसके बावजूद इंग्लैंड टीम कोई गोल नहीं कर सकी और आखिरी मिनट में उसे मिला पेनल्टी कॉर्नर बेकार गया। दूसरे पूल मैच में स्पेन ने वेल्स को 5 .। से हराया।

## स्पेन ने वेल्स को 5-1 से हराकर खाता खोला




**राउरकेला।** मार्क रेयना और मार्क मिरालेस के दो-दो गोल की मदद से स्पेन ने रविवार को यहां एफआईएच पुरूष हॉकी विश्व कप के पूल डी मे वेल्स को 5-1 से हराकर पहली जीत दर्ज की। रेयना ने 16वे और 38वे मिनट मे मैदानी गोल दागे जबकि मिरालेस ने 32वे और 56वे मिनट मे गोल किए। कप्तान अल्वारो इग्लेसियास (22वे मिनट) ने भी स्पेन की ओर से एक गोल किया। वेल्स की ओर से एकमात्र गोल 52वे मिनट मे जेम्स कार्सन ने किया। स्पेन की टूर्नामेंट मे यह पहली जीत है जबकि वेल्स को लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा। स्पेन को टूर्नामेंट के अपने पहले मैच मे भारत के खिलाफ 0-2 से शिकस्त झेलनी पड़ी थी जबकि वेल्स को इंग्लैड ने 0-5 से हराया था। स्पेन की टीम पूल के अपने अंतिम मैच मे 19 जनवरी को भुवनेश्वर मे इंग्लैड से भिड़ेगी जबकि वेल्स का सामना भारत से होगा।

### भारत को पेनल्टी कॉर्नर का फायदा उठाना होगा: टिर्की

**राउरकेला।** हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने रविवार को कहा कि भारत 48 साल के अंतराल के बाद इस बार विश्व कप मे पदक जीत सकता है लेकिन इसके लिए मेजबान टीम को पेनल्टी कॉर्नर का फायदा उठाना होगा। भारत ने 1975 के टूर्नामेंट मे स्वर्ण जीतने के बाद से विश्व कप मे पदक नही जीता है लेकिन अपने समय के बेहतरीन डिफेंडर मे से एक और पूर्व कप्तान टिर्की ने कहा कि ग्राहम रीड के मार्गदर्शन मे भारत स्वदेश मे चल रहे इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट मे पोडियम पर जगह बना सकती है। टिर्की ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार मे कहा, हमने इस बार भारतीय टीम को पदक जीतने के लिए मैदान मे उतारा है। हम चाहते है कि भारत पदक तालिका मे जगह बनाए। वे इस समय काफी अच्छा खेल रहे है। लेकिन आधुनिक हॉकी बहुत बदल गई है। पेनल्टी कॉर्नर बहुत महत्वपूर्ण हो गए है। जब आप पेनल्टी कॉर्नर का फायदा उठाते हो तो ज्यादातर समय टीम जीतती है।

हमारे पास बहुत अच्छे ड्रैगफ्लिकर है और मुझे उम्मीद है कि वे टूर्नामेंट मे अच्छा प्रदर्शन करेंगे और भारत के लिए पदक जीतेंगे। भारत के लिए सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय मुकाबले (412 मैच) खेलने वाले टिर्की ने कहा, (कप्तान) हरमनप्रीत सिंह ड्रैगफ्लिकर के रूप मे देश के लिए बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे है। वह हालांकि स्पेन के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नही कर पाए। इसलिए हम उम्मीद करते है कि भारत पेनल्टी कॉर्नर मे अच्छा प्रदर्शन करेगा। यह

# अश्विन का शमी को समर्थन

## पूछा-मांकडिंग को लेकर इतनी हिचकिचाहट क्यो

**भाषा।** नई दिल्ली



भारत के स्टार ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि यह देखना हैरानी भरा है कि आउट करने के मार्कंडिंग के तरीके को लेकर इतनी आपत्तियां हैं और उन्होंने पूछा कि गेंदबाजों से हमेशा इतना अलग व्यवहार क्यों किया जाता है। अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने 10 जनवरी को गुवाहाटी में शुरूआती वनडे के दौरान दासुन शनाका को नॉन स्ट्राइकर छोर पर रन आउट की कोशिश की जब यह बल्लेबाज क्रीज छोड़कर आगे बढ़ गया था। हालांकि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने हस्तक्षेप किया और शमी की अपील को वापस ले लिया जिससे शनाका अपना शतक पूरा करने में सफल रहे क्योंकि अपील के समय पर 98 रन पर थे। अश्विन इस तरीके से आउट करने के मुखर समर्थक हैं और शनिवार को उन्होंने शमी का समर्थन करते हुए कहा कि यह अंपायर का काम है कि बल्लेबाज को आउट घोषित करें। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, निश्चित रूप से शमी द्वारा रन आउट करना, जब शनाका 98 रन पर थे तो शमी ने उन्हें नॉन स्ट्राइकर छोर पर रन आउट कर दिया था और इसकी अपील भी की थी। रोहित ने वो अपील वापस ले ली। इसके तुरंत बाद इतने सारे लोगों ने इस बारे में ट्वीट किया। मैं हमेशा एक ही बार दोहराता रहूंगा। खेल की स्थिति कोई मायने नहीं रखती। यह आउट करने का वैध तरीका है। मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस के दौरान रोहित ने कहा कि उन्होंने शनाका के खिलाफ यह अपील इसलिए वापस ली थी क्योंकि श्रीलंकाई कप्तान 98 रन पर थे। शनाका बाद में 108 रन बनाकर नाबाद रहे और श्रीलंकाई टीम 67 रन से मैच हार गई। अगर आप पगबाधा अपील या फिर विकेट के पीछे कैच आउट की अपील करते हो, कोई भी कप्तान से नहीं पूछता कि वे इस अपील के बारे में निश्चित हैं या नहीं। अगर गेंदबाज अपील करता है तो वे उसे आउट दे देंगे और बात खत्म। देखिए अगर एक भी क्षेत्ररक्षक अपील करता है, तो यह अंपायर का कर्तव्य है कि वे खिलाड़ी को आउट करें, अगर वह आउट है तो। इसलिए मुझे इस तरीके (मांकड्गि) से आउट करने को लेकर जो इतनी सारी हिचकिचाहट हैं, उसे देखकर हैरानी होती है। लेकिन आउट करने का पूरा तरीका, इस पर निर्भर करता है कि गेंदबाज क्या करता है, ठीक है ना। इसलिए आउट करने का तरीका या अपील करना या फिर फैसला करना, गेंदबाज पर ही निर्भर है ना। कई सारे मैचों में एक बल्लेबाज बल्ला छुआ देता है और अंपायर के फैसले का इंतजार किए बिना ही पवेलियन लौटने लगता है। उस समय पर, बल्लेबाजी टीम का कप्तान नहीं आता और पूछता, तुम किसकी अनुमति से क्रीज छोड़कर पवेलियन की ओर चल दिए ? क्या तुम टीम को भूल गए।

### ओस के असर को कम करने के लिए वनडे विश्व कप मैच 11:30 बजे शुरू हों

**नई दिल्ली।** भारत के सीनियर स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को लगता है कि इस साल के अंत मे घरेलू मैदान में होने वाले वनडे विश्व कप के मैच दिन के शुरूआती हिस्से में (सुबह 11:30 बजे) मे आरंभ हो जाने चाहिए ताकि ओस के असर को कम किया जा सके। उपमहाद्वीप मे ओस के कारण मैच प्रभावित होते रहे है जिससे लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम को अनुचित फायदा मिल जाता है। ओस की संभावना के चलते टॉस जीतने वाला कप्तान क्षेत्ररक्षण का फैसला करता है। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, विश्व कप के लिए मेरा सुझाव या फिर मेरी राय होगी कि देखिए हम किस जगह पर खेल रहे है और किस समय खेल रहे है। हमें विश्व कप के दौरान मैच सुबह साढ़े 11 बजे क्यों नही शुरू कर देने चाहिए? भारत मे दिन-रात्रि वनडे दोपहर1:30 बजे शुरू होते है और करीब रात नौ बजे के बाद तक खत्म होते है।

### भारत–श्रीलंका श्रृंखला में कम दर्शकों के पहुंचने पर युवराज ने पूछा, क्या वनडे क्रिकेट खत्म हो रहा है?



**तिरुवनंतपुरम।** भारत और श्रीलंका के बीच यहां रविवार को तीसरे और अंतिम वनडे मे दर्शको की कम संख्या ने 50 ओवर के प्रारूप की प्रासंगिकता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए है और पूर्व स्टार युवराज सिंह ने भी इस पर चिंता व्यक्त की। हालांकि भारत ने श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला मे पहले ही 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है जिससे तीसरा वनडे के परिणाम का सीरीज के नतीजे पर असर नही पड़ेगा। पर भारत को इस साल के अंत मे वनडे विश्व कप की मेजबानी करनी है और ग्रीनफील्ड अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम मे इतनी संख्या मे दर्शको की गैर मौजूदगी देखने मे अच्छी नही लगी। भारत की 2011 विश्व कप वजेता टीम के नायक युवराज ने ट्विटर पर तब पूछा जब शुभमन गिल विराट कोहली (नाबाद 166 रन) के साथ अपना शतक पूरा कर चुके थे। उन्होंने कहा, लेकिन मुझे चिंता इस बात की है कि आधा स्टेडियम खाली है? क्या वनडे क्रिकेट खत्म हो रहा है? वही स्टेडियम मे इससे पहले हुआ एकमात्र वनडे - 2018 मे भारत और वेस्टइंडीज के बीच हुआ बारिश से प्रभावित मैच दर्शको से खचाखच भरा थ।

# फिटनेस साबित करने को रणजी में वापसी को तैयार जडेजा



## आस्ट्रेलिया श्रृंखला से पहले होंगे फिट

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय आल** राउंडर रविंद्र जडेजा 24 जनवरी से चेन्नई में तमिलनाडु के खिलाफ शुरू होने वाले सौराष्ट्र के रणजी ट्राफी फाइनल राउंड में वापसी के लिए तैयार हैं। वह घुटने (दाएं पैर के) की सर्जरी कराने के लिए पिछले साल सितंबर में एशिया कप से हट गए थे। जडेजा (34 वर्ष) इस समय राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैबिलिटेशन की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं और उन्हें नौ फरवरी से नागपुर में आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली चार मैचों की श्रृंखला के पहले दो टेस्ट के लिए 17 सदस्ईय टीम में चुना गया है। हालांकि उनकी उपलब्धता उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगी और जडेजा के फिट होने पर फैसला चार दिवसीय रणजी ट्राफी मैच के दौरान ही लिए जाने की संभावना है। सौराष्ट्र क्रिकेट संघ (एससीए) अध्यक्ष जयदेव शाह ने पीटीआई से कहा, अच्छा होगा, अगर वह सौराष्ट्र के लिए खेलता है। शायद वह खेलेगा, लेकिन मुझे इसके बारे में और जानकारी नहीं है। जडेजा ने 31 अगस्त को एशिया कप में हांगकांग के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के बाद कोई प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है। इससे पहले उनका प्रथम श्रेणी मैच पिछले साल जुलाई में इंग्लैंड के खिलाफ एजबेस्टन में एकमात्र टेस्ट मैच था। जडेजा ने इस हफ्ते के शुरू में गेंदबाजी और बल्लेबाजी करना शुरू कर दिया था क्योंकि वह एनसीए में अपना रिहैबिलिटेशन खत्म करने की ओर हैं।

# मेधांश बने आईआईएलएम शतरंज चैंपियन



**लखनऊ।** एक्सीलिया स्कूल लखनऊ के मेधांश सक्सेना ने प्रथम आईआईएल–एम अंतरराष्ट्रीय ओपन शतरंज टूर्नामेंट में सर्वाधिक 6.5 अंक हासिल करते हुए ख़िताब जीत लिया। मेधांश से आधे अंक से पिछड़े आंचल रस्तोगी, पृथ्वी सिंह, आरिफ अली और अभिषेक कुमार मिश्रा ने संयुक्त रूप से दूसरा स्थान साझा किया। समापन समारोह में आईआईएलएम एकेडमी ऑफ हायर लर्निंग की निदेशक प्रो डॉ. नायला रुश्दी ने माताओं को प्रोत्साहित करने के लिए अपने खिलाड़ी बच्चों के साथ आगे आने और साथ ही खेलने के लिए एक विशेष पुरस्कार भी दिया। इसमें बेस्ट चेस मॉम का पुरस्कार नेहा जैन ने जीता और दूसरे स्थान पर अनुपमा खरे रहीं।

अन्य पुरस्कार विजेता : वेटरन 60 साल से अधिक प्रथम सईद अहमद, द्वितीय मुनीर अहमद, तृतीय यूबी सिंह, अंडर–9. प्रथम मोहम्मद इस्माइल सिद्दीकी, द्वितीय अग्रथ मिश्रा, तृतीय अक्षत श्रीवास्तव व कृदय जैन टाइब्रेक में, अंडर–13 प्रथम रू लक्ष्य निगम, द्वितीय शुभ श्रीवास्तव तृतीय आरोही यादव, शुभ चंद्र और आर्यव योगेश टाइब्रेक में, अंडर–15 प्रथम , अनिरु द्विवेदी, द्वितीय प्रबल पांडे, तृतीय अभिस्थ खरे और राफे सिंह हबीबुल्लाह टाइब्रेक में ,सर्वश्रेष्ठ स्कूलरू प्रथम : लामार्टिनियर कॉलेजए द्वितीय , आर्मी पब्लिक स्कूल नेहरू रोड, तृतीय कुंसकैपकोलन, सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयरू. प्रथम रू लखनऊ विश्वविद्यालयए द्वितीय रू आईआईएलएम लखनऊए तृतीय रू श्री राम स्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय

### जायंट की जीत से शुरुआत

**लखनऊ।** 2023। मंडल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार की कप्तानी में जनरल जायंट ने आइडियल अंतर विभागीय टी.20 क्रिकेट लीग में मेडिकल हीरोज को 3 विकेट से पराजित कर अपने अभियान की जीत से शुरुआत की । पूर्वोत्तर रेलवेए लखनऊ मंडल क्रीड़ा संघ के तत्वाधान में ऐशबाग रेलवे स्टेडियम में आयोजित लीग के रविवार को खेले गए पहले मुकाबले में जनरल जायंट के कप्तान आदित्य कुमार ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का फैसला किया। मेडिकल हीरोज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 114 रन का स्कोर बनाया। सलामी बल्लेबाज डालू राम बिना खाता खोले पवैलियन लौट गए जबकि दूसरे सलामी बल्लेबाज डाण्चारू ने 28 रन बनाये। रामकेश गोस्वामी ने सर्वाधिक 36 रन व मुकेश कुमार ने 21 रन का योगदान दिया। जनरल जायंट्स के कप्तान आदित्य कुमार ने धारदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए विपक्षी बल्लेबाजों को बड़ा स्कोर बनाने से रोक दिया। उन्होंने 3 ओवर में एक मैडन के साथ नौ रन देकर एक विकेट हासिल किया।

# रुशिल, शक्ति व अरुंधति ने जीता राज्य स्तरीय टेनिस खिताब



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी के उन्नाद टेनिस अकादमीए आशियाना में चल रही उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन-यूपीटीए राज्यस्तरीय टेनिस प्रतियोगिता के अंतिम दिन हुए मुकाबलों में मेंस वर्ग में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रुशिल खोसला ने खिताब जीत लिया। इसके अलावा जूनियर वर्ग में अंडर 18 और अंडर 16 बालिक वर्ग में शक्ति मिश्रा और अरुंधति ने भी चैंपियनशिप पर कब्जा जमा लिया। मेंस वर्ग का फाइनल अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों रुशिल खोसला और कमलेश शुक्ला के बीच खेला गया। मैच के दौरान नस खिंच जाने से कमलेश शुक्ला ने मैच बीच में ही छोड़ दिया। जिस समय कमलेश शुक्ला ने मैच छोड़ उस समय रुशिल खोसला 3.0 से आगे थे। इसी तरह अंडर 16 बालिका वर्ग में अरुंधती सिंह डागुर ने आयरा को 6.3 से सीधे सेटों में पराजित कर दिया। एक अन्य जूनियर फाइनल यानी अंडर 18 में शक्ति मिश्रा ने एकतरफा मुकाबले में सासा कटियार को 6.3 से हरा कर खित पर कब्जा जमा लिया।प्रतियोगिता के आखिरी दिन उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव खेल नवनीत सहगल ने भी प्रतियोगिता स्थल पर पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर विजेता खिलाड़ियों को यूपीटीए सचिव पुनीत ने सम्मानित किया।